सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 20 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 20, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## चांदी पहुंची तीन लाख के पार, सोना भी रिकॉर्ड स्तर पर

चांदी की कीमत 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई। } 14

## काम के अधिकार को मजबूत करेगा नया अधिनियम

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी पर विकसित भारत-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा। } 16

## इंजीनियर की मौत मामले में सीएम सख्त

❍ जांच के लिए एसआईटी गठित ❍ हटाये गये नोएडा प्राधिकरण के सीईओ



नोएडा के इसी तालाब में गिरी थी इंजीनियर की कार (इनसेट) मृतक युवराज मेहता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में एक साफ्टवेयर इंजीनियर की शुक्रवार को पानी में डूबकर हुई मौत के मामले की पड़ताल के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को तीन सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया। ग्रेटर नोएडा में एक साफ्टवेयर इंजीनियर की हादसे में मौत को लेकर उठ रहे सवालों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को आईएएस अफसर लोकेश एम. को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य अधिशासी अधिकारी के पद से हटा दिया और उनका फिलहाल कोई पदस्थापन नहीं किया गया है। एक शासकीय आदेश के मुताबिक लोकेश एम. को नोएडा प्राधिकरण के मुख्य अधिशासी अधिकारी के पद से हटा दिया गया है। उनका फिलहाल कोई पदस्थापन नहीं किया गया है। लोकेश एम. को हटाने का सरकारी आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गत शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में एक हादसे में हुई मौत की जांच के लिये एक विशेष टीम गठित करने के हुक्म ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बच्चों से जुड़ाव ने सीएम योगी के प्रति समाज का भरोसा बढ़ाया

स्कूल में एडमिशन हो या मकान पर कब्जे की बहाली, समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं मुख्यमंत्री







### बेघर सीमा को सीएम ने दिया न्याय का भरोसा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी की समस्या सुनी और निराकरण के लिए अफसरों को निर्देश दिया। इस दौरान लखनऊ निवासी महिला सीमा ने मुख्यमंत्री से आर्थिक विपन्नता का जिक्र किया और पति की ओर से घर से ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सख्त, अनुशासन प्रिय, अपराध-अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई कराने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी स्नेहिल मुस्कान से बच्चों के बीच कुछ अलग ही नजर आते हैं। उनके सामने बच्चे भी बेहिचक अपनी पसंदीदा चीजों की मांग करते हैं और उनसे घुल-मिल जाते हैं। बच्चों के साथ झलकता सीएम योगी का बालप्रेम उनके कोमल हृदय और सर्वसुलभ होने का प्रमाण भी प्रस्तुत करता है। बच्चों से जुड़ाव ने सीएम योगी के प्रति समाज का भरोसा बढ़ाया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बच्चों व जरूरतमंदों से कनेक्ट होना उनकी सख्त छवि वाले व्यक्तित्व के मानवीय पहलू को प्रदर्शित करता है। यह यूपी की 25 करोड़ जनता में सीएम योगी के प्रति भरोसा कायम करता है। योगी का यह भावनात्मक रिश्ता उन्हें समाज के हर वर्ग से जोड़ता है। जनता दर्शन में सोमवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नितिन नवीन निर्विरोध चुने गये भाजपा अध्यक्ष

पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह व नितिन गडकरी ने रखा उम्मीदवारी का प्रस्ताव







एजेंसी

नयी दिल्ली। नितिन नवीन का भारतीय जनता पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय है, क्योंकि वह पार्टी के शीर्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में एकमात्र उम्मीदवार हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण ने सोमवार को यह घोषणा की।

एक बयान में उन्होंने कहा कि नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद बनाने के पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट दाखिल किए गए और सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नवीन की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखने वालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी प्रस्ताव रखने वालों में शामिल हैं। लक्ष्मण ने कहा कि कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को अपराह्न दो बजे से चार बजे के बीच पूरी हो गई। उन्होंने एक बयान में कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के पक्ष में कुल 37 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जांच करने पर सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए और वैध पाए गए। लक्ष्मण ने कहा, अब, नाम वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी के रूप में, मैं यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नाम, नितिन नवीन का नाम, प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया 36 राज्यों में से 30 राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद शुरू की गई, जो कि न्यूनतम 50 प्रतिशत राज्यों का चुनाव पूरा करने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विधायिका पर विश्वास मजबूत करने की जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी व जन प्रतिनिधियों पर : बिरला



विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी सदनों पर जनता के विश्वास को और मजबूत करने की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के सामने और प्रामाणिकता के साथ अधिक जवाबदेह बनाने की जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की है। बिरला ने यहां आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हालांकि नवाचार के जरिये विधानसभाओं की कार्यवाही जनता तक पहुंचाने के लिये उसका सीधा प्रसारण और डिजिटलीकरण कर दिया है लेकिन अब भी बहुत सी चुनौतियां हैं जिनका समाधान निकालना पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम किस तरीके से राज्यों की विधानसभाओं को जनता के लिये और प्रामाणिक बनाएं, इसकी सबसे अधिक जिम्मेदारी विधानमंडल के अध्यक्षों की है और हमारे जनप्रतिनिधियों की भी है। हम अलग-अलग राजनीतिक दलों से जीत कर आते ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### एटा में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या

एटा (उप्र)। एटा जिला मुख्यालय के कोतवाली नगर क्षेत्र में सोमवार को कथित रूप से हमला करके एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत चार सदस्यों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के सुनहरी नगर नगला प्रेमी मोहल्ले में अज्ञात हत्यारों ने एक घर में घुसकर तीन महिलाओं समेत चार लोगों को ईंटों से कुचलकर मार डाला। वैसे यह घटना कब और कैसे हुई, इसका रहस्य बना हुआ है। बाद में मौके पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ जमा हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान गंगा सिंह, उनकी पत्नी श्यामा देवी उनकी पुत्रवधू रत्ना, उनकी बेटी ज्योति तथा के रूप में हुई है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 11.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ गंदगी फैलाने पर किंग चाट समेत दो दुकानों का चालान (पृष्ठ-02)
❍ नगर निगम ने की कार्रवाई, 15 हजार जुमार्ना वसूला (पृष्ठ-02)
❍ सेंसेक्स में आयी 324 अंकों की गिरावट (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 14 पैसे टूटकर 90.92 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-16)
❍ पांच लाख टन गेहूं का आटा निर्यात करेगी सरकार (पृष्ठ-16)

## आईसीसी ने दी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को चेतावनी

वर्ल्डकप में भागीदारी पर 21 तक लें फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किये जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के एक सूत्र ने कहा, बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिये कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जायेगा। सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जायेगी। टूर्नामेंट का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत और यूएई के बीच हुए कई अहम समझौते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने की व्यापक वार्ता



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की अगवानी की। ये इस बात का संकेत है कि भारत अल नाह्यान की यात्रा को कितना महत्व देता है।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, अल नाह्यान राष्ट्रीय राजधानी में दो घंटे से भी कम समय तक रहेंगे। यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट, यमन को लेकर सऊदी अरब और यूएई के बीच बढ़ते तनाव और गाजा में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य के कारण उत्पन्न स्थिति के बीच हो रही है। अल नाह्यान और मोदी जल्द ही व्यापक वार्ता करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, रक्षा उद्योग सहयोग और ऊर्जा पहल पर वार्ता होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा होने की संभावना है। सत्ता संभालने के बाद से नाह्यान की यह भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा है, जबकि गत 10 वर्षों में यह उनकी पांचवीं यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को अपने गृह राज्य गुजरात से संबंधित एक नक्काशीदार लकड़ी का झूला और एक पश्मीना शॉल भेंट किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोदी ने यहां लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर अल नाह्यान और उनकी माता शेख फातिमा बिन्त मुबारक अल कतबी का स्वागत किया।

मोदी और अल नाह्यान प्रधानमंत्री आवास में गेंदे के फूलों से सजी दीवार के सामने रखे गए पारंपरिक और हाथ से नक्काशी किए गए लकड़ी के झूले पर बैठे। नक्काशीदार लकड़ी का झूला अधिकतर गुजराती परिवारों के घरों का एक अभिन्न अंग है। अधिकारियों ने कहा गुजराती संस्कृति में, झूला एकजुटता, संवाद और पीढ़ियों के बीच बंधन का प्रतीक है। यह उपहार यूएई द्वारा 2026 को परिवार वर्ष घोषित करने के साथ भी गहराई से मेल खाता है। मोदी ने अल नाह्यान को तेलंगाना में बने एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** जाड़े से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने राजधानी लखनऊ में जगह–जगह जलवाये अलाव, लोगों को मिली राहत

# अलाव जलवाने की व्यवस्था में नहीं आने देंगे कोई कमी : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की । इससे लोगों को बड़ी राहत मिली। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिरों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापे। सोमवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते दिखे। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय













पहल का मुक्तकंठ से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव उन्हें सर्दी से जूझने की ताकत देता है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा अलाव जलवाए जा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने सोमवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# दावोस में यूपी ने 9,750 करोड़ के किये करार

## उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा, एआई और रक्षा विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा, दावोस में हुए समझौते

- स्वच्छ ऊर्जा, एआई और रक्षा क्षेत्र को मिली नयी रफ्तार
- वैश्विक साझेदारियों के जरिए उत्तर प्रदेश को फ्यूचर-रेडी निवेश हब बनाने में इन्वेस्ट यूपी की अहम भूमिका

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दावोस में 9,750 करोड़ रुपये के एमओयू के साथ उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रक्षा विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की मजबूत संभावनाएं दिखाई हैं। प्रमुख समझौतों में सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ 8,000 करोड़ रुपये के वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट, सिफी टेक्नोलॉजीज के साथ 1,600 करोड़ रुपये के एआई-रेडी डेटा सेंटर और नोएडा में अक सिटी विकसित करने का समझौता, तथा योमन के साथ 150 करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण और वेपन सिस्टम इंटीग्रेशन के लिए साझेदारी शामिल है। ये सहयोग राज्य के सतत विकास, तकनीक-सक्षम प्रशासन, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधिमंडल, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में, विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक दावोस की शुरूआत वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करने और रणनीतिक निवेश सुनिश्चित करने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ कर रहा है। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी के समन्वय में प्रतिनिधिमंडल ने उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लिया और महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारत के सबसे फ्यूचर-रेडी निवेश गंतव्यों में उत्तर प्रदेश की स्थिति और सशक्त हुई है।

स्वच्छ और सतत ऊर्जा की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार ने सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ 8,000 करोड़ रुपये का करार किया है। इसके तहत राज्य में 500 मेगावाट क्षमता वाले कृषि अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। समझौते के अनुसार, सेल लगभग 20 बायोमास पावर प्लांट लगाएगी, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 25 मेगावाट होगी। ये संयंत्र मुख्य रूप से धान उत्पादन वाले 16 चिन्हित जिलों में स्थापित किए जाएंगे। इन प्लांटों में पराली/धान के अवशेष जैसी कृषि अपशिष्ट सामग्री का उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जाएगा। इससे नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पराली प्रबंधन की चुनौती के समाधान में भी मदद मिलेगी।



राज्य के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सिफी टेक्नोलॉजीज के साथ 1,600 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू किया है। नैस्डैक में सूचीबद्ध वैश्विक डिजिटल सेवा प्रदाता साइफी ने नोएडा में एआई-रेडी, रिन्यूएबल एनर्जी आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है, जिसमें उन्नत एयर-कूलिंग तकनीक के माध्यम से पानी की खपत को काफी हद तक कम किया जाएगा। प्रस्ताव में इस सुविधा के आसपास ह्लएआई सिटीह्व विकसित करने की योजना भी शामिल है।

कंपनी 5 एकड़ भूमि की संभावनाएं तलाश रही है तथा गूगल और मेटा जैसे वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर्स के साथ सहयोग और स्टारलिंक कनेक्टिविटी के एकीकरण पर भी विचार कर रही है। साथ ही साइफी ने कृषि-तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में एआई आधारित समाधान लागू करने पर चर्चा की, जो उत्तर प्रदेश के तकनीक-आधारित विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

प्रदेश सरकार ने योमन के साथ 150 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू किया है, जो वेपन सिस्टम इंटीग्रेशन और विनिर्माण से संबंधित है। साथ ही यह रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण में उत्तर प्रदेश की बढ़ती भूमिका को और सुदृढ़ करेगी। ये करार स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल नवाचार और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में प्रभावी सहयोग विकसित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की केंद्रित और दूरदर्शी रणनीति को दर्शाते हैं। मजबूत नीतिगत समर्थन, तेजी से बेहतर होते बुनियादी ढांचे और इन्वेस्ट यूपी की सक्रिय सुविधा व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश लगातार वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रहा है, जो भारत की विकास यात्रा में साझेदारी के लिए उत्सुक हैं।

## निजी स्कूलों में दाखिले के लिए 2 फरवरी से शुरू होंगे आवेदन

- आरटीई के तहत प्रवेश के लिए शासन ने जारी किया आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन 2 फरवरी से शुरू होंगे। इसके लिए सोमवार को तीन चरणों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार दो माह देरी से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष 1 दिसंबर से ही आवेदन शुरू हो गये थे। चार चरण में आवेदन लिए गए थे। इस बारे में राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से सभी जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षक अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया गया है। आवेदन के लिए आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के अलावा दिव्यांग प्रमाण पत्र (जिसके लिए लागू हो) जैसे दस्तावेज लगेंगे।

**तीन चरणों में पूरी होगी प्रवेश प्रक्रिया :** पहले चरण में आवेदन प्रक्रिया 2 फरवरी से 16 फरवरी तक चलेगी। आवेदन के साथ सत्यापन भी होगा। इसके लिए 18 फरवरी को लाटरी निकाली जाएगी। 20 फरवरी को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। दूसरे चरण में आवेदन 21 फरवरी से 7 मार्च तक होंगे। लाटरी 9 मार्च को निकलेगी। 11 मार्च को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। तीसरे चरण के आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च तक लिए जाएंगे। लाटरी 27 मार्च को निकलेगी। 29 मार्च को स्कूल आवंटित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन के इच्छुक अभिभावक आधिकारिक वेबसाइट https://rte25.upsdc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# उप्र में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जरी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर हैं। हत्या, लूट, चोरी, डकैती, बलात्कार की घटनाएं हर दिन हो रही है। हर विभाग और हर कार्य में लूट मची है। भाजपा सरकार अपराध और भ्रष्टाचार को रोकने में पूरी तरह से विफल है। कानून व्यवस्था, अपराध, भ्रष्टाचार पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो है। सीतापुर में सेवानिवृत लेखपाल के घर परिवार को बंधक बनाकर 17 लाख की डकैती हो गयी। अम्बेडकरनगर जिले में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित गांधी आश्रम में दिनदहाड़े एक महिला की गला रेता कर हत्या कर दी गई।



एटा जिले में सोमवार को एक ही परिवार के चार लोगों की दिन दहाड़े निर्मम हत्या हो गयी। मुख्यमंत्री और पूरी भाजपा सरकार झूठे आंकड़े और झूठे दावों से सच्चाई को छुपाना चाहते हैं। अपराधियों को संरक्षण और उनके कारनामों में साझेदारी भाजपाइयों और पुलिस की असली कहानी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के रहते न अपराध रुक सकता है और न भ्रष्टाचार। क्योंकि भाजपाई अपराधियों, भ्रष्टाचारियों से मिले हुए हैं। अपराधी भाजपाइयों और पुलिस के द्वारा संरक्षित हैं। महिलाओं के साथ अपराध की घटनाओं और साइबर अपराध में उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर है। इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार हुआ। कई जिलों में पानी की टंकियां टूट कर ध्वस्त हो गयी। चित्रकूट में कोशागार में 43 करोड़ से ज्यादा का घोटाला हुआ। गोण्डा में यूपी को-ऑपरेटिव बैंक में 21 करोड़ से ज्यादा रुपए का घोटाला हुआ। मां-गंगा की सफाई में बजट का बड़े पैमाने पर बंदरबांट हुआ। कोडीन कफ सिरप का मामला देशव्यापी है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आयी चौतरफा भ्रष्टाचार, घोटाला और सरकारी बजट की लूट चल रही है।

# प्रदेश के युवाओं को विदेश में भी मिल रहे रोजगार के अवसर

- अब तक 6 हजार निर्माण श्रमिक इजराइल भेजे गए, करीब 1300 श्रमिक प्रशिक्षण के बाद होंगे रवाना
- 2,600 निर्माण श्रमिकों की टेस्टिंग प्रक्रिया प्रगति पर, विदेश में उपलब्ध कराया जायेगा रोजगार
- जर्मनी, जापान, इजराइल और यूएई से मिल रहीं केयरिंग व नर्सिंग से जुड़ी नौकरियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं, श्रमिकों को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की ओर से विदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसर उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रभावी ढंग से शुरू की गई है। सरकार की इस पहल से न केवल युवाओं को रोजगार मिल रहा है, बल्कि उनके कौशल को वैश्विक पहचान भी मिल रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एम.के. शनमुगा सुंदरम ने बताया कि जनवरी से मार्च 2024 के दौरान सेवायोजन विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों की टेस्टिंग, प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें इजराइल भेजने की प्रक्रिया संचालित की गई। इस योजना के तहत अब तक लगभग 5,978 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा जा चुका है, जहां वे बेहतर वेतन और सुरक्षित माहौल में कार्य कर रहे हैं। यह प्रदेश के श्रमिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में 1,336 निर्माण श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद इजराइल भेजने की कार्यवाही प्रगति पर है। इसके अलावा 2,600 निर्माण श्रमिकों की टेस्टिंग प्रक्रिया चल रही है, जिन्हें आवश्यक मानकों पर खरा उतरने के बाद विदेश में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि आने वाले समय में और अधिक युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने का अवसर मिलेगा।

सरकार के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह है कि श्रम एवं सेवायोजन विभाग को जर्मनी, जापान, इजराइल और यूएई जैसे देशों से भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इन देशों में विशेष रूप से केयरिंग और नर्सिंग सेक्टर में रिक्तियां सामने आई हैं, जिससे प्रदेश के प्रशिक्षित युवाओं के लिए नए द्वार खुल रहे हैं। इसी क्रम में 26-28 अगस्त, 2025 को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ में कुल 16,212 युवाओं का चयन किया गया, जिनमें से 1,612 युवाओं को विदेश में रोजगार के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त 14-15 अक्टूबर, 2025 को जनपद गोरखपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्लेसमेंट इवेंट के माध्यम से 279 अभ्यर्थियों का विदेश में रोजगार हेतु चयन हुआ। वहीं 09-10 दिसंबर, 2025 को वाराणसी में आयोजित काशी सांसद रोजगार महाकुंभ के जरिए 8,054 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# एआई लेड इनोवेशन एंड कैपेसिटी बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस से एआई नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

- कान्फ्रेंस में देश और दुनिया की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनियां करेंगी शिरकत
- माइक्रोसॉफ्ट, एचसीएल, गूगल और इंटेल जैसी वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्रदेश में एआई आधारित नवाचार और फ्यूचर स्किल्स को बढ़ावा देने के लिए एआई लेड इनोवेशन एंड कैपेसिटी बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने जा रही है। यह कान्फ्रेंस आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस की ओर से 20 जनवरी को होटल सेंट्रम में होगी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल स्किल्स और फ्यूचर स्किल्स के क्षेत्र में नवाचार, क्षमता निर्माण और रोजगारपरक कौशल पर मंथन किया जाएगा।

प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने बताया कि कान्फ्रेंस का उद्देश्य प्रदेश में एआई आधारित बढ़ावा देना, युवाओं और सरकारी अधिकारियों की डिजिटल क्षमता को सशक्त बनाना तथा उद्योग-सरकार-शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। कार्यक्रम में देश और दुनिया की अग्रणी टेक्नोलॉजी कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि अनुभव और समाधान साझा करेंगे।

सम्मेलन के पहले सत्र में भारत सरकार के भाषिणी प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें बहुभाषी डिजिटल सशक्तिकरण और नागरिक सेवाओं में भाषा प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा होगी। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, एचसीएल, गूगल, वाधवानी फाउंडेशन और इंटेल जैसी वैश्विक कंपनियां एआई, स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल इकोसिस्टम और इंडस्ट्री रेडी टैलेंट पर अपने-अपने विचार और केस स्टडी प्रस्तुत करेंगी। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विशेष सचिव नेहा जैन ने बताया कि दोपहर के सत्र में प्रदेश की आईटी नीति, स्टार्टअप इकोसिस्टम और युवाओं के लिए अवसरों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का नासकॉम के फ्यूचर स्किल्स प्राइम कार्यक्रम पर प्रस्तुति और सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस व नासकॉम के बीच एमओयू साइनिंग होगा।

यह करार प्रदेश के युवाओं को उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित करने, उद्योग-उपयोगी स्किल्स विकसित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा सिफी टेक्नोलॉजीज और कोसेर्रा जैसी संस्थाएं एआई, क्लाउड, ओपन-सोर्स, डिजिटल लर्निंग और वैश्विक स्किल प्लेटफॉर्म्स पर प्रस्तुतियां देंगी। सम्मेलन के अंतिम चरण में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा एआई प्रज्ञा पहल पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, जो प्रदेश में एआई साक्षरता और क्षमता निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# ग्रीन हाइड्रोजन में टेक्नोलॉजी लीडर बन रहा यूपी

- 50 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता से हाई एंड रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा
- ग्रीन हाइड्रोजन स्टार्टअप्स को 5 वर्षों तक 25 लाख रुपये की सालाना फंडिंग
- रिसर्च व स्टार्टअप्स से ग्रीन जॉब्स और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में यूपी की बढ़त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए एक्शन प्लान पर काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रीन हाइड्रोजन पालिसी के अंतर्गत शोध (रिसर्च), नवाचार (इनोवेशन) और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नयी धार देने जा रही है। इस रणनीति के तहत प्रदेश में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जायेंगे और ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़े स्टार्टअप्स को 05 सालों तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रीन हाइड्रोजन की लागत घटाकर उत्तर प्रदेश को देश की ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का प्रमुख केंद्र बनाया जाए।

योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जाएंगे, जिनका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग से जुड़ी तकनीक विकसित करना और लागत को न्यूनतम करना है। दोनों सेंटर देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्थापित किए जाएंगे। इसमें होने वाले शोध कार्यों का उद्देश्य प्रत्यक्ष रूप से इंडस्ट्री की मांग और आवश्यकताओं के अनुरूप दक्षता विकसित करना होगा। सरकार की ओर से इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक की सौ प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे अत्याधुनिक लैब और परीक्षण सुविधाएं विकसित की जा सकें।

वर्ष 2070 तक देश को नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश बड़ी और प्रभावी भूमिका निभाने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी का निर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ाता जा रहा है। गोरखपुर जिले में प्रदेश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है।

अनुमान है कि इस प्लांट के माध्यम से 500 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इसके अलावा ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश में कई योजनाएं पाइपलाइन में हैं। इसी सोच के साथ ग्रीन हाइड्रोजन नीति में स्टार्टअप्स के लिए भी बड़ा प्रोत्साहन रखा गया है। उन्हें 5 साल तक, हर साल अधिकतम 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। शर्त यह है कि ये स्टार्टअप्स किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान के इनक्यूबेटर से जुड़े हों। इससे जहां एक ओर युवाओं को शोध आधारित उद्यमिता का अवसर मिलेगा, वहीं उद्योग को नई तकनीक सुलभ होंगी।

# राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के दूसरे चरण की शुरुआत

- प्रथम चरण की सफलता के बाद युवाओं में उत्साह
- पहले चरण में 18 मंडलों के 451 युवाओं ने दिखाया उत्कृष्ट कौशल, अब दूसरे दौर में 391 प्रतिभागी मैदान में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का दूसरा चरण सोमवार से लखनऊ में प्रारंभ हो गया है, जो 20 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में प्रदेश के सभी 18 मंडलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 391 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।



इससे पूर्व प्रतियोगिता का प्रथम चरण 13 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, जिसमें प्रदेश के 18 मंडलों से आए 451 युवाओं ने सहभागिता की थी। प्रथम चरण में लखनऊ स्थित 09 प्रमुख संस्थानों की 16 आधुनिक कार्यशालाओं में इलेक्ट्रानिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी टर्निंग, वेल्डिंग, सीएनसी मिलिंग, ईयूए एडिटिव मैन्युफैक्चेरिंग सहित 06 प्रमुख स्किल्स में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। प्रतिभागियों ने वर्ल्ड स्किल्स मानकों के अनुरूप अपनी तकनीकी दक्षता, नवाचार और व्यावहारिक समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे प्रतियोगिता के प्रति युवाओं का उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे चरण के पहले दिन प्रतिभागियों ने लखनऊ स्थित गवर्नमेंट आईटीआई अलीगंज, आईटीओटी अलीगंज, गवर्नमेंट महिला आईटीआई (वर्ल्ड बैंक) अलीगंज तथा गवर्नमेंट आईटीआई चारबाग में आयोजित आठ कार्यशालाओं में ओरिएंटेशन सत्रों में भाग लिया। इस चरण में ऑटो बॉडी रिपेयर, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजीज, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट जैसे उन्नत और भविष्यपरक कौशलों को शामिल किया गया है।

ओरिएंटेशन सत्रों के दौरान विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतियोगिता के प्रारूप, मूल्यांकन मानदंडों एवं नवीनतम तकनीकी अपडेट की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने इन सत्रों को मुख्य प्रतियोगिता की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मुख्य कौशल प्रतियोगिताएं 20 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होंगी। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की विशेष निर्णायक समितियों का गठन किया गया है।

# यूसीसी ने विवाह पंजीकरण से लेकर नागरिक अधिकारों तक को बनाया सहज

- 27 जनवरी को यूसीसी कानून लागू होने का एक वर्ष होगा पूर्ण, प्रदेश भर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सम्पूर्ण देश में डिजिटल गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। यूसीसी लागू होने के एक वर्ष में विवाह पंजीकरण से लेकर नागरिक अधिकारों तक व्यवस्था को आमजन के लिए सहज बनाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आगामी 27 जनवरी को राज्य में यूसीसी लागू होने के ऐतिहासिक अध्याय के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून का मूल उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार देना, बच्चों के हितों की रक्षा करना और समाज में सभी नागरिकों के लिए समान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके साथ-साथ इस कानून ने जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाकर आम लोगों के लिए व्यवस्था को कहीं अधिक सहज बना दिया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यूसीसी कानून का मूल उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार देना, बच्चों के हितों की रक्षा करना और समाज में सभी नागरिकों के लिए समान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके साथ-साथ इस कानून ने जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाकर आम लोगों के लिए व्यवस्था को कहीं अधिक सहज बना दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बीते एक वर्ष में यूसीसी के सभी प्रावधानों को पूरी पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और सरल प्रक्रियाओं के साथ लागू किया गया, जिससे आम नागरिकों का भरोसा लगातार मजबूत हुआ है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से यूसीसी के अंतर्गत पंजीकरण करा रहे हैं।

यूसीसी लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया लगभग पूरी तरह ऑनलाइन हो गई है। अब पति-पत्नी को विवाह पंजीकरण के लिए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय जाने की अनिवार्यता नहीं रही। दंपत्ति और गवाह कहीं से भी डिजिटल माध्यम से दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और वीडियो के जरिए अपना बयान दर्ज कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यूसीसी से पूर्व उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2010 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण ऑफलाइन किया जाता था, जिसमें पति-पत्नी को दो गवाहों के साथ नियत तिथि पर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना आवश्यक था। साथ ही, उस समय पंजीकरण की कोई निश्चित समय-सीमा भी निर्धारित नहीं थी। यूसीसी लागू होने के बाद अब तक राज्य में कुल 4,74,447 विवाह पंजीकरण संपन्न हो चुके हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन लगभग 1400 विवाह पंजीकरण हो रहे हैं, जबकि पूर्व व्यवस्था में यह संख्या मात्र 67 प्रतिदिन थी। यह अंतर यूसीसी के प्रति जनता की बढ़ती स्वीकृति और विश्वास को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

यूसीसी के अंतर्गत विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन करने के बाद प्रमाणपत्र जारी करने की अधिकतम समय-सीमा 15 दिन निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि में 316 नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से विवाह विच्छेद का प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। वहीं 68 लोगों ने लिव-इन रिलेशनशिप के पंजीकरण तथा 2 लोगों ने लिव-इन रिलेशनशिप समाप्ति से संबंधित प्रमाणपत्र भी डिजिटल प्रणाली के माध्यम से हासिल किए हैं।

# इजराइल में साइबर टेक्नोलॉजी समझायेंगे यूपी के सुपर कॉप

- प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर होगा फोकस
- साइबर सिक्योरिटी बिजनेस के लिए भारत में संभावनाएं तलाशेंगे दुनिया भर के वैज्ञानिक
- अमेरिका, यूरोप, एशिया से 20 देशों के साइबर एक्सपर्ट्स जुटेंगे सम्मेलन में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा मंचों में शुमार 'साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026' में इस बार भारत और विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश की साइबर ताकत पूरी दुनिया के सामने होगी। 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव, इजराइल में आयोजित होने जा रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूपी के साइबर सिंघम वैश्विक मंच पर भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता, तकनीक व अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में भारत से दो दिग्गज चीफ मेंटर के रूप में शामिल हो रहे हैं। इनमें भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर और उत्तर प्रदेश से एशिया के साइबर कॉप कहे जाने वाले प्रो. त्रिवेणी सिंह शामिल हैं। दोनों विशेषज्ञ दुनिया के शीर्ष साइबर वैज्ञानिकों व नीति निमार्ताओं के समक्ष साइबर सुरक्षा की बारीकियां और अपनाई जा रही तकनीक को प्रस्तुत करेंगे। तेल अवीव में होने जा रहे इस वैश्विक जमावड़े में अमेरिका, जापान, स्पेन, इटली, इंग्लैंड, जर्मनी, साइप्रस, स्कॉटलैंड, वेल्स व उत्तरी आयरलैंड, रोमानिया, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, बेल्जियम, लातविया, नीदरलैंड, अल्बानिया, उरुग्वे, हंगरी समेत अन्य देशों के दिग्गज जुटेंगे।

उत्तर प्रदेश में साइबर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एआई व साइबर सिक्योरिटी को प्रशासनिक तथा शैक्षणिक ढांचे का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्क वेब, साइबर अपराध और आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में प्रो. त्रिवेणी सिंह जागरूकता के लिए 'साइबर सेफ उत्तर प्रदेश' अभियान चला रहे हैं। अब इजराइल में 20 से अधिक देशों के बीच वह यूपी में साइबर सिक्योरिटी को लेकर किए जा रहे इनोवेटिव उपायों की जानकारी देंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर चर्चा करेंगे।

प्रो. त्रिवेणी सिंह अपने 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर बताएंगे कि किस तरह उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और टेक्नोलॉजी आधारित अपराधों से निपटने के लिए मजबूत सिस्टम खड़ा किया है।

वहीं, माधवन उन्नीकृष्णन नायर भारत के राष्ट्रीय साइबर फ्रेमवर्क और नीति अनुभव को वैश्विक मंच पर साझा करेंगे। सम्मेलन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान भारत और दुनिया के अन्य 20 देशों के बीच साइबर सिक्योरिटी सहयोग, टेक्नोलॉजी साझेदारी और साइबर बिजनेस की संभावनाओं पर भी व्यापक मंथन होगा। सम्मेलन में अमेरिका से यूरोप और एशिया तक के साइबर एक्सपर्ट्स का जमावड़ा रहेगा। यह सम्मेलन भारत की साइबर शक्ति को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ देश को भविष्य का ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी हब बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। इसमें भारत के लिए नए अवसर, साइबर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और बिजनेस संभावनाओं पर विशेष तौर पर चर्चा की जाएगी।

संक्षेप

## नेशनल हाइवे पर जाम को लेकर पुलिस ने कसा शिकंजा, केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुलिस द्वारा मारपीट की घटना में केस दर्ज होने पर ग्रामीणों द्वारा लालगंज कोतवाली गेट का घेराव करने को लेकर पुलिस ने शिकंजा कसा है। थाने के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी की तहरीर पर करीब पन्द्रह बीस अज्ञात पुरूष व महिलाओं के खिलाफ सड़क जाम को लेकर केस दर्ज हुआ है। दरोगा ने तहरीर में कहा है कि वह सत्रह जनवरी को बाजार में फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। तभी सूचना मिली कि पन्द्रह से बीस पुरूष व महिलाएं कोतवाली गेट के सामने नेशनल हाइवे पर जाम लगाकर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची फोर्स ने नाराज ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया तो यह लोग गालीगलौज पर उतर आये। दरोगा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। बतादें लालगंज थाने के दौलतपुर अमांवा में दो पक्षों में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इससे नाराज ग्रामीणों ने कोतवाली गेट के सामने हंगामा खड़ा किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सड़क बाधित करने को लेकर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## नकदी समेत जेवरात चोरी को लेकर दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के डगरारा निवासी बाबूलाल तिवारी पुत्र रमाकांत ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जनवरी की रात बदमाशों ने उसके घर में चोरी की घटना अंजाम दी। बदमाशों ने घर के अंदर बेड में रखे पांच हजार नकद व महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण उड़ा लिये। वहीं पड़ोस के उमेशचंद्र तिवारी पुत्र रामअभिलाष त्रिपाठी के घर भी कपड़े व जेवरात के साथ बदमाशों ने पचीस हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## धमकी व गालीगलौज को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। फोन पर आरोपी द्वारा पीड़ित को गाली देने के मामले में लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। बाजार निवासी जय कौशल पुत्र विजय कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस दिसंबर को उसके घर के सामने उसके बेटे से कोतवाली के दीवानी वार्ड निवासी रवीन्द्र कुमार द्वारा साजिशन विवाद किया गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी पर कार्रवाई नही हुई। इसी मामले को लेकर सत्रह जनवरी की रात कोतवाली के बेलहा निवासी शिकारी सिंह द्वारा उसे फोन करके धमकी व गालियां दी गयी। पीड़ित का कहना है कि वह इस घटना से डरा सहमा हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिकारी सिंह के खिलाफ गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने को लेकर गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। किशोरी को बहला फुसलाकर भगाए जाने को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह जनवरी को दिन में तीन बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री साइकिल से लालगंज बाजार में कपड़ा खरीदने निकली। देर रात तक उसकी नाबालिग बेटी घर वापस नही आयी। खोजबीन करने पर अठारह जनवरी को दिन में उसकी बेटी लालगंज कोतवाली के खालसा चौराहे पर गांव के आरोपी नीरज सरोज पुत्र राजू के साथ दिखी। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ जबरिया रात गुजारी और परिजनों को धमकाया कि वह अब नाबालिग के साथ ही रहेगा। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी नीरज के साथी अजय वर्मा पुत्र श्रीपाल निवासी पूरे पहलवान पूरे वंशी किशोरी को भगाने में साजिशकर्ता है। तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज हुआ है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# इटवा थाने का औचक निरीक्षण

## डीआईजी बस्ती ने संबंधित को दिये आवश्यक दिशा- निर्देश



जिला संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। गत सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने इटवा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण डीआईजी बस्ती ने इंटवा थाना कार्यालय के, मालखाना, साइबर हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, बंदीगृह, थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया गया, व थाना कार्यालय के अभिलेखों का भी निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने, कार्यालय/थाना परिसर की साफ सफाई प्रतिदिन कराने व लंबित विवेचनाओं/एहकामातों के समयबद्ध निस्तारण तथा थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती, लावारिस आदि वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन के तहत कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने ग्राम चौकीदारों से संवाद स्थापित करते हुए उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का बोध कराया गया, साथ ही क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने एवं समय पर सूचनाओं से अवगत कराने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया तथा शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम चौकीदारों को डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने कंबल वितरित किया गया। डीआईजी बस्ती के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा रविन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ व पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड पर पिछड़े विभागों पर सख्ती



सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए पिछड़े विभागों पर सख्त रुख अपनाया गया। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन, छात्रवृत्ति, पीएम कुसुम और फसल अवशेष प्रबंधन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने को कहा गया। पीएम सूर्य घर योजना में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बिजली व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए। विद्युत विभाग को निर्धारित समय में खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों को हटाने के आदेश दिए गए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंकों का निर्माण समय से पूर्ण कर टेस्टिंग के बाद जलापूर्ति शुरू कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही टैप कनेक्शन पूर्ण कराने और पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने को कहा गया। लोक निर्माण विभाग को सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। सीएमआईएस पोर्टल पर लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्हें उपयोग प्रमाण पत्र भेजकर अगली किश्त की मांग समय से करने को कहा गया।

## ज्ञानप्रकाश को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चयनित किये जाने पर जतायी गयी खुशी



प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में क्षेत्र के पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी को मण्डल अध्यक्ष चयनित किये जाने पर यहां प्रसन्नता जतायी गयी है। महासंघ की घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इस बार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। वह महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी भी हैं। इधर निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी को प्रोन्नत कर प्रयागराज मण्डल में महासंघ के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। सोमवार को जिले के पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष चयनित किये जाने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकारों व प्रबुद्धजनों ने प्रसन्नता जतायी है। चयन के लिए महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया के प्रति महासंघ की लालगंज तहसील इकाई के पदाधिकारियों ने आभार भी जताया है।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों ने की नारेबाजी, हुआ विरोध प्रदर्शन




सुल्तानपुर। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर सोमवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा पहुंची। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में पहुंची सुरक्षा यात्रा का स्थानीय वकीलों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराए जाने की मांग को लेकर वकीलों ने हुंकार भरी। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि विभिन्न जनपदों में इस समय अधिवक्ताओं पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। उन्होने कहा कि सरकार संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराये वर्ना उनका एसोसिएसन संसद का घेराव करेगा। आम सभा की अध्यक्षता सुल्तानपुर बार एसोसिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष बिलाल अहमद ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता रवीन्द्र मिश्र, सिराज अहमद, अंकुर वर्मा, प्रणव प्रकाश मिश्रा, कामतानाथ पाण्डेय, आईपी मिश्रा, जनार्दन प्रसाद तिवारी, सियाराम तिवारी, समाजसेवी सत्य नारायण दुबे, पंकज शुक्ला आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। उसका बाजार थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। सोमवार को पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया और एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया। दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया है। यह मामला 15 दिसंबर 2025 को उसका बाजार थाने में दर्ज किया गया था। घटना सामने आने के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। नाबालिग पीड़िता से जुड़े इस संवेदनशील मामले की जांच पुलिस ने गंभीरता से तेज कर दी थी। पुलिस को 19 जनवरी 2026, सोमवार को सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अपने गांव में मौजूद है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विजेंद्र पुत्र मिठाई, निवासी ग्राम महुलानी, थाना उसका बाजार, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। मामले में शामिल एक अन्य नाबालिग आरोपी को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, जिसमें घटना से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ की जा रही है। पीड़िता की पहचान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उसे न्याय मिल सके। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उप निरीक्षक जनार्दन यादव और उप निरीक्षक रजवंत सिंह शामिल थे। इनके साथ मुख्य आरक्षी नौमीनाथ यादव और हरेंद्र कुमार ने भी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने पूरी सतर्कता के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जा रहा है, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## श्रावस्ती में नयी रेलवे लाइन हेतु भूमि अधिग्रहण सूचना जारी

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण/सामान्य) पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा जनपद श्रावस्ती में खलीलाबादझबहराइच नई रेलवे लाइन निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से संबंधित रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20(ड) के अंतर्गत अधिसूचना भारत के राजपत्र में दिनांक 09 जुलाई 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार तहसील भिनगा के ग्राम एकघरवा, पिपरहवा, विशुनपुर रामनगर, लखाही बेनीनगर, बैरागीजोत, रेहली विशुनपुर, चकवा, लक्ष्मनपुर इटवरिया, पूरेखैरी, खैरीकलां, गलकटवा, पटना खरगौरा, जरकुसहा तथा खजुहा झुनझुनिया की भूमि उक्त प्रस्तावित रेलवे लाइन से प्रभावित है। एतद्वारा संबंधित ग्रामों के प्रभावित भूखण्डों के हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया गया है कि वे दिनांक 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11.00 बजे सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) श्रावस्ती के कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर भिनगा में उपस्थित होकर अपना दावा (क्लेम) प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनी जनसमस्याएं दिया निर्देश



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान मारपीट, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद सहित अन्य प्रकार के मामलों से संबंधित प्रकरण सामने आए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दर्शन के माध्यम से आमजन और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे विश्वास की भावना सुदृढ़ हो रही है तथा त्वरित न्याय की अवधारणा को बल मिल रहा है। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

# दिव्यांग मतदाता पंजीकरण बढ़ाने पर प्रशासन का जोर



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजन मतदाताओं के पंजीकरण में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन प्रतिनिधियों एवं दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थाओं से अपील की कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र दिव्यांगजनों के वोटर कार्ड बनवाने में सक्रिय सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। बैठक में संस्था सदभावना, गिफ्ट एबल्ड एवं गुलिस्तां के संचालकों ने दिव्यांगजनों के नवीन मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी दिव्यांगजन को नवीन पंजीकरण अथवा वर्तमान में चल रही एस0आई0आर0 प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वह संबंधित तहसील के अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा कार्यालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, विकास भवन, कक्ष संख्याझ19 में संपर्क कर सकता है। बैठक में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, संस्था सदभावना, गिफ्ट एबल्ड एवं गुलिस्तां के संचालक, दिव्यांगजन प्रवीण कुमार, मो0 हनीफ, लल्लू सहित निर्वाचन कार्यालय एवं दिव्यांगजन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों के साथ किया गोष्ठी, दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने ग्राम प्रहरियों के साथ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में साइबर अपराध, क्षेत्र में सतत निगरानी तथा संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों अथवा आपराधिक घटनाओं की सूचना देने इत्यादि विषय पर गोष्ठी किया गया। उनकी समस्याओं को सुन कर निराकरण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। गत 19.01.2026 को ग्राम प्रहरियों के साथ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में साइबर अपराध, क्षेत्र में सतत निगरानी तथा संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों अथवा आपराधिक घटनाओं की सूचना देने इत्यादि विषय पर गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुन कर निराकरण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ग्राम चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम चौकीदार पुलिस एवं जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांव स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों अथवा आपराधिक घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए तथा ग्राम प्रहरीगण से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा निराकरण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।

## निरीक्षक संजय सिंह बने उपाधीक्षक, एसपी ने दी शुभकामनाएं



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती पुलिस में कार्यरत निरीक्षक (गोपनीय/आशुलिपिक शाखा) संजय सिंह को पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय/आशुलिपिक) पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पदचिह्न लगाकर उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी की मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल होती है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत गौरव का विषय है, बल्कि पूरे पुलिस विभाग की कार्यसंस्कृति, अनुशासन और कार्यकुशलता को भी प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने पदोन्नत उपाधीक्षक को नई जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहते हुए निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उनके कार्यक्षेत्र से संबंधित जानकारी भी ली और निरंतर परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। पदोन्नति कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनेंगे प्रशासन - जनता के सशक्त सेतु



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भिनगा एवं इकौना क्षेत्र के नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा संगठन आपदा, आपातकाल एवं युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यह संगठन जिला प्रशासन और आमजन के बीच सेतु बनकर कार्य करेगा तथा संकट की घड़ी में नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए सजग एवं प्रशिक्षित रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को नियमित प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि आगामी 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉकड्रिल में सभी स्वयंसेवक सक्रिय रूप से प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि यह मॉकड्रिल पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी, जिससे आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा जा सके। बैठक में उपजिलाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एसएसपी डा 0 अभिषेक महाजन ने सुनी जन फरियाद

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन ने ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों की सुनवाई किया गया, गत सोमवार 19.01.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप व जनहित के मद्देनजर सम्बन्धित फरियादियों के समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा 0 अभिषेक महाजन ने प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर अवगत कराएं जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 जी०पी० कपूर | भूखण्ड सं०-16 | महानगर विस्तार | 30.11.2009 | श्री दीपक कपूर एवं श्रीमती राशि कपूर पुत्र/पुत्री स्व० जी०पी० कपूर | - | पुत्र/पुत्री |
| 2. | राधा रमन गुप्ता | भवन सं०-E-314 सेक्टर-एम-1 | कानपुर रोड | 13.03.2024 | सीमा गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता दिव्यांश गुप्ता, गौरी गुप्ता | - | पत्नी, पुत्र, पुत्र, पुत्री |
| 3. | श्री संजय कुमार दास | भवन सं०- डी०एस० / 895, सेक्टर-डी | कानपुर रोड योजना | 13.04.2001 | श्री अभिषेक दास | श्री तरूण कुमार दास | मृतक का पुत्र |
| 4. | स्व० एस०के० गर्ग | भवन सं०- 3/341 | विश्वास खण्ड गोमती नगर | 25.09.2021 | श्रीमती अरूणा गर्ग (पुत्री) | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | पुत्री |
| 5. | स्व० बचानी देवी | भूखण्ड सं०- ए-1/218 | विशेष खण्ड गोमती नगर | 26.05.2022 | श्री कोमल राम (भाई) | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर | भाई |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# कठिन मेहनत करने पर सफलता चूमेगी कदम : बृजभूषण शरण

## अखिल भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष के लिए किया गया सम्मान समारोह का आयोजन





चौरीचौरा, गोरखपुर। अखिल भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के चौरीचौरा आगमन पर जे बी महाजन डिग्री कालेज परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परिसर में पहुंचते ही विद्यालय के प्रबंधक ईश्वर चंद जायसवाल के नेतृत्व में फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा कैंसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि चौरीचौरा से हमारी पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। चार वर्षों का समय क्षात्र जीवन में मैंने यहीं पर बिताया था। यहां के लोगों से काफी गहरा लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा की जनता जब भी हमें याद करेगी, हम सदैव सेवा के लिए तैयार रहेंगे।

उन्होंने अपनी पुरानी यादों की वृहद रूप से चर्चा करते हुए तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जो कुछ हासिल करना चाहेगा, वह अवश्य हासिल कर लेगा। बशर्ते उसके अंदर लगन होनी चाहिए।

संबोधन के पहले उन्होने सर्वप्रथम विद्यालय के भूतपूर्व प्रबन्धक स्व. भगवानदास जायसवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद अपने शैक्षिक जीवन में निवास करने वाले आवास पहुंचे। तथा अपने पुराने चिरपरिचित आवास को देखने के बाद अपने शैक्षणिक जीवन को याद करते हुए सम्मान समारोह स्थल पर पहुंचे। जहां उनका क्षेत्र के तमाम लोगों ने पूर्व प्रमुख संघ अध्यक्ष ईश्वर चंद्र जायसवाल के नेतृत्व में फूल मालाओं से स्वागत किया तथा सम्मानित किया। उन्होने पुराने साथियों को पाकर प्रसन्नता व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों ने भी अपने बीच उन्हें पाकर प्रसन्नता व्यक्त किया।

उक्त अवसर पर उप प्रबंधक विशाल जायसवाल, शक्ति जायसवाल, मोहम्मद युनुस, विश्वकर्मा द्विवेदी, विनोद कुमार जायसवाल, धन्नजय सिंह, सरदार सिंह, राधारमण तिवारी, रामनवल सिंह, रामवृक्ष, अमरजीत यादव, हरेन्द्र सिंह, हरिगोविन्द तिवारी, दिलीप सिंह, दुर्गा सिहं, संजय

वर्मा, ओमनारायण, जोखू यादव, साबिर आलम, मार्कण्डेय यादव, अजय सिंह, उपेन्द्र सिंह, महताब आलम, गंगा यादव, पन्नेलाल यादव, मुन्ना कुमार भूज, रामकरन राजभर, मोहित जायसवाल, पौरुष कुमार, अज ?य पासवान व हरिशंकर सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

## राजू गुप्ता ने किया एसएच इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स का उद्घाटन



इटावा। पुराने बस स्टैंड के पास एसएच इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स का मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू गुप्ता ने फीता काटकर उदघाटन किया। प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिजवी काशिब व राहत हुसैन रिजवी ने मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू गुप्ता का शाल उढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। समाजसेवी राजू गुप्ता ने कहा हम कामना करते हैं कि एसएच. इलेक्ट्रिकल्स वर्क्स उन्नति के रास्ते पर अग्रसर हो। उन्होंने प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिजवी काशिब व राहत हुसैन रिजवी के प्रति उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाने पर आभारी व्यक्त किया। इस अवसर पर अल्हाज कमर अब्बास नकवी करबलाई, राहत अक ील, शावेज नकवी, लौरेब नकवी, चांद मंसूरी, कामरान खान, अनुज गुप्ता, अर्चित गुप्ता, नोमान आलम, अमीर हैदर जाफरी, अदनान जाफरी, शब्बर अक ील, तालिब रिजवी, नजमुल हसन, हसन अब्बास, मोहम्मद अहमद, आदिल अख्तर, जमीर हसन झम्मन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रोपराइटर शादाब हुसैन रिजवी काशिब ने मुख्य अतिथि राजू गुप्ता व मौजूद लोगों का आभार व्यक्त कर सभी को मिष्ठान वितरित किया।

## ब्रह्मा बाबा थे आध्यात्मिकता के पारस पत्थर : अनिल वर्मा



इटावा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां स्मृति दिवस ब्रह्मा कुमारीज के ईदगाह स्थित सेवा केंद्र पर विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्र प्रभारी नीलम बहन ने कहा कि 1937 में परमात्म प्रेरणा से दादा लेखराज ने अपनी सारी चलअचल संपत्ति मानव कल्याण हेतु समर्पित करके ब्रह्माकुमारी संस्था की नींव डाली जो आज विश्व के सातों महाद्वीपों में145 देश में 9000 सेवाकेन्द्रों द्वारा मानवीय मूल्यों का प्रसार कर रहा है। पवित्रता के इस मसीहा ने 18 जनवरी 1969 को अपने नश्वर देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया। ब्रह्मा बाबा के चुंबकीय व्यक्तित्व के कारण जो भी उनके संपर्क में आया वह आध्यात्मिक क्रांति की कड़ी में जुड़ता चला गया और बाबा आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत बन गए। आज के दौर में पवित्रता समय की मांग है जिसका पथ बाबा ने 1937 में प्रदर्शित किया। ब्रह्माकुमारी प्रीति ने बताया कि पूरा जनवरी मास गहन योग तपस्या के कार्यक्रम सेवा केंद्र पर रखे गए हैं। संत ब्रजपाल ठडेश्वरी महाराज ने कहा कि हम भी ब्रह्मा बाबा से प्रेरणा लेकर मनोविकारों पर विजय पाने का पुरुषार्थ करें। अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए बेहद के बैरागी बनकर रहने की कला ही हमें सुखी बना सकती है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख व्यवसायी अनिल वर्मा ने कहा कि इस कलयुगी दूषित वातावरण में एक गृहस्थ से ऊपर उठकर संपूर्ण पावन बनकर बाबा ने जो आदर्श प्रस्तुत किया उससे हमें भी प्रेरणा लेनी चाहिए। एडवोकेट प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि ओम शांति से विश्व शांति का यह सफर जो ब्रह्मा बाबा ने शुरू किया था हम भी उसे आत्मसात करें। डॉक्टर तृप्ति यादव ने कहा कि आज के प्रेरक दिवस पर हम यह संकल्प लें कि जो मार्ग हमें पिता श्री ने दिखाया उसका अनुगमन करके हम स्वयं को भी पावन बनाएंगे और जैसे पिताश्री ने सतयुगी सृष्टि की स्थापना में परमात्म कार्य में अपना सहयोग दिया वैसे हम भी परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनेंगे यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# साउथ एशियन कॉम्बैट चैंपियनशिप में चंद्र प्रकाश मणि ने झटके सिल्वर



गोरखपुर। नेपाल के भैरहवा में आयोजित 16 जनवरी से 18 जनवरी तक हुए साऊथ एशियन कांम्बैट चैंम्पियनशिप मे उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के खिलाडी चंद्र प्रकाश मणि ने 66 किलो सीनियर भार वर्ग में कांम्बैट रेसलिंग प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वी नेपाल व भूटान देश के खिलाड़ियों को पटखनी देने हुए (सिल्वर) रजत मेडल भारत के झोली में डालकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर नेपाल राष्ट्र के खेलमंत्री सन्तोष कुमार पाण्डेय ने चंद्र प्रकाश मणि को सिल्वर मेडल पहनाते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। राष्ट्रहित में शानदार प्रदर्शन के दौरान चन्द्र प्रकाश मणि ने कहा कि यह मेडल मेरे भारत देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि खेल का मुख्य लक्ष्य अपने देश का मान सम्मान, गौरव बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है, साथ ही व्यक्तिगत रूप से अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और विश्व स्तरीय ऊंचाइयों को प्राप्त करना है। भारतीय खेलों को शीर्ष पर पहुंचाने के प्रयास करने वाले चन्द्रप्रकाश मणि का कहना है कि सच्चे खिलाड़ी वही हैं, जो जुनून के साथ अपने लक्ष्य पर फोकस रहते हैं। वे अभाव से विचलित नहीं होते। यह जज्बा ही स्पोर्ट्समैन स्पिरिट कहलाता है। ऐसा जज्बा रखने वाले खिलाड़ी यह मानते हैं कि जीत बेशक मायने रखती है, पर हार से भी टूटना नहीं है, किसी से द्वेष नहीं रखना है, बल्कि अपनी कमियों को सुधारकर आगे बढ़ने का हुनर सीखना है। इस दौरान सूर्यकुंड धाम के संरक्षक संतोष मणि त्रिपाठी, पूर्व महापौर डॉ सत्या पाण्डेय, पत्रकार पवन गुप्ता, भारतीय कॉम्बैट फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय राय, समाज सेवी बृजलाल तिवारी, आरके श्रीवास्तव, डॉ शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, योद्धा मार्शल आर्ट के अध्यक्ष श्यामकिशुन, साहेब राम साहनी, अनुराग कुमार गौंड सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने चंद्रप्रकाश मणि के इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कमिश्नर व डीएम ने ताल रिंग रोड और गोडधोइया नाले का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह के साथ मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आरकेबीके से सहारा स्टेट तक 4.8 किलोमीटर लंबी निमार्णाधीन ताल रिंग रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का गहन अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मंडलायुक्त ने जल निकासी व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि रिंग रोड का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही वर्षा को देखते हुए जलभराव की समस्या से बचाव के लिए प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान करने को कहा। इस अवसर पर स्थानीय सभासद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ मैत्रीपुरम कॉलोनी के पास निमार्णाधीन गोडधोइया नाले का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था से कार्य प्रगति की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कार पर जय श्रीराम लिखा देख तोड़फोड़ की

ऊसराहार, इटावा। कार पर जय श्रीराम लिखा देख तोडफोड करने वाले के विरूद्ध अभियोग दर्ज होने के बारह घंटे के अंदर पुलिस ने दोनो आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों ने कार पर जय श्री राम लिखा देख भाजपाई होने का आरोप लगाकर व्यापारी के साथ अभद्रता करते हुए कार का शीशा चकनाचूर कर दिया था। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नंगला खांडे मे भागवत कथा हुई थी। कथा का भंडारा शनिवार को था। भंडारे मे ऊसराहार के सर्राफ व्यापारी गौरव गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता अपनी एकस्यूबी कार से निमंत्रण खाने गए थे। कार मे जय श्री राम लिखा था और झंडा लगा था। इसी बात को लेकर नंगला खांडे निवासी अभिषेक यादव व अवनीश यादव ने गौरव की कार रोक ली और उनपर भाजपाई होने का आरोप लगाते हुए उनकी कार के साथ तोडफोड कर पीछे का शीशा चकनाचूर कर दिया था। आरोपियों ने गौरव के साथ भी अभद्रता करते हुए मारने की धमकी दी थी। मामले मे गौरव ने रविवार को अभिषेक यादव व अवनीश यादव के विरूद्ध अभियोग दर्ज कराने के लिए थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया। चैकी इंचार्ज भरतिया हाकिम सिंह ने उसी समय दोनो आरोपियों को पकडने के लिए दबिश दी लेकिन दोनो फरार हो गए। देर रात सटीक सूचना पर दोनो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया अभिषेक और अवनीश भागने की फिराक मे गांव के बाहर एक्सप्रेसवे की ओर जा रहे थे उसी समय सटीक सूचना पर खरगपुर सरैया चैकी इंचार्ज ने पुलिस के साथ दोनो को दबोच लिया थानाध्यक्ष ने बताया दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय ताखा भेज दिया गया है।

## सीडीओ ने किया वृहद गो संरक्षण केन्द्र तालनदौर का निरीक्षण

गोरखपुर। मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, गोरखपुर द्वारा आज वृहद गो संरक्षण केन्द्र तालनदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी पिपरौली एवं पशु चिकित्साधिकारी पिपरौली मौके पर उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी ने गो संरक्षण केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी पिपरौली को निर्देशित किया कि वृहद गो संरक्षण केन्द्र पिपरौली के एप्रोच मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कराते हुए 15 दिन के भीतर केन्द्र को पूर्ण रूप से क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने यूपीसीएलडीएफ के अधिशासी अभियन्ता को पानी की चरही के पास खड़ंजा मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि गौशाला में आवागमन और जल व्यवस्था में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर गौशाला को क्रियाशील किया जाए, जिससे निराश्रित एवं संरक्षित गोवंश के पालन-पोषण में किसी प्रकार की समस्या न रहे।

# गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस 15 फीट नीचे गिरकर पलटी, दर्जनों यात्री घायल

## बस में सवार 55 यात्रियों में 12 को आईं गंभीर चोटें

जिला संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक निजी बस लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गहरे गड्ढे में पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में 15 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि करीब 35 अन्य को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जबकि हल्की चोट वाले यात्रियों को अन्य साधनों से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के बाद बस का चालक और परिचालक मौके से भाग गए। जानकारी के मुताबिक, रविवार देर शाम से गोरखपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई बस बाराबंकी जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र में देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रात करीब एक बजे, शहर के निकट भाजपा कार्यालय से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। पीछे से आ रहे वाहन चालकों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए पुलिस ने शीशे तोड़कर बचाव कार्य चलाया। एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में नई दिल्ली, गोरखपुर, बस्ती, महाराजगंज, बिहार और हिमाचल प्रदेश के निवासी 15 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 35 अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगी हैं। गनीमत रही कि एक दंपती और उनके पांच साल के बच्चे ने इस हादसे में बाल-बाल अपनी जान बचा ली। दुर्घटना के समय बस में सवार अधिकतर यात्री नींद में थे, जब अचानक तेज झटके लगे। किसी का सिर सीट से टकराया तो कोई छत से जा भिड़ा। नींद खुलने पर लोगों को लगा मानो भूकंप आ गया हो। गोरखपुर निवासी यात्री आर्यन ने बताया कि हादसे के बाद कुछ यात्री शीशे तोड़कर किसी तरह बाहर निकल पाए।

ये यात्री हुए घायल

घायल यात्रियों में नई दिल्ली के गोविंदपुरी निवासी आमना (22), बिहार के सीतामढ़ी निवासी विजय सिंह (24), बस्ती निवासी अनिरुद्ध चौधरी (30), गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाले आमिर राजा (26), सहजनवा निवासी तबरेज आलम (27), चौरी-चौरा निवासी शिव जायसवाल (19), महाराजगंज निवासी प्रदीप निषाद (27), हिमाचल प्रदेश के मंडी निवासी खेमचंद (33), नई दिल्ली के जाकिर नगर निवासी मो. अनीस (43), बस्ती के मंगल बाजार निवासी मनोज कुमार (58), गोरखपुर निवासी आर्यन सिंह (32) और नई दिल्ली के गोविंदपुरी निवासी अतीउल्ला (60) सहित तीन अन्य लोग शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। करीब 35 अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगी हैं। एक दंपति और उनका करीब पांच साल का बेटा हादसे में बाल-बाल बच गए।

## फ्रिज फटने से घर में लगी आग

इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र के नगला बेरी गांव में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 2 बजे एक घर में एलजी कंपनी का फ्रिज तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना के समय नगला बेरी निवासी राप्रकाश यादव घर में अकेले सो रहे थे। देर रात अचानक हुए धमाके की आवाज से उनकी नींद खुल गई। जब उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो फ्रिज में आग लगी हुई थी तो तेजी से पूरे कमरे में फैल गई। आग की लपटों ने आसपास रखे सभी सामान को अपनी चपेट में ले लिया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम Sate दर्ज है जबकि उसके विद्यालय अभिलेखों में उसका सही नाम स्वाती राज व जन्मतिथि 22.11.2011 दर्ज है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में भी उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **राज कुमार पुत्र परमेश्वरदीन नि.- ग्राम मूडा हूसा पोस्ट बड़ागॉव तहसील महोली जिला सीतापुर।**

## भारतीय रेलवे को एनईआर की रोली ने दिलाया रजत पदक

गोरखपुर। एनई रेलवे गोरखपुर की महिला वालीबॉल खिलाड़ी रोली पाठक ने वाराणसी में आयोजित सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेलवे की टीम को रजत पदक दिलाया। प्रतियोगिता में रोली ने भारतीय रेलवे की ओर से प्रतिभाग किया और पूरे टूनामेंट में अपने उत्कृष्ट खेल से टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। भारतीय रेलवे की टीम उपविजेता रही। जिला वालीबॉल संघ गोरखपुर के सचिव बैजनाथ मिश्र ने बताया कि रोली पाठक एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और बीते तीन वर्षों से लगातार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशिक्षकों और साथी खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसंतापुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 19.01.2026**

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसंतापुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 27.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा |
|---|---|---|
| | | ईटा एम0-275 |
| 1 | संतराम के खेत से राम मिलन यादव के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य | 58050 नग |

**नियम शर्ते**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत बसंतापुर के कार्यालय में 20.01.2026 से 27.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत बसंतापुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 20.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत बसंतापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 27.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**उर्मिला**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बसंतापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**नवल किशोर**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बसंतापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

# धार्मिक आयोजन समाज को मजबूत करते है : शिवपाल सिंह



इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र खटखटा बाबा आश्रम पर आज आयोजित भव्य कथा समारोह में श्रद्धा, भक्ति और भजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पुष्पराज जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला की मार्मिक एवं भावपूर्ण कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथावाचक कोकिल पुष्प महाराज ने गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को चूर कर ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाया। उन्होंने कहा कि यह लीला हमें सिखाती है कि ईश्वर पर अटूट विश्वास और सत्य के मार्ग पर चलने से हर संकट पर विजय प्राप्त की जा सकती है। कथा के दौरान गोवर्धन महाराज की जय के जयकारों से पूरा आश्रम गुंजायमान हो उठा। कथा समारोह में विशेष रूप से उपस्थित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं आज भी मानव जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें अन्याय, अहंकार व अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का संदेश देती हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर रामनरेश मिनी पूर्व एमएलसी, राहुल गुप्ता नगर अध्यक्ष, रामवीर यादव, खन्ना यादव, राजपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## आसई जैन मंदिर में एक दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न

इटावा। दिगंबर जैन मंदिर, आसई में एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर इटावा गौरव आचार्य प्रमुख सागर महाराज के आशीर्वाद से ब्रह्मचारी आशोक जैन की गोद भराई एवं विनौली यात्रा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत दिगंबर जैन मंदिर, आसई प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा पुजारियों द्वारा केसर के जल के साथ किया गया इसके उपरांत राग मंडल विधान विधिवत संपन्न कराई गई। इसके उपरांत महिलाओं द्वारा भगवान के भजनों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सायंकाल पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा मे भगवान के भजन के साथ महेदी व हल्दी रस्म की गई इसके उपरांत विनौली यात्रा भैयाजी के निज निवास से गाजेबाजे एवं बग्गी के साथ प्रारंभ हुई, जो अस्तल, मकसूदपुरा, कटरा मंदिर, रामगंज चैराहा, नौरंगाबाद चैराहा, तिकोनिया आदि मार्गों से होते हुए रंगलाल चैराहा एवं लालपुरा जैन मंदिर पहुचंकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा मेवा व तिलक कर भैयाजी का भव्य स्वागत किया गया। भक्तजन भक्ति नृत्य में झूमते नजर आए। जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य प्रमुख सागर महाराज के परम सानिध्य में ब्रह्मचारी आशोक जैन भैयाजी का भव्य दीक्षा समारोह 23 जनवरी, वसंत पंचमी के पावन अवसर पर मुंगेर झारखंड में आयोजित किया जाएगा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

**पत्रांक- 341/निविदा निरस्तीकरण/352सी-सी0खी0/2025-26 दिनांक- 14.01.2026**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-174/352सी0-ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक- 07.01.2026 द्वारा आमंत्रित निविदाऐं जो दिनांक 15.01.2026 से 24.01.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक आनलाईन डाउनलोड/सबमिट की जानी हैं तथा दिनांक 24.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जानी हैं। उक्त निविदा सूचना को अपरिहार्य कारणोंवश निरस्त किया जाता है।

**(राघवेन्द्र सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-4, लो0नि0वि0 सीतापुर**

**(सतीश कुमार)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**सीतापुर/खीरी वृत्त लो0नि0वि0 सीतापुर**

**UPID-244181 Date: 19.01.26 Website : www.upgov.nic.in**

संक्षेप

## कांग्रेस ने चलाया मनरेगा बचाओ अभियान

लखीमपुर खीरी। सोमवार को निघासन ब्लाक के हरसिंहपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी मोहन चंद्र उप्रेती ने किया कार्यक्रम के सहयोग निघासन ब्लाक अध्यक्ष रामप्रसाद विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष उद्देश्य गिरी मंडल अध्यक्ष नूर मोहम्मद निघासन नगर अध्यक्ष इनायत अली ब्लॉक उपाध्यक्ष कालका प्रसाद मौर्य रहे जिसमें हरसिंहपुर ग्राम सभा से हाशिम खान आफताब आलम नूरुल अली जियाउद्दीन डॉक्टर इसरार खान मोहम्मद अनीस फरीद अवधेश हिमांशु मिश्रा सहित तीन दर्जन कार्यक्रम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

धौरहरा खीरी। ईसानगर कस्बे में सोमवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में समाज की एकता, संगठन और संस्कारों को मजबूत करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक ने वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए हिंदू समाज को संगठित और अनुशासित होकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती के लिए एकता और अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने हिंदू सम्मेलनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सही दिशा देने और संस्कारों को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन गिरजाशंकर शुक्ला ने किया। समापन अवसर पर उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित सभी आगंतुकों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के दौरान राजीव अवस्थी उर्फ लालू भैया, राजेंद्र वर्मा, मिथिलेश मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, वरुण शुक्ला सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मारपीट में तीन महिला जख्मी चार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर चौकी क्षेत्र के गांव रसूलपुर मे पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर लात घुसकर और डंडों से महिलाओं पर हमला कर दिया जिसमें तीन महिलाओं समेत चार लोगों को जख्मी कर दिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता इकबालन ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया पड़ोसी कुवैद खान, जबैर खान, अजिवुस्शान और अनिस आए दिन दरवाजे पर आकर अश्लील गालियां देते थे कई बार विरोध किया जिसको लेकर गुस्साए सभी आरोपियों ने एक राय होकर रविवार12 बजे करीब घर में घूस पड़े और पीड़िता, मां, और बहू पर हमला कर दिया शोरगुल सुनकर बचाने दौड़े पुत्र की भी पिटाई कर दी पीड़िता ने मामले की शिकायत डायल 112 पर देने के बाद कार्रवाई न होने पर चौकी पर पहुंच कर सूचना दी चौकी इंचार्ज संजीत तिवारी ने घायलों को भर्ती कराकर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डीएम की पाठशाला से बेटियों के भविष्य को लगेंगे चार चांद

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। डबल इंजन सरकार के विजन ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ को हर बेटी तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत जिले की हर बेटी के जीवन में शिक्षा की रौशन फैलाने के लिए ₹डीएम खीरी की पाठशाला₹ का शुभारंभ किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और जनप्रतिनिधियों द्वारा सोमवार को परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की 9,000 छात्राओं को विद्या दायिनी पोटली सौंपी गयी। पोटली में बेटियों को व्हाइट बोर्ड कम स्टडी टेबल, मार्कर और डस्टर आदि का उपहार प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ₹डीएम खीरी की पाठशाला₹ का उद् ?देश्य जिले की बेटियों की पढ़ाई सिर्फ स्कूल तक सीमित न रहकर घर पर भी पढ़ाई के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराना है। इस पहल से बेटियों को स्कूल के साथ घर पर भी पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और वे अपनी छोटी-सी पाठशाला घर में ही स्थापित कर सकेंगी। इसके जरिये वह अपनी पढ़ाई तो करेंगी ही साथ में अपने आस-पास और परिवार में शिक्षा के माहौल के जरिये लोगों को पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अनोखी पहल के तहत पहले चरण में 9 हजार बेटियों को ₹विद्या दायिनी पोटली₹ सौंपी गयी है। यह लगातार जारी रहेगी है, इसे हर बेटी तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है ताकि डबल इंजन सरकार के विजन को धरातल पर शत प्रतिशत पूरा किया जा सके।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ₹डीएम खीरी की पाठशाला₹ के तहत पहले चरण में परिषदीय विद्यालयों की 6,798 टॉपर बेटियों, वाल ऑफ ड्रीम्स में चयनित 51 बेटियों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 2,151 बेटियों को ₹विद्या दायिनी पोटली₹ उपलब्ध कराई गई है। पहले चरण में परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 और 8 की दो-दो टॉपर बेटियों को पोटली उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि 9 हजार पोटली को 19 लाख 80 हजार रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस पोटली को डबल इंजन सरकार की योजना ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ से तैयार कराया गया है। *कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर में सोमवार को आयोजित मेगा इवेंट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक सदर योगेश वर्मा ने केजीबीबी और नगर क्षेत्र की बेटियों को व्हाइट बोर्ड कम स्टडी टेबल, मार्कर और डस्टर का वितरण किया।

मेगा इवेंट में वाल ऑफ ड्रीम्स का निर्माण किया गया, जो तुरंत ही आकर्षण का केंद्र बन गया। परिषदीय विद्यालय की बेटियों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता का बखूबी प्रदर्शन करते हुए अपने भविष्य के सपनों को रंग-बिरंगे पोस्टरों पर उतारा।

प्रशासन ने इन पोस्टरों में से सबसे उत्कृष्ट और प्रेरणादायक ड्रीम्स का चयन कर वाल ऑफ ड्रीम्स में सजाया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से यह नवाचार पूरे जिले में फैलाया गया, जिससे सभी बालिकाओं को अपने सपनों की पहचान और उन्हें साकार करने की प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।

# तमंचे के साथ पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम मो0 राशिद बताया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर के नेतृत्व में



सोमवार को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर 01 अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र मो0 सईद निवासी शेखसराय खैराबाद जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 42/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। आरोपी पर पहले से कई मुकदमा पंजीकृत है।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पूरनपुर विजेता बना

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के ऐतिहासिक मेहंदी बाग परिसर पर खिलाड़ियों की स्मृति में एक दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें



प्रदेश स्तरीय टीमों ने हिस्सा लिया है टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया है। रविवार को मेहंदी बाग परिसर पर मशहूर अहमद सिद्दीकी और अनिल श्रीवास्तव की स्मृति में एक दिवसीय नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हसन नकवी ने की टूर्नामेंट में 16 टीमों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। आयोजन में चार क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मैच के बाद फाइनल मैच पूरनपुर टीम और कस्बा बरवर के चांद क्लब के बीच खेला गया जिसमें पूरनपुर की टीम के कप्तान ने मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की और उपविजेता चांद क्लब बरवर रहा है। विजेता टीम को नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, अतुल बाजपेई, हाशिम, कुलदीप, सभासद सुशीला वर्मा, अध्यक्ष/संचलाक मो अब्बास नकवी और न्यू एन टी के प्रबंधक शाहनवाज खां ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए हैं।

# बाइक चोर गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार




मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी कर पड़ोसी देश नेपाल को बिक्री करने वाले गैंग के दो आरोपियों को चोरी की गई 6 बाइकों के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाली परिसर में एएसपी पश्चिमी और सीओ अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देकर बताया क्षेत्र में लंबे समय से बाइक चोरी घटनाओं को लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक उमेश चौरसिया और उनकी टीम के एस आई राम लखन, कस्बा इंचार्ज मोइन अहमद, जान मोहम्मद, आरक्षी अवधेश, शिवम राणा, सुधीर, प्रदीप और सुनील ने बाइक खरीदार बनकर आरोपियों तक पहुंच कर तय समय पर बताएं स्थान पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया पूछताछ करने पर अलग-अलग जगह से 6 चोरी की बाइकें बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान शैलेंद्र कुमार उर्फ अन्ना गांव बहादुरपुर थाना भीरा और राजेश कुमार गांव मुरगहा थाना मझगई के रूप में हुई है। शैलेंद्र पर 15 से अधिक और राजेश पर 9 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया में हुआ दो दिवसीय गन्ना प्रशिक्षण

पलियाकलां खीरी। उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त मिनिस्ट्री एस के निदेशो के अनुपालन बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया कलां के सभागार में गन्ना पर्यवेक्षकों और फील्ड स्टॉफ के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य गन्ने की विभिन्न प्रजातियों एवं नवीन किस्मों की बैज्ञानिक पहचान सुनिश्चित करना है ,ताकि गन्ना विकास और आपूर्ति प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जा सके।




प्रशिक्षण के दौरान केन हेड राजीव तोमर द्वारा गन्ने की शारीरिक संरचना जैसे की पत्ती की बनावट, गांठो का स्वरूप, आंख की स्थिति व तने के विकास के आधार पर किस्मों को वैज्ञानिक तरीके से पहचानने के तरीके बताए गए। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश कुमार पाण्डेय, सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव एस एन द्विवेदी ने तकनीकी की जानकारी साझा की। जेष्ठ गन्ना निरीक्षक मिथिलेश ने इस बात पर जोर दिया कि किस्मों का सही अंकन और शुद्ध आंकड़ों का साधारण न केवल चीनी उद्योग की कार्यक्षमता बढ़ाता है बल्कि किसानों के उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने में भी निर्णायक भूमिका निभाता है। सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव सूर्य नारायण द्विदी ने कहा कि 20 जनवरी से 5 फरवरी तक अतरिक्त सट्टा हेतु खड़े गन्ना का सर्वे कराए जिससे आवश्यकता अनुसार पर्ची जारी किया जा सके। इस मौके पर गन्ना समिति व गन्ना विकास परिषद व चीनी मिल के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी मुकदमे के विरोध में अधिवक्ता एकजुट प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील पलिया के उप जिलाधिकारी द्वारा पलिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध कथित रूप से दर्ज कराई गई फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट को लेकर जिले भर के अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। सोमवार को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक केके शुक्ल गुड्डू की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पलिया की घटना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिवक्ताओं ने एक स्वर में पलिया के उप जिलाधिकारी की कार्रवाई की तीखी निंदा करते हुए इसे अधिवक्ता समाज के सम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। अधिवक्ताओं का कहना था कि पलिया तहसील बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार मेनरो एवं अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध जिस प्रकार रंजिशन, दुर्भावनापूर्ण और मनमाने ढंग से फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है, वह न्यायिक मयार्दाओं के पूर्णतः विपरीत है। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं और उनके विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई से न केवल बार-बेंच के संबंध प्रभावित होते हैं, बल्कि आमजन में भी गलत संदेश जाता है। बैठक में यह भी कहा गया कि यदि प्रशासनिक अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर अधिवक्ताओं को डराने-धमकाने का प्रयास करेंगे, तो अधिवक्ता समाज इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। बैठक में मांग की गई कि पलिया तहसील बार अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज कराई गई कथित फर्जी एफआईआर को तत्काल प्रभाव से स्पंज किया जाए और पलिया बार अध्यक्ष की तहरीर के आधार पर दोषी उप जिलाधिकारी पलिया एवं घटना में शामिल अन्य संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज की गई फर्जी एफआईआर निरस्त नहीं की गई, तो अधिवक्तागण उग्र आंदोलन, कार्य बहिष्कार और विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पलिया की घटना के विरोध में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन गोला के समस्त अधिवक्ता सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। बैठक के बाद सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी गोला के माध्यम से भेजा गया। अधिवक्ताओं ने दो टूक कहा कि न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई आवश्यक है, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# नकली बीज से मटर की फसल तबाह कृषि अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नकली व अमानक बीज बिक्री से किसान की फसल बर्बाद होने का मामला सामने आने के बाद भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने विकास भवन, लखीमपुर खीरी पहुंचकर जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी बीज विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सुआभोज निवासी किसान ओम प्रकाश राठौर ने गोला स्थित इराक ी बीज भंडार से मटर का बीज खरीदा था। किसान द्वारा करीब 2 क्विंटल 80 किलोग्राम बीज चार एकड़ खेत में बोया गया, लेकिन बीज का जमाव ही नहीं हुआ। परिणामस्वरूप पूरी मटर की फसल नष्ट हो गई। किसान यूनियन का कहना है कि बीज, खाद, सिंचाई, डीजल और मजदूरी पर किया गया पूरा खर्च डूब गया, जिससे किसान गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है। इस मामले की सूचना लगभग एक माह पूर्व कृषि विभाग को दी गई थी और जांच भी पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक न तो बीज विक्रेता पर कोई कार्रवाई हुई और न ही किसान को मुआवजा मिला। यूनियन ने आरोप लगाया कि इराक ी बीज भंडार, गोला के विरुद्ध पूर्व में भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन हर बार मामलों को दबा दिया गया। इससे यह संदेश जा रहा है कि नकली बीज बेचने वालों को संरक्षण प्राप्त है और किसान की मेहनत का कोई मूल्य नहीं। भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) ने मांग की कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी बीज विक्रेता पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, पीड़ित किसान को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए तथा पूर्व मामलों की भी पुनः समीक्षा कर सच्चाई सामने लाई जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसान को मुआवजा नहीं मिला और दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो 26 जनवरी से विकास भवन, लखीमपुर खीरी में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यूनियन अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि किसान पहले से ही संकट में है और ऐसे समय में नकली बीज बेचने वालों पर सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई जरूरी है। किसान की आवाज को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दिया जाएगा।

## विद्यार्थी पुस्तकालय के पांच छात्रों का एसएससी जीडी में चयन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के खुटार रोड स्थित विद्यार्थी पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे पांच युवाओं ने एसएससी जीडी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से पुस्तकालय परिसर सहित नगर में खुशी का माहौल है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शांत वातावरण, अनुशासित दिनचर्या और नियमित स्व-अध्ययन को दिया। उनका कहना है कि पुस्तकालय में पढ़ाई के लिए अनुकूल माहौल मिलने से एकाग्रता बनी रही और तैयारी को निरंतर दिशा मिली। पुस्तकालय संचालक अजीत जैन टीटू ने बताया कि पुस्तकालय का उद्देश्य केवल किताबें उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण देना है जहां वे बिना किसी व्यवधान के अध्ययन कर सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि सही माहौल मिले तो साधारण संसाधनों से भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। एसएससी जीडी में चयनित छात्रों में मैलानी निवासी भगीरथ वर्मा पुत्र ओंकार वर्मा, जलालपुर गांव निवासी अतुल कुमार व शरद कुमार पुत्र श्याम किशोर, टिहुलिया निवासी अमूल्य कुमार वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा तथा बीरमपुर निवासी तौसीफ गाजी पुत्र सज्जाद शामिल हैं। पुस्तकालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि होली पर्व के अवसर पर सभी चयनित छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और अनुशासन के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

# इलाज में देरी बनी युवक की टांग कटने की वजह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कुकरा-गोला जंगल मार्ग पर हुए सड़क हादसे के बाद कथित चिकित्सकीय लापरवाही से एक युवक की टांग कटने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार व ग्रामीणों ने निजी अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम खंजनपुर निवासी धरम सिंह पुत्र हरदेव सिंह एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि 10 दिसंबर को उनका पुत्र गुरजीत सिंह अपनी बहन बलविन्दर कौर के साथ बाइक से कुकरा-गोला जंगल मार्ग होते हुए गोला जा रहा था। इसी दौरान जंगल क्षेत्र में कार संख्या यूपी 32एफएम 2334 के चालक ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। हादसे में गुरजीत सिंह का दाहिना पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसकी बहन बलविन्दर कौर का दाहिना पैर कूल्हे के पास से टूट गया। दोनों घायलों को तत्काल शहर के नवीन बाईपास स्थित सनसाईन हास्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने इलाज के दौरान यह नहीं बताया कि उनके पास ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस तरह की गंभीर चोट में 48 घंटे के भीतर ऑपरेशन होना अत्यंत आवश्यक होता है, जिससे पैर बचाया जा सकता था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में युवक को करीब पांच दिन तक भर्ती रखकर केवल सामान्य इलाज किया गया। हालत बिगड़ने पर छठे दिन बाहर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन घायल को लखनऊ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन में अत्यधिक देरी के कारण पैर पूरी तरह सूख चुका है और अब उसे बचाना संभव नहीं है। मजबूरी में डॉक्टरों को युवक का पैर काटना पड़ा। पीड़ित धरम सिंह ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते सही इलाज और उचित सलाह दी गई होती तो उसके पुत्र का पैर बचाया जा सकता था। यह स्थिति सीधे तौर पर अस्पताल की लापरवाही का परिणाम है। मामले को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की लापरवाही आम लोगों की जान से खिलवाड़ है और दोषियों पर सख्त कदम उठाया जाना जरूरी है। प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में कुलदीप, गंगाराम, अंकित कुमार, कुलजीत सिंह, रणजीत सिंह, इमामुद्दीन, हरि, आयुष शुक्ला, निहाल सिंह, अमरीक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वाईडी कॉलेज में शांतिपूर्ण, नकल-विहीन वातावरण में संचालित हो रहीं परीक्षाएं



लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेमेस्टर की परीक्षाएँ पूर्णतः शांतिपूर्ण, नकल-विहीन वातावरण में संचालित की जा रही हैं। सोमवार को आयोजित परीक्षाओं में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. तथा एम.ए. (अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं हिंदी) के कुल 1610 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1583 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु गठित सचल दल द्वारा गहन तलाशी के दौरान 2 नकलचियों को नकल करते पकड़ा गया। इस प्रकार अब तक महाविद्यालय में कुल 06 नकलचियों को पकड़ा जा चुका है। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा के नेतृत्व में आंतरिक सचल दल के सदस्य प्रो. ज्योति पंत, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. अमित सिंह, श्री धर्म नारायण, मोहम्मद नजीफ एवं सत्येन्द्र पाल सिंह परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने बताया कि शासन एवं विश्वविद्यालय की मंशा के अनुरूप महाविद्यालय प्रशासन नकल-विहीन, अनुशासित एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## आज कंजा में होगा हिन्दू सम्मेलन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हिन्दू समाज की बंधुता, आपसी प्रेम, सहयोग और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 20 जनवरी को बरमबाबा हनुमान मंदिर, कंजा परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीतापुर विभाग के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजकुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वह समाज में संगठनात्मक चेतना, संस्कारों की भूमिका और राष्ट्रबोध विषय पर विचार रखेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता बरमबाबा हनुमान मंदिर कंजा के महंत आदित्येश्वरानन्द महाराज करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है। सम्मेलन में क्षेत्र के संत-महात्मा, समाजसेवी, गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

हरिद्वार में आयोजित होने वाले अखंड दीप शताब्दी महोत्सव–2026 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

रेलगाड़ी सं. 04304/04303 हरिद्वार जं.-दिल्ली शाहदरा जं.-हरिद्वार जं. विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04304 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04303 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14.00 | हरिद्वार जं. | 02.00 | -- |
| 14.55 | 14.57 | रुडकी | 01.01 | 01.03 |
| 15.50 | 16.30 | सहारनपुर जं. | 00.20 | 00.50 |
| 18.05 | 18.07 | मेरठ सिटी जं. | 22.10 | 22.12 |
| 19.20 | 19.22 | गाजियाबाद जं. | 21.30 | 21.32 |
| 20.00 | -- | दिल्ली शाहदरा जं. | -- | 21.00 |

चलने के दिन : 04304 हरिद्वार जं. एवं 04303 दिल्ली शाहदरा जं. से दिनांक 22.01.2026 (वीरवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 04306/04305 हरिद्वार जं.-लखनऊ जं.-हरिद्वार जं. विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04306 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04305 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12.55 | हरिद्वार जं. | 08.45 | -- |
| 13.25 | 13.27 | लक्सर जं. | 08.03 | 08.05 |
| 13.53 | 13.55 | नजीबाबाद जं. | 07.20 | 07.22 |
| 14.03 | 14.05 | नगीना | 06.55 | 06.57 |
| 14.20 | 14.22 | धामपुर | 06.38 | 06.40 |
| 14.35 | 14.37 | स्योहारा | 06.20 | 06.22 |
| 15.25 | 15.35 | मुरादाबाद जं. | 05.30 | 05.40 |
| 17.05 | 17.07 | बरेली जं. | 03.53 | 03.55 |
| 18.55 | 18.57 | शाहजहांपुर | 02.59 | 03.00 |
| 19.21 | 19.23 | आंझी शाहबाद | 02.25 | 02.27 |
| 19.53 | 19.55 | हरदोई | 01.55 | 01.57 |
| 20.17 | 20.19 | बालामऊ जं. | 01.20 | 01.22 |
| 23.45 | -- | लखनऊ | -- | 00.20 |

चलने के दिन : 04306 हरिद्वार जं. से दिनांक 22.01.2026 (वीरवार) को एवं 04305 लखनऊ से दिनांक 23.01.2026 (शुक्रवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
201/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## 20 को बांटे जायेंगे मिनीकिट

आजमगढ़। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि निदेशालय, उप्र, कृषि भवन लखनऊ द्वारा निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद-आजमगढ़ को जायद-2026 में उर्द में 56 एवं मूंग में 40 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके सापेक्ष इच्छुक कृषकों से 15-01-2026 तक ऑन लाईन मांग की अपेक्षा की गयी थी। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त ऑन लाईन आवेदन की संख्या अधिक होने के फलस्वरूप मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के द्वारा 20-01-2026 को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में ई-लॉटरी के माध्यम से मिनीकिट वितरण हेतु लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। ऑन लाईन आवेदक इच्छुक कृषक ई-लॉटरी प्रक्रिया में ससमय प्रतिभाग कर सकते है।

## आपरेशन कन्विक्शन के तहत एसएसपी ने किया सम्मान

आजमगढ़। आपरेशन कन्विक्शन के तहत एक महत्वपूर्ण मामले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया अभियुक्त को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तीन पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार ने सोमवार को पुलिस कार्यालय आजमगढ़ में थाना तरवाँ से जुड़े एक महत्वपूर्ण अभियोग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान आपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह को सजा दिलाने में प्रभावी भूमिका निभाने पर दिया गया। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जनपद के अन्य पुलिसकर्मियों से भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती आस्था जायसवाल भी मौजूद रहीं। प्रशस्ति पत्र पाने वाले पुलिसकमीर्कमुख्य आरक्षी गजानन सरोज (मॉनिटरिंग सेल), मुख्य आरक्षी अजय कुमार सिंह (कोर्ट पैरोकार), आरक्षी अरविंद कुमार कुशवाहा (कोर्ट मोहर्रिर)।

## जनपद में तेजी से हो रहा विकासः कृपा शंकर

जौनपुर। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि मुंबई में उत्तर भारतीयों द्वारा काफी अच्छा नगर महापालिका के चुनाव में बाढ़-चेयर करके हिस्सा लिया और जौनपुर जनपद के कई प्रत्याशियों को नगर सेवक के रूप में बनाया। उन्होंने विकास के बारे में बताया कि जनपद में काफी तेजी से विकास हो रहा है कई और ब्रिज और पुलों का निर्माण तेजी से हो रहा है। मेरा प्रयास है कि जौनपुर में एक बड़ी मिल फैक्ट्री रेडीमेड गारमेंट्स की हो जिसके तहत में प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार गरीब किसान के लिए भी बहुत कुछ कर रही है। कुछ पत्रकारों ने जौनपुर से मुंबई तक ट्रेन चलने की बात कही तो उन्होंने कहा किया मेरे प्रस्ताव में है मैंने रेल मंत्री से मिलकर के इस विषय पर वार्ता किया है जल्द ही है व्यवस्था जौनपुर में लागू होगी।

## पांच जुआरियों को पकड़ा 76हजार बरामद

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कलन्दरपुर गांव के पास गोमती नदी घाट पर पुलिस ने रविवार की शाम को जुआ खेल रहे पांच लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से नगदी व बाइक सहित अन्य चीजों को बरामद किया। पुलिस के अनुसारमुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह, एस आई जयदीप, तेजबहादुर सिंह, दुर्गेश पाण्डेय आदि के साथ मौके पर जाकर घेरेबंदी करके छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस ने पांच जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से 30 हजार रुपये, एक गड्डी ताश तथा पकड़े गए जुआरियों संजीव, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार शिवप्रसाद तथा विजय कुमार के पास से जामा तलाशी में 46 हजार छह सौ रुपये बरामद हुए। पुलिस ने वहां से एक बाइक तथा चार मोबाइल भी बरामद किया। सभी का चालान कर दिया गया।

# आशा वर्करों ने दिया धरना, राज्यकर्मचारी का दर्जा मिले




जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को दुद्धी क्षेत्र के आशाओं ने सीएचसी मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। आशा यूनियन ने राज्य सरकार से आशाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन गरंटी, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, इपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश, आशा बहनों को स्कूटी, मृतक आश्रित को नौकरी, आशा बहनों को आयुष्मान कार्ड तथा कार्य के घंटे निर्धारित सहित अन्य मांग रखी गई।

आशा वर्करों का कहना कि सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर लाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आशा बहनें निभा रहीं है, चाहें उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाना हो या आभा आई, फैलेरिया अभियान, पोलियो अभियान, सहित अन्य महत्वपूर्ण टीकाकरण का काम करती है, जिन्हे सरकार मात्र निर्धारित प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है वह भी समय से आशा बहुओं के खाते में राशि नहीं पहुँचती है। आज के दौर में स्वास्थ्य विभाग की सबसे महत्वपूर्ण अंग होने के बाद भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इन्हें सिर्फ काम के बदले कमीशन के रूप में केवल प्रोत्साहन राशि ही मिलती है। इस दौरान सुनीता, अमृता, पूनम, श्रद्धा, माया, शाहजहां, रुदा, शीला, तारा, गीता, संध्या, कांति, मधु, सोनमती, कौशल्या, लीलावती, कमोदा, पानपाती, जसोदा, मंजू सहित काफी संख्या में आशा वर्कर मौजूद रहीं।

## अध्यक्ष से सुनी नागरिकों की समस्या, हुआ निस्तारण




सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार कोरूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया।

तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## असंगठित कामगारों की बैठक संपन्न




ड्रमंडगंज, मीरजापुर। सोमवार को हलिया ब्लॉक के मटीखना गांव में मजदूरों के जागरूकता हेतु मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) के तत्वावधान में श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी देते हुए यूनियन महामंत्री मंगल तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने अनेक योजनाएं संचालित की है, इन योजनाओं के लाभ हेतु सर्व प्रथम श्रम पंजीयन कराना आवश्यक है। और जिनका हो गया है वह समय पर अंशदान अवश्य जमा करें।

बिना लेबर कार्ड बने श्रम विभाग से किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि जिन व्यक्तियों का श्रम पंजीयन हुए एक वर्ष बीत चुके हैं वे सभी योजना आवेदन के लिए पात्र होते हैं। वर्तमान में निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए निःशुल्क शिक्षा हेतु कक्षा 6 और 9 में प्रवेश हेतु मिजार्पुर स्थित श्रम विभाग कार्यालय में आवेदन हो रहे हैं। आप स्वयं या यूनियन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जो बच्चे कक्षा 5 और आठ में अभी पढ़ रहे हैं उन्हीं का 6 और 9 में आवेदन होंगे और यह सुविधा सरकार द्वारा मुफ्त है। मिजार्पुर-सोनभद्र और भदोही जनपद में हुए आवेदनों का टेस्ट परीक्षा के सफल परिणाम के उपरांत सोनभद्र के गुरुमुरा में एक बहुत बड़े अटल आवासीय विद्यालय में एडमिशन होगा। मनरेगा महिला मजदूरों ने बताया कि उनका लेबर डिपार्टमेंट में पंजीयन नहीं हुआ है, यूनियन से मांग कि की हमारा घर पर ही श्रम कार्ड बनवाया जाय? इस दौरान मजदूरों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विकलांग बिटिया को आर्थिक लाभ आदि की शिकायत और समस्या निवारण की मांग की जिसपर यूनियन महामंत्री ने कहा कि मजदूरी व श्रम विभाग से इतर जो भी आपकी समस्या हो इसके लिए लिखित शिकायत मिलने पर यूनियन संबंधित अधिकारी से पत्राचार कर निस्तारण का प्रयास करेगी। यूनियन समर्थक राघवेन्द्र सिंह ने अंशदान और पंजीयन तथा जिनका अंशदान जमा नहीं हो रहा है या मोबाइल नम्बर बंद हो गया है वो अपना नम्बर श्रम विभाग कार्यालय या यूनियन की मदद से ठीक करा सकते हैं। बैठक में श्रम संहिता अधिनियम 2025 के बारे में भी चर्चा की गई। बताया गया कि जल्द ही श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। कहा कि, सभी श्रमिकों को सरकार द्वारा लागू श्रम नियमावली के तहत दैनिक मजदूरी, वेतन व अन्य सुविधाएं मिलेगी। सरकार श्रम हित में बेहतर कार्य कर रही है जल्द ही नए श्रम एक्ट का लाभ मिलेगा यह व्यवस्था पूरे देश में लागू है। ज्ञात हो कि मनरेगा महिला मजदूरों की मांग पर यह बैठक आयोजित की गई थी। इस अवसर पर महामंत्री मंगल तिवारी के साथ बैठक में यूनियन समर्थक राघवेंद्र सिंह, रामसजीवन, संतोष देव गिरि, पप्पू सिंह कुशवाहा, सुशीला देवी के अलावा निर्माण श्रमिकों एवं मनरेगा मजदूरों की भारी तादाद में उपस्थित रही है।

## कम्बल पाकर दिव्यांगो के खिले चेहरे

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा जनपद के गरीब, वंचित, बेसहारा दिव्यांग व्यक्तियों में ठंड से बचाव के दृष्टिगत लगभग 35 दिव्यांगो को कम्बल वितरित किया गया। असहाय को समस्या का सामना न करना पड़े, इसके



दृष्टिगत लगातार कम्बल भ वितरित किये जाने के साथ ही अलाव सहित अन्य व्यवस्थाए सुनिश्चित की जा इस दौरान जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में उपस्थित दिव्यांगजन को जागरूक करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांगजन के मतदान के अधिकारों के प्रति तथा संवेदनशील दृष्टिकोण रखते हुए सभी प्रकार के दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनो को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रत्येक दशा में मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में ऐसे दिव्यांगजन जिनका नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है, वे प्रारूप-6 के माध्यम से अपना नाम, जन्म प्रमाण पत्र, आधार संख्या सहित अन्य कोई सरकारी दस्तावेज संलग्न करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में अंकित कराए। यदि किसीको कोई भी परेशानी होती है तो जिला निर्वाचन कार्यालय या उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचन से संबंधित प्रक्रिया को मूक-बधिर दिव्यांग जनों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से भी समझाया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा, जिला दव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में जयंत टीम रही विजेता

सोनभद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की जयंत परियोजना मेंशनिवार को अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। 12 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 19 मैच खेले गए। समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), राजेश त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। इस दौरान अपने अपने उद्बोधन में उन्होनें विजेता टीम को बधाई दी और उपस्थित सभी को मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु खेल-कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य, सीएमओआई प्रतिनिधि, परियोजना से जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्षगण, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच गत शुक्रवार को जयंत एवं ब्लॉक-बी तथा निगाही एवं सीडबल्यूएस के मध्य खेला गया जिसमें जयंत एवं सीडबल्यूएस टीम फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयंत एवं सीडबल्यूएस की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान जयंत टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सीडबल्यूएस टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान तौसीफ अहमद (जयंत) बेस्ट गोल कीपर, तुला राम मुरमू (सीडबल्यूएस) बेस्ट प्लेयर के रूप में चुने गए।

## सहकारिता क्षेत्र के 65 संगठन सम्मानित

जौनपुर। सहकार भारती के 48 में स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू की अध्यक्षता में टीडी इंटर कॉलेज के मारकंडेय सिंह सभागार में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुरली पाल प्रांत कार्यवाह आरएसएस, कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक संगठन अध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू एवं महामंत्री रजनी साहू विभाग संयोजक अनिल पांडे द्वारा सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव व भारत माता के चित्र पर मलयार पर और दीप प्रज्वलन कर किया गया। महामंत्री रजनी साहू उपाध्यक्ष अर्चना सिंह ने सहकार गीत से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा सहकारिता के माध्यम से समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की संकल्प को दोहराया। विशिष्ट अतिथि प्रांत कार्यवाह मुरलीपाल ने कहा कि आज सहकार भारती ने स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने में लगे और जौनपुर के विभिन्न सहकारिता, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक संस्थाओं को एक साथ लेकर कार्यक्रम किया यह बहुत सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा सरकार से समृद्धि का अर्थ है हर परिवार को सहकारिता के माध्यम से परिवार को समृद्धि बनाना जिस देश समृद्ध बना सके सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में समाजशास्त्र एक जूता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। विभाग सहसंयोजक अनिल पांडे ने सहकार भारती के उपदेश कार्य और संगठन से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम को पंडित रूप नारायण त्रिपाठी, नीरज सिंह दीपक सिंह मंटो ने भी संबोधित किया। सम्मान समारोह में जनपद में सहकारिता के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले एवं सामाजिक धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाले 65 संगठनों को सम्मानित किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव जी विधानसभा संयोजक सरदार जसविंदर सिंह विश्व पंडित रूपनारायण त्रिपाठी वंशलोचन सिंह नीरज सिंह संतोष त्रिपाठी प्रज्ञा प्रवाह, भूपेंद्र सिंह जिला महामंत्री भाजपा पीयूष जायसवाल रविंद्र प्रताप सिंह प्रबंधक, ब्रह्मेश शुक्ला, डॉक्टर अंजना श्रीवास्तव नीरज श्रीवास्तव भारत विकास परिषद शौर्य अध्यक्ष संदीप पांडे उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की चेकिंग कर करें नमूना एकत्रितः डीएम

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत कर आमजन मानस को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थो की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए की गई कार्यवाही एवं आगे के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर बिन्दुवार समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंजुला सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद्य पदार्थो की सैम्पिलंग के लिए विशेष अभियान को चलाते हुए अपमिश्रित खाद्य पदार्थ, दुग्ध एवं दुग्ध से निर्मित खाद्य पदार्थो, सरसो के तेल, विभिन्न ब्राण्डो के घी, खोवा, मिठाई, चना आदि खाद्य पदार्थो की सघन चेकिंग की जाए एवं सैम्पलिंग के बाद प्राप्त रिपोर्ट में अधोमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित खाद्य एवं औषधियों के विक्रेताओ सहित संलिप्त व्यक्तियो, फर्मो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि जनमानस को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थो की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं एकरूपता लाने हेतु जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यशौला, संगोष्ठी आयोजित कर अथवा अन्य विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम कराया जाए ताकि लोग ब्राण्डेड पैकेट व अन्य खाद्य पदार्थो की शुद्धता की पहचान कर सकें। बैठक में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंजुला सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद मीरजापुर में खाद्य पदार्थो की जांच, चेकिंग के दौरान अब तक विधिक, सर्विलांग टीम के द्वारा नमूनो में कुल 1391 नरीक्षण किया गया जिसमें 555 नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए भेजे गए 461 प्राप्त जांच रिपोर्ट में 174 मानकोउ के विपरीत पाए गए, जिनके विरूद्ध कृत कार्यवाही, मुकदमें किए गए। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व के अवसर पर विशेष प्रवर्तन दल के द्वारा 98 निरीक्षण कर 47 नमूने संग्रहीत किए गए जिसमें 130 किलोग्राम मूंगफली दाना जब्त कर 9100 खाद्य पदार्थ की जुमार्ना के तौर राजस्व अर्जित किया गया। इसी प्रकार दीपावली पर्व के अवसर पर 60 दुकानो का निरीक्षण कर 47 नमूने संग्रहीत किए गए जिसमें 225 किलोदूध, 1591 किलो खोवा, तीन किलोग्राम छेना, 15 किलोग्राम बेसन, 12 किलो टाफी खाद्य पदार्थो को नष्ट किया गया। दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थो की 332 निरीक्षण कर 130 संग्रहीत नमूनो को एकत्रित करते हुए 98 नमूने जांच रिपोर्ट के लिए भेजे गए जिसमें 66 मानको के विपरीत नमूने एवं 32 मानको के अनुरूप पाए गए। विशेष अभियान ब्राण्डेड, खाद्य तेल, चना, कुट्टू एवं घी की जांच कार्यवाही के तहत ब्राण्डेड सामानों के 55 निरीक्षण में 39 संग्रहीत नमूनो में 24 प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 04 मानक के विपरीत तथा 24 मानक के अनुरूप पाए गए। खाद्य तेल के 135 निरीक्षण में 18 संग्रहीत नमूनो के सापेक्ष प्राप्त 18 जांच रिपोर्ट में मानको के विपरीत 05 एवं मानक के अनुरूप 14 नमूने पाए। चना के 10 निरीक्षण में 6 संग्रहीत नमूनो के सापेक्ष 06 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुए जिसमें 6 मानको के विपरीत पाए। कुट्टू एवं घी के 25 किए गए निरीक्षण में 24 सग्रहीत नमूनो को जांच लिए भेजा गया जिसमें 24 जांच रिपोर्ट प्राप्त में 7 मानक के विपरीत, 17 मानक के अनुरूप नमूने पाए गए। उन्होंने बताया कि पीडीएस, एमडीएम, आईसीएस से सम्बन्धित भी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 61 निरीक्षण किया गया जिसमें आईसीडीएस के तीन एवं एमडीएम के 66 संग्रहीत नमूनो में से प्राप्त 26 जांच रिपोर्ट में एक मानक के विपरीत व 25 मानक के अनुरूप पाए गए।

## प्रयास ने दी श्रद्धांजलि, महाराणा प्रताप को बताया राष्ट्रनायक




आजमगढ़। शहर के नरौली स्थित प्रयास के मंडल कार्यालय पर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग, बलिदान व पराक्रम को याद कर उन्हें नमन किया।

मंडल अध्यक्ष राणा बलबीर सिंह ने महाराणा प्रताप को मातृभूमि के सम्मान और स्वाधीनता के लिए जीवन समर्पित करने वाला महान राष्ट्रनायक बताया। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और स्वराज के लिए अडिग संकल्प की मिसाल है। चेतक की तेज चाल और हल्दीघाटी का युद्ध आज भी देशभक्ति की भावना जागृत करता है। अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि महाराणा प्रताप के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उनका संघर्ष अन्याय के सामने न झुकने और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए त्याग स्वीकार करने की सीख देता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाजहित में कार्य करने के संकल्प के साथ महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर डीएन सिंह, इंजी सुनील यादव, इंजी अमित यादव, विजय प्रताप सिंह, राहुल सिंह, वर्षम सिंह, आलोक सिंह, अजीत प्रताप सिंह, राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में पीडीए के लोगों पर हो रहा उत्पीड़न व अत्याचारः सांसद

आजमगढ़। जनपद-आजमगढ़ के शहर के समीप संगीत महाविद्यालय हरिहरपुर में रामजतन गोंड व रामनयन गोंड के मकान को आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के बुलडोजर द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। जिसको लेकर आजमगढ़ लोकसभा सांसद धर्मेंद्र यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी हासिल की और उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पी.डी.ए.के लोगों के साथ दमन उत्पीड़न व अत्याचार किया जा रहा है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी कभी चुप नहीं बैठेगी। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जुल्म व अत्याचार के खिलाफ लड़ती रहेगी। रामजतन गोंड व रामनयन गोंड पी.डी.ए परिवार के होने के कारण उनका मकान बुलडोजर लगाकर मनमाना तरीके से गिरा दिया गया जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी संघर्षरत रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही सरकार हो गई है। दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों महिलाओं, किसानों, छात्र/छात्राओं नौजवानों, बेरोजगारों पर जुल्म व अत्याचार कर रही है भाजपा सरकार में चारों तरफ घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है। भाजपा सरकार में साधु, संत, महात्माओं पर अत्याचार व धार्मिकस्थलों को तोड़ा जा रहा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर खुली लूट मची हुई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पी.डी.ए. के लोगों का दमन उत्पीड़न कर रही है इस सरकार में संविधान व लोकतंत्र पर खतरा है। मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव करैली, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## उज्जैन के कारोबारी के रूप में हुई शव की शिनाख्त

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजमगढ़ जीयनपुर मार्ग पर बिजरावा गांव के कुएं में शनिवार को जो शव मिला था वह उज्जैन के प्याज कारोबारी का था। वह अपने साथियों के साथ घूमने के लिए निकका था। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर साथियों को छोड़कर वह अचानक से देर शाम को अंधेरे में पैदल ही भागने लगा था। इसके बाद वह बिजरवा गांव पहुंच गया। जहां पर कुएं में गिर गया था। एमपी के उज्जैन जनपद के मलदून थाना क्षेत्र के माल रोड निवासी 38 वर्षीय रोहित शर्मा प्याज का कारोबार करता था। वह शाजापुर जनपद में मनोज के साथ रहता था। रोहित और मनोज के साथ ही कमल पटवा निवासी रसूल डीह थाना टोकन खुर्द जनपद देवास, राजेंद्र निवासी कनार थाना कनार जनपद उज्जैन के साथ 8 जनवरी को कार से एक साथ निकले थे। कानपुर के रास्ते लखनऊ इसके बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते बिहार और पश्चिम बंगाल नेपाल घूमने के बाद सभी साथ में लौट रहे थे। शुक्रवार शाम 6:30 बजे कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 242 किलोमीटर बिजरवा के पास रूकी। इसके बाद रोहित साथियों को छोड़कर पैदल भागने लगा। साथी वापस सठियांव टोल प्लाजा पहुंचकर इसकी जानकारी दिए। रोहित के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लापता होने के 1 घंटे बाद बिजरवां में युवक के कुआं में गिरने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस शनिवार की शाम को शव को कुएं से बरामद की थी।

## मीरजापुर के करनपुर की टीम बनी विजेता, प्रयागराज को मिली हार

लालगंज, मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के ग्राम सभा पतुलखी में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित शिव मूर्ति दुबे स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का को भव्य रूप से समापन किया गया। इस दौरान



प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रयागराज व करनपुर टीम के बीच में खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पतुलकी गणेश शंकर दुबे व समाजसेवी वरुण शुक्ला ने फाइनल मैच के दोनों टीमों के खिलाड़ियों का मैदान पर स्वागत कर परिचय प्राप्त किया। साथ में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रगान के साथ मैच का आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आठ ओवर का निर्धारित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिजार्पुर करनपुर की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 116 रनों का लक्ष्य रखा। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रयागराज की टीम मात्र 66 रन ही बना सकी। इसके साथ ही मिजार्पुर करनपुर की टीम ने यह फाइनल मुकाबला 51 रनों से जीत कर 21000 रुपए की इनामी राशि व ट्रॉफी अपने नाम किया। प्रयागराज उपविजेता टीम को 11000 रुपए की नगद राशि का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरीज शिवेंद्र को रेंजर साइकिल आयोजक कमेटी के द्वारा दिया गया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच शिवम रहे। इस इस दौरान ग्राम प्रधान पतुलकी गणेश शंकर दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा की खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में रहते हुए खेल को खेल की भावना से खेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वर्तमान समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होते जा रहे हैं जो उनके लिए सही नहीं है। युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। खेलों के जरिए देश के अनेक युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया है। जिनसे प्रेरणा लेकर युवाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी वरुण शुक्ला ने कहा कि हार जीत का ख्याल किए बगैर खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे आने का बेहतर अवसर मिलेगा और ये खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पतुलकी गणेश शंकर दुबे, मनोज केसरी पूर्व प्रधान लालगंज, धमेंद्र मौर्या, मोहम्मद अमीन शेख, रामजी विश्वकर्मा, अवनीश दुबे, महेंद्र यादव, मुकेश यादव, युवा कांग्रेस नेता रोशन दुबे, मुनाई लाल, रंजन यादव, अशोक बिन्द, मुन्ना लाल बिंद, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश कुमार, रविंद्र सिंह समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहेगी महाराणा प्रताप की वीरता

जौनपुर। राजपूत सेवा समिति द्वारा नगर के कालीचाबाद में स्थापित महाराणा प्रताप प्रतिमा पार्क में सोमवार का वीर शिरोमणि की पुण्यतिथि माल्यार्पण कर मनाया। पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान मेवाड़ के वीर योद्धा, त्याग, तपस्या व अदम्य साहस के प्रतीक, जिनकी वीरता की गाथा युगों-युगों तक प्रेरणादायक



रहेगी, और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर त्याग, बलिदान और वीरता का उच्चतम आदर्श स्थापित किया। आगे उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं, जो केवल शासक नहीं बल्कि विचार बन जाते हैं। ऐसा ही एक नाम है महाराणा प्रताप। वे केवल मेवाड़ के राजा नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की जीवंत मिसाल थे। जब अधिकांश राजपूत शासक मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, तब महाराणा प्रताप ने घास की रोटियां खाकर, जंगलों में रहकर भी गुलामी को ठुकरा दिया। शशि मोहन सिंह क्षेम, अजीत सिंह, डा. सिद्धार्थ सिंह, सर्वेश सिंह, ,रविन्द्र प्रताप सिंह, डॉ विनोद सिंह, शशि सिंह, शशिकांत सिंह, अमर बहादुर सिंह, डॉ नवाब सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, राजेश सिंह, राम प्रताप सिंह विनीत सिंह श्याम राज सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## पुराने जानलेवा हमले में एक गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली पुलिस ने गत वर्ष आपसी विवाद के बाद एक युवक पर जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान किया है। कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई गई थी कि 19 जुलाई की रात सवा दस बजे शिवनगर चैराहे पर पहाड़गंज,शिवनगर निवासी अनुज यादव और पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मसौधा निवासी शिवा कसौधन के बीच विवाद के बाद 20 जुलाई की भोर देवकाली क्षेत्र के कृष्णानगर कालोनी पहुंच युवकों ने अनुज की पिटाई की थी और फिर कार से अगवा कर ले गए थे। मारपीट कर मरणासन्न कर उसको डाभासेमर के पास फेंक दिया गया था। पीड़ित के पिता ने 12 को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी आकाश बदमाश उर्फ आकाश यादव निवासी चांदपुर हरिवंश,पूराकलंदर को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# हंसराज मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल



**देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित खेल मैदान पर सोमवार को आयोजित हंसराज मणि स्मारक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिहार प्रांत के छपरा और कुशीनगर के बीच खेला गया। मुकाबले में छपरा की टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए कुशीनगर को एकतरफा मुकाबले में 4 - 0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया ।मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता बांकेलाल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। दोनों टीमों ने खेल की शुरूआत संतुलित अंदाज में की, लेकिन जल्द ही छपरा की टीम ने दबाव बनाना शुरू कर दिया। पहले हाफ के खेल में 24वें मिनट पर छपरा के खिलाड़ी पंकज कुमार ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को 1 - 0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी और पहला हाफ छपरा के पक्ष में समाप्त हुआ।

● कुशीनगर को 4 – 0 से हराकर फाइनल में पहुंची छपरा

दूसरे हाफ में भी छपरा का दबदबा कायम रहा। खेल के सातवें मिनट पर पंकज कुमार ने एक बार फिर बेहतरीन तालमेल और सटीक निशाने के साथ गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर स्कोर 2 - 0 कर दिया। इसके ठीक आठ मिनट बाद छपरा के ही खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह ने आउटर एरिया से मिली गेंद पर नियंत्रण रखते हुए शानदार मैदानी गोल दागा और टीम को 3 - 0 की बढ़त दिलाई। खेल के अंतिम चरण में रितेश सिंह ने कॉर्नर से आई गेंद को हेडर के जरिए गोलपोस्ट में पहुंचाकर छपरा की 4 - 0 की शानदार जीत सुनिश्चित कर दी। मैच के निर्णायक मंडल में क्रीड़ा भारती कोऑर्डिनेटर श्रीराम यादव, आशा खातून, हीरा निषाद, पिंकी अमरचंद मैराडोना और राजकुमार मद्धेशिया शामिल रहे। मैच की जोशीली कमेंट्री अब्दुल रब ने की। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सुयश मणि त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, बेचन मणि, अनिरुद्ध सिंह, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, आनंददेव गिरी उर्फ चुन्नू, डॉ अमरेंद्र यादव, अनिल मणि उर्फ गुल्लू, तारकेश्वर जायसवाल, अजय सिंह, बृजेश मणि त्रिपाठी, राजन मणि, भरत मणि, विनय पांडेय, अजय शंकर मणि, श्रीप्रवेश मणि, विनोद मणि, अशीत राय, मनाऊअर अली, चंदन मद्धेशिया, अंकित मद्धेशिया, नितिन सोनकर, आकाश मोदनवाल, आकाश पांडेय, बंटी मोदनवाल, अनुज बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

## फर्जी शादी कर शारीरिक शोषण और प्रताड़ना

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र में स्टाम्प पर शादीकर शारीरिक शोषण और गर्भपात कराने तथा घर से निकाल देने के मामले में पुलिस ने शिकायत पर युवक समेत उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। तहरीर में 22 वर्षीय युवती का कहना है कि मुरावन टोला निवासी अमन निषाद का परिवार पिछले कई वर्षों से उनको अपने घर बुलाता था। घर बुलाने के बाद अमन के पिता बरसाती,उसकी मां इसरौती, भाई गिरजेश निषाद और भाभी शांति देवी उसको अमन से शादी करने और घर से भाग जाने के लिए उकसाती थी। पीड़िता का आरोप है कि इन लोगों ने उसको बहला-फुसला कर दो सितंबर 25 को एक फर्जी विवाह अनुबन्ध पत्र बनवाया और लगभग 15 माह अपने घर में रख यौन शोषण व अत्याचार किया। इस दौरान जबरदस्ती दवा खिला गर्भपात करवा दिया। थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि शिकायत पर पांच के खिलाफ साजिशन शादी का झूठा आश्वासन देकर यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अमन मुरावन टोला,सहादतगंज का चालान किया गया है।

## बिजली बिल राहत योजना के तहत गौरी बाजार में चेकिंग अभियान, 53 कनेक्शन काटे

**गौरीबाजार (देवरिया)।** बिजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय गौरीबाजार के उपखंड अधिकारी चंदन जायसवाल के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में जांच की गई। अभियान के दौरान अवर अभियंता राजा कुमार प्रसाद, कृष्मोहन यादव, रजनीश सिंह, जयप्रकाश प्रजापति एवं समस्त लाइनमैन की टीम ने लाला टोली वार्ड, मस्जिद वार्ड, मदनपुर और अकटहिया क्षेत्रों में चेकिंग की। इस दौरान बकाया बिजली बिल न जमा करने पर 45 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए, जबकि बिजली चोरी में पकड़े गए 8 उपभोक्ताओं की भी लाइन विच्छेदित की गई।

विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली बिल राहत योजना के दूसरे चरण का लाभ अवश्य लें। योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत सरचार्ज में तथा 20 प्रतिशत मूलधन में छूट दी जा रही है। यह योजना घरेलू दो किलोवॉट तथा दुकान एक किलोवॉट के उपभोक्ताओं के लिए लागू है। योजना की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं के असेसमेंट बिल में भी 45 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। अधिकारियों ने कहा कि यह उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर है, इसलिए समय रहते बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

## बरहज,देवरिया ।कपरवार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**बरहज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कपरवार स्थित शारदा सीताराम इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को देवरिया से आई डाक्टरों की टीम ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया ।शिविर का निरीक्षण एसडीएम बरहज विपिन कुमार द्विवेदी ने किया। शिविर में पांच सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों को सम्मानित और गरीब असहायों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शंभू शरण सिंह, अजीत जायसवाल, प्रमोद सिंह, विवेक सिंह, अखिलेश सिंह, प्रहलाद गुप्ता, महेन्द्र प्रताप सिंह, राणा प्रताप सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, गौरव सिंह, कमलेश सिंह, मानवेंद्र त्रिपाठी, अजीत सिंह,विश्वनाथ सिंह, मोनू यादव, सीमा सिंह, सुनीता सिंह,सहित

## श्रीमदभागवत कथा सत्य, करुणा, भक्ति के पथ पर चलने की देता है प्रेरणाः अनुष्का पाठक



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर नगर पंचायत के सठियांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा वाचिका अनुष्का पाठक ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण न केवल मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि मानव को सत्य, करुणा और भक्ति के पथ पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाले कष्टों से दूर रहने का एकमात्र उपाय प्रभु का निरंतर भजन-स्मरण और स्वयं को ईश्वर में समर्पित करना है। भागवत कथा जीवन में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है, जो मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से दूर कर भगवान की भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से मन को शांति, बुद्धि को विवेक और जीवन को सही दिशा मिलती है। इससे पूर्व कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान सुभाष सिंह द्वारा व्यास गद्दी के विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर बलराम दास, बैरागी दास, उदयभान दास, सत्यनारायण, गुलाब सिंह, अमर सिंह, दिनेश सिंह, राणा प्रताप सिंह, अशोक सिंह नंदकिशोर, संजय सिंह, आनंद, हरेंद्र सिंह, सत्यदेव गुप्ता बशिष्ठ गोंड, किरन देवी, ममता देवी, अंजू, सुनीता सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं नाई ट्रेड का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को क्षेत्रपाल मंदिरए स्टेशन रोड स्थित श्यावाद स्कूल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल एवं श्री संजय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना हैए जिसके अंतर्गत 10 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनपद के नवयुवक एवं नवयुवतियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है ।कार्यक्रम में यूपीआईडीआर से डिजाइनर आनंद मणि वाजपेईए एलीट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर उपेन्द्र कुमार वर्माए पंकज वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे ।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकए गुणवत्ता सुधारए पैकेजिंगए ब्रांडिंग एवं मार्केट लिंकेज की जानकारी दी जाएगीए जिससे वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षार्थियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं जैसे सीएम युवा अभियानए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद ;ओडीओपीद्ध वित्त पोषण सहायता योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा।

## देवरिया में 24 से 31 जनवरी तक होगा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

देवरिया। ऋषि सेवा समिति देवरिया के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 24 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। यह कथा प्रतिदिन अपराह्न 2 बजे से सायं 6 बजे तक स्वयंवर वाटिका (जहाज कोठी), इंदिरा नगर सीसी रोड, डॉ. बी. भट्टाचार्य के सामने वाली गली में आयोजित होगी। जिसको लेकर समिति के कोषाध्यक्ष व विहिप के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य (गोरक्ष प्रांत) ने भरत अग्रवाल ने बताया कि शिव महापुराण कथा का वाचन काशी निवासी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक, श्रीविद्या सिद्ध संत पूज्य राघव ऋषि जी द्वारा किया जाएगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर 24 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे राम जानकी मंदिर सुभाष चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में 108 महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर शामिल होंगी। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी सहभागिता करेंगे ।कथा के मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा देवी एवं नंदलाल गुप्ता होंगे। इसके अतिरिक्त आठ दिनों तक प्रतिदिन अलग-अलग सहायक यजमानों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। प्रथम दिवस भरत अग्रवाल, द्वितीय दिवस कृष्ण मुरारी मद्धेशिया व ईश्वर चंद्र वर्मा, तृतीय दिवस देवेंद्र लाल श्रीवास्तव व मोतीलाल कुशवाहा, चतुर्थ दिवस धर्मेंद्र जायसवाल व विष्णु अग्रवाल, पंचम दिवस अशोक श्रीवास्तव व डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, षष्ठम दिवस पीयूष तिवारी व हृदयानंद मिश्र, सप्तम दिवस लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल व कामेश्वर सिंह तथा अष्टम दिवस विजय अग्रवाल व अजय अग्रवाल यजमान की भूमिका निभाएंगे। बताया गया कि पूज्य राघव ऋषि जी ज्योतिष विद्या में निपुण हैं तथा उन्हें श्रीविद्या की सिद्धि प्राप्त है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का शुभारम्भ




**कुशीनगर।** जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निदेर्शों के अनुपालन में आज दिनांक 19 जनवरी 2026 को जनपद के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, माननीय शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया ।इस अवसर पर लखनऊ से आई टीम द्वारा बाल विवाह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषयक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अधिवक्ताओं एवं आमजनमानस को बाल विवाह न करने हेतु प्रभावी संदेश दिया गया। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के जिला मिशन समन्वयक नलिन सिंह ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित जनसमूह को अपने बच्चों का बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित किया तथा अपील की कि यदि कहीं भी कम आयु में विवाह (लड़का-21 वर्ष, लड़की-18 वर्ष) की जानकारी मिले तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 अथवा 181 पर सूचना दें। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती वंदना कुशवाहा द्वारा विभागीय योजनाओं—निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराने का आह्वान किया गया। साथ ही प्रदेश में संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों—1098, 181, 1090, 112, 108 एवं 102 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से श्रीमती वंदना गुप्ता (चाइल्ड एजुकेटर) एवं सुश्री साक्षी पाण्डेय (सुपरवाइजर) सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण एवं आमजनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन माननीय अपर जिला जज द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं एवं आमजनमानस को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाकर किया गया।

# कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण के तहत विराट किसान मेले का आयोजन

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चार दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र, पड़ौना में किया गया। विराट किसान मेले का शुभारंभ राजेश्वर सिंह, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। मंत्री ने मेले में आयोजित कृषि प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने एवं गौ-पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री द्वारा किसानों को नीलगाय से फसलों की सुरक्षा हेतु गाय के गोबर को पानी में घोलकर फसल पर छिड़काव करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कु० रिद्धि वर्मा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, सरगटिया द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

लकी तिवारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए), कृषि रक्षा द्वारा रबी फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन, चूहा नियंत्रण तथा कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता एवं अनुदान की विस्तृत जानकारी दी गई। हरिशंकर राय, प्रगतिशील किसान द्वारा प्राकृतिक खेती एवं नीलगाय से फसल सुरक्षा के अपने अनुभव साझा किए गए।

मेले के दौरान मंत्री द्वारा मैनुदीन अंसारी, जाकिर हुसैन, राम नरेश सिंह, सुग्रीव शर्मा एवं शम्भू कुशवाहा को 50 प्रतिशत अनुदान पर तिरपाल तथा सुरेन्द्र दुबे को 80 प्रतिशत अनुदान पर कस्टम हायरिंग सेंटर का वितरण किया गया। डा० विनय कुमार मिश्र, वैज्ञानिक, स्व० बाबू गेवा सिंह गन्ना अनुसंधान संस्थान, सेवरही द्वारा गन्ना की उन्नत खेती एवं चूहा नियंत्रण पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं डा० वाई० पी० भारती, वैज्ञानिक, स्व० बाबू गेदा सिंह गन्ना अनुसंधान संस्थान, सेवरही द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विराट किसान मेले में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, कुशीनगर, संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए 9 हजार कुंतल से अधिक गन्ना बीज आरक्षित

**कुशीनगर।** न्यू इंडिया शुगर मिल्स ढाढा बुजुर्ग 8 जनवरी तक गन्ना मूल्य किसानों के खाते में भेज दिया गया है। हाटा गन्ना समिति के किसानों को 26 करोड़ 43 लाख तथा कसया गन्ना समिति किसानों को 7 करोड़ 53 लाख गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है ।यह जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आर के गुप्ता ने ढाढ़ा चीनी मिल परिसर में कृषकों को दी। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि ढाढा मिल को 13 गन्ना समितियों से गन्ना आपूर्ति हो रहा है इन समिति के कुल कृषकों को 8 जनवरी तक 138 करोड़ 97 लाख रुपया भुगतान उनके खाता में भेज दिया गया है मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना किसानों का विश्वास बनाए रखना समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना पहली प्राथमिकता है। पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने कृषकों को बताया कि अपनी सुविधा अनुसार बसंतकालीन गन्ने के साथ प्याज, भिंडी, मूंग, लौकी, कोहड़ा, लोबिया आदि की सहफसली खेती करे। उपाध्यक्ष गन्ना रविन्द्र सिंह ने बताया कि अभी तक चीनी मिल ने 43 लाख कुंटल गन्ना कि पैराई कर ली है,गन्ना प्रबंधक अभिषेक सिंह, संजय सिंह ने बताया कि हाटा गन्ना समिति के जोनए, बी, सी, डी के खेतो में 9370 कुंतल बीज गन्ना आरक्षित कराया गया है। चार प्रजातियां को 0118 , कोलक 14201, को, पी 9301 को जे 85 आदि। इन प्रजातियों पर 15 मार्च तक 50 रुपए प्रति क्विंटल तथा 15 मार्च के बाद 75 रुपए प्रति क्विंटल पर अनुदान दिया जा रहा है।

# मनरेगा बचाओ यात्रा का स्वागत, सपा-कांग्रेस ने दिया समर्थन

जिला संवाददाता




**देवरिया।** मनरेगा कानून को कमजोर किए जाने के विरोध में निकाली जा रही मनरेगा बचाओ यात्रा का सोमवार को बैतालपुर और गौरीबाजार में जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों के साथ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने यात्रा में शामिल युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके आंदोलन को समर्थन दिया।

बैतालपुर बाजार में समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष ऋषिकेश यादव, तेज प्रताप जायसवाल, राजेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने यात्रा में शामिल युवाओं से मुलाकात कर उनके मुद्दों को जायज बताया। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी और रामाशीष साहनी ने भी गौरी बाजार व बैतालपुर बाजार पहुंचने पर यात्रा का स्वागत करते हुए समर्थन व्यक्त किया ।यात्रा में शामिल गांधीवादी युवाओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने वीबी जीरामजी जैसे मजदूर विरोधी प्रावधानों के जरिए मनरेगा कानून को समाप्त कर दिया है। संसद में बिना पर्याप्त बहस और स्टैंडिंग कमेटी की जांच के मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, साथ ही मजदूरों के काम के अधिकार और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी भी खत्म कर दी गई। उन्होंने कहा कि यह कदम करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के रोजगार अधिकारों पर सीधा हमला है। युवाओं ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा उद्योगपतियों को कम मजदूरी पर श्रमिक उपलब्ध कराना है। मनरेगा बचाओ यात्रा अपने दूसरे दिन गौरी बाजार से शुरू होकर गौरी बुजुर्ग, देवगांव, लंगड़ी, निबही, पोखरभिंडा, सिरजम और सिरजम देई गांवों से गुजरते हुए ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं से संवाद करती हुई बैतालपुर पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा गोरखपुर जिले से निकलकर देवरिया, बलिया, मऊ, गाजीपुर होते हुए बनारस पहुंचेगी। 17 फरवरी को बनारस में यात्रा का समापन होगा। वहीं 19 जनवरी को यात्रा बैतालपुर बाजार से गांव-गांव होते हुए रामपुर कारखाना तक जाएगी। यात्रा की प्रमुख मांगों में काम का संवैधानिक अधिकार बहाल करने, मजदूर विरोधी वीबी जीरामजी कानून वापस लेने और न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन तय करने की मांग शामिल है। यात्रा में रजत सिंह, सतीश साहनी, हिमांशु जयहिंद, मृत्युंजय, प्रियेश पाण्डेय, नीरज कुमार, विवेक मिश्र, तौहीद बेग सहित कई जिलों के युवा कार्यकर्ता शामिल हैं।

# जिला उद्योग, व्यापार और श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए ।बैठक में मेसर्स विशाल ट्रेडिंग कम्पनी, मुसहर बस्ती, जंगल बेलवां, पडरौना के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग के पक्के निर्माण एवं चौड़ीकरण के संबंध में नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि कायार्देश जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, सठियांव, फाजिलनगर के संपर्क मार्ग निर्माण के प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत फाजिलनगर को बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर टेंडर की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मेसर्स बुद्धा वाटर पार्क एवं रिसॉर्ट, एनएच-28, भैंसहां के लंबित धारा-80 प्रकरण में कार्य पूर्ण पाए जाने पर प्रकरण को समाप्त किए जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार मेसर्स खट्टर एडिबिल्स, रामपुर बगहां, कप्तानगंज की विद्युत आपूर्ति समस्या के समाधान की जानकारी देते हुए बताया गया कि नवीन उपकेंद्र भड़सर खास चालू हो जाने से समस्या का पूर्ण समाधान हो गया है, जिस पर समिति द्वारा प्रकरण समाप्त किया गया।

मेसर्स गुरु इंटरप्राइजेज, कसया के इकाई स्थल संपर्क मार्ग के पक्के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। मिनी औद्योगिक आस्थान नदवां विशुनपुर, फाजिलनगर में गाटा संख्या सुधार का कार्य पूर्ण होने पर उद्यमी संगठन द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। मिनी औद्योगिक आस्थान सरगटिया करनपट्टी, दुदही में विद्युत आपूर्ति सुधार के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने एवं ट्रांसफार्मर स्थापना के निर्देश दिए गए। गोला बाजार, कसया स्थित उद्योग विभाग के पुराने प्रशिक्षण केंद्र के पुनर्निर्माण का कार्य अतिक्रमण हटाकर प्रारंभ कराए जाने की जानकारी दी गई, जिस पर प्रकरण समाप्त किया गया ।बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी एवं एमवाईएसवाई योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को लक्ष्य पूर्ति में सकारात्मक सहयोग देने के निर्देश दिए। साथ ही जीबीसी-5 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित ?1200 करोड़ के लक्ष्य को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए कृषि, पर्यटन, आयुष, बेसिक शिक्षा, गन्ना, मत्स्य, खाद्य सुरक्षा, राजस्व, नगर विकास सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश दिए गए। श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों द्वारा आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा रहा है तथा शिविरों के माध्यम से श्रमिकों का पंजीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु अधिकाधिक आवेदन कराने की अपील की तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से 50-50 आवेदन सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों हेतु संचालित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 एवं 09 में प्रवेश हेतु आवेदन 01 जनवरी 2026 से प्रारंभ हैं। पात्रता के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में 30.11.2022 तक पंजीकृत श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जिला श्रम कार्यालय, पडरौना अथवा वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 है तथा चयन परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वंदिता श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, उपायुक्त राज्यकर, अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुश्री अलंकृता उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी संघ के अध्यक्ष रामअशीष जायसवाल एवं अन्य उद्यमी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## सुलहवार्ता के माध्यम से वादों का होगा निस्तारण

बहराइच । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में में 01 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक त्रैमासिक विशेष मध्यस्थता अन्तर्गत द्वितीय चरण का अभियान संचालित कर राष्ट्र हित में सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण कराया जायेगा। अभियान अन्तर्गत निस्तारित होने वाले वादों से वादी व प्रतिवादी दोनों पक्ष लाभान्वित होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि तीन महीने तक चलने वाले विशेष मध्यस्थता अभियान अन्तर्गत 01 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक पत्रावलियों को चिन्हित कर मध्यस्थता केन्द्र भेजा जाएगा। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि मध्यस्थता केन्द्र में वैवाहिक विवाद के मामलें, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउन्स, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋृण वसूली, सम्पत्ति के बंटवारे, उन्हें मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में संदर्भित किया जाएगा।

संक्षेप

## युवक की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत, किशोर गंभीर

सीतापुर। जनपद के संदना थाना क्षेत्र में बीती रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार की दिनर रात करीब 9:30 बजे की है। ग्राम नसीराबाद निवासी मुन्नू पुत्र छेद्दू के अनुसार, पड़ोसी गांव नहोइया निवासी संतोष पुत्र चंद्रिका अपनी खराब मोटरसाइकिल को इस्माइलगंज की ओर खींचकर ले जा रहे थे। उन्होंने मुन्नू से मदद मांगी, जिस पर मुन्नू ने अपने 18 वर्षीय पुत्र अभिनंदन और 10 वर्षीय भतीजे पिंकू को संतोष के साथ मोटरसाइकिल में धक्का लगाने के लिए भेज दिया। जब तीनों करपन चैराहे के पास पहुंचे, तभी सिधौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूबी कार संख्या डीएल 8केएक्स 3991 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अभिनंदन और पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी सिधौली लाया गया, जहां से अभिनंदन को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान अभिनंदन की मौत हो गई, जबकि पिंकू की हालत नाजुक बनी हुई है। थानाध्यक्ष संदना के अनुसार तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल जिला अस्पताल रेफर

सकरन/सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लहा गांव निवासी सर्वेश कुमार (25) पुत्र कल्लू बाइक से सकरन जा रहा था। सांडा-बिसवां मार्ग पर लहसड़ा गांव के सामने मंदिर के पास सुबह करीब 11:30 बजे सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हेलमेट न लगाने के कारण सर्वेश के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी सांडा भेजा, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया

पाटन, उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की सक्रियता से रावतपुर में हुई हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 11 वर्षीय नाबालिक की हत्या किये के दर्ज केस में जयकुश उर्फ शैलेश शुक्ला पुत्र मनोज कुमार शुक्ला उम्र 19 वर्ष को ग्राम नरेन्द्रपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जहां से जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को थानाध्यक्ष राहुल सिंह, उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह, उ0नि0 नरेन्द्र सिंह, उ0नि0 देवन्द्र कुमार अवस्थी, हे0का0 प्रेमकिशोर अवस्थी द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## युवक की आत्महत्या से मचा हड़कंप

पुरवा, उन्नाव। पुरवा थाना क्षेत्र के मुरैता प्राचीन गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 30 वर्षीय संदीप कुमार पासी के रूप में हुई है, जो दिल्ली में टैक्सी चालक था। जानकारी के अनुसार, संदीप कल यानी 18 जनवरी को घर आया था। आज सुबह करीब 06.00 बजे उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया पुलिस ने पंचायत नामा की कार्यवाही अमल में लाई है और फोरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार संदीप के परिवार में उसके पिता जंगली, माता रामकली और दो भाई शुभम और विकास हैं, जो सभी दिल्ली में रहते हैं। संदीप के पिता जंगली घर पर रहते हैं पुलिस का कहना हैकि संदीप के मोबाइल फोन से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रिटायर्ड लेखपाल के घर लूट से पुलिस महकमे में हड़कंप



सीतापुर। तालगांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में रिटायर्ड लेखपाल के घर हुई सनसनीखेज लूट की वारदात ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। असलहे के बल पर लेखपाल के दो बेटों और उनकी बहुओं को बंधक बनाकर की गई लूट की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज लखनऊ किरण एस सोमवार को खुद मौके पर पहुंचे।

आईजी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और बदमाशों के हौसले, वारदात के तरीके व समय को लेकर विस्तार से पूछताछ की। पीड़ितों ने बताया कि रविवार सुबह बदमाश घर में घुसे और तमंचे के बल पर सभी को बंधक बनाकर नकदी व जेवरात लूट ले गए। बदमाशों ने पूरी वारदात को इत्मीनान से अंजाम दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आईजी ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से घटना के खुलासे को लेकर अब तक की कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस मामले के खुलासे के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही हैं। आईजी ने पुलिस अधीक्षक से प्रगति रिपोर्ट तलब करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### करीबी की भूमिका की आशंका, पुलिस को लगा अहम सुराग

सीतापुर। तालगांव थाना क्षेत्र में रिटायर्ड लेखपाल के घर हुई करीब 20 लाख रुपये से अधिक की लूट के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस वारदात में किसी करीबी व्यक्ति की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। चार टीमें इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और बयानों के आधार पर जांच में जुटी हैं। सूत्रों की मानें तो बदमाश लाइसेंसी रिवॉल्वर छोड़ गए लेकिन कारतूस लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस पुराने चोरों से भी पूछताछ कर रही है, हालांकि अभी तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

## कुकर्म के बाद हत्या के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव में 11 वर्षीय नाबालिग किशोर की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे के साथ पहले कुकर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई।

पुलिस ने नामजद 20 वर्षीय आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव निवासी 11 वर्षीय नाबालिग रविवार को गांव के अन्य बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। शाम करीब पांच बजे तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। बाद में गांव के कुछ बच्चों ने बताया कि उत्कर्ष को आखिरी बार गांव के ही मनोज कुमार शुक्ला के पुत्र शैलेश कुमार शुक्ला उर्फ जयकुश (उम्र करीब 20 वर्ष) के साथ देखा गया था। इस पर संदेह होने पर मृतक के पिता ने बिहार थाने में लिखित नामजद शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी की निशानदेही पर किशोर का शव गांव के पास सरसों के खेत से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि उनके बच्चे के साथ कुकर्म कर उसकी हत्या की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## टीकाकरण में ढिलाई पर कार्रवाई के संकेत

फतेहपुर।आयोजित कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति, बजट उपयोग और पूर्व निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान बहुआ ब्लॉक को छोड़कर सभी ब्लॉकों में बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में नोडल टीचर नियुक्त करने, ब्लॉकवार मेडिकल रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित करने, प्रशिक्षण पूरा करने, मानक अनुसार दवा वितरण तथा प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि कोई बच्चा न छूटे।टीकाकरण व टेली कंसल्टेशन पर सख्तीसमीक्षा में पाया गया कि नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों की रिपोर्ट न देने पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी का वेतन रोक दिया जाए। ई-संजीवनी के तहत बहुआ व देवमई ब्लॉकों में टेली कंसल्टेशन की प्रगति कम होने पर संबंधित एओ को बढ़ाने के निर्देश। मुख्य विकास अधिकारी से मोहम्मदपुर गौती, ललौली, टिकरी, चक्की के एपीएसी में प्रसव प्रगति सुधारने हेतु निरंतर निरीक्षण कराने को कहा।अन्य महत्वपूर्ण निर्देशआभा आईडी रजिस्ट्रेशन में तेजी लाएं स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी।आशा बैठकों में गर्भवती महिलाओं की एएनसी डिलीवरी रिपोर्ट की संवेदनशील समीक्षा कर पंजीकरण बढ़ाएं।गर्भवती महिलाओं बच्चों का समय पर टीकाकरण, पोर्टल फीडिंग, हाईरिस्क मामलों की जांच व सुविधाएं सुनिश्चित करें।एचएमआईएस एलएमआईएस में ई-प्रिस्क्रिप्शन व आईपीडी एडमिशन में लापरवाही न बरतें।बीएचएसएनडी दिवस पर सभी जांच सुविधाएं दें, परस्पर निगरानी रखें।आशा अंगनबाड़ी कार्यकताओं से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर जांच दवा कराएं।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों से दायित्वों का संवेदनशील निर्वहन कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने को कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरी, जिला सलाहकार मातृ स्वास्थ्य आलोक कुमार, एसीएमओ, सीएमएस, डीपीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एमओआईसी सहित स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल, ज्ञापन सौंपकर रखी मांग



पुरवा, उन्नाव। पुरवा में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया में अनियमितताओं के खिलाफ आग्रह पत्र दिया है। अधिवक्ताओं ने प्रमेश श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी पुरवा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों पर वादों के निस्तारण में अवैध तरीके अपनाने का आरोप लगाया गया है। अधिवक्ताओं ने अपने ज्ञापन में कहा कि पीठासीन अधिकारी बिना सम्मन या नोटिस धारा 38 में इन्तकाली बिना पर अगली तिथि को प्रकाश कराये जाने की प्रक्रिया अपनाते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और अपील का समय प्रभावित होता है। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि पीठासीन अधिकारी के कार्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और अवैध प्रक्रिया के तहत वादों के निस्तार से संवैधानिक विधिक व्यवस्था को हानि पहुंच रही है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय के पीठासीन अधिकारी की न्याय की रक्षा के लिए न्यायालय में अनिश्चित काल के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय किया है। अधिवक्ताओं ने प्रमेश श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी और मनीष चतुर्वेदी तहसीलदार पुरवा के न्यायालय का अनिश्चित कालीन बहिष्कार करने का फैसला लिया है, जब तक न्यायालय में विधि व्यवस्था का पालन नहीं होता और न्याय मेरिट पर नहीं होता। सभी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए। ज्ञापन देने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामलाल सोनी, महामंत्री सुमेर सिंह व राम-लखन यादव, नरेन्द्र कुमार रावत एडवोकेट सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

## महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

सीतापुर। वीर शिरोमणि और राष्ट्र गौरव के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की 429वीं पुण्यतिथि के अवसर पर क्षत्रिय समाज सीतापुर द्वारा बाईपास स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समाज के संरक्षक अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने सुख-शांति को त्यागकर जंगलों में रहना और घास-फूस पर जीवन व्यतीत करना उचित समझा। उन्होंने कभी मुगल दासता स्वीकार नहीं की और अपनी मातृभूमि के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित किया। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने महाराणा प्रताप के संघर्ष और त्याग को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। श्रद्धांजलि सभा में मनोज सिंह, शैलेन्द्र सिंह चौहान, दिव्यांश तोमर, अमन विक्रम सिंह, संजय शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

सीतापुर। महान वीर योद्धा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की 429वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सीतापुर में भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में काशीराम कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थल पर संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप जी को कोटि-कोटि नमन किया। वक्ताओं ने उनके शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन देश और समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सभी उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अंकित सिंह तोमर, संजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित क्षत्रिय समाज के वरिष्ठजन और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीतापुर। रामपुर कलां थाना क्षेत्र के मवैया गांव में 24 वर्षीय राम केश पुत्र हरी प्रसाद ने अज्ञात कारणों से अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक को उसके चाचा राकेश उर्फ कोहिरा ने फंदे पर लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रामपुर कलां पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## बार काउंसिल चुनाव में प्रत्याशियों का जनसंपर्क तेज



फतेहपुर । बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश चुनाव में सदस्य पद के विभिन्न प्रत्याशियों ने कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के बीच जनसंपर्क तेज कर दिया। कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर में भ्रमण कर भंडारों का आयोजन किया गया तथा अधिवक्ता हितों से जुड़ी मांगें उठाईं।

प्रमुख प्रत्याशियों ने वोट की अपील की। नरेश चंद त्रिपाठी भंडारा व व्यापक मांगेंपूर्व अध्यक्ष व महामंत्री कानपुर बार एसोसिएशन नरेश चंद त्रिपाठी एडवोकेट 'कट्टा गुरु' ने कचहरी लाइब्रेरी हॉल में भंडारा आयोजित किया। कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर में वकीलों से जनसंपर्क के बाद सभी को भोजन ग्रहण करने का आग्रह किया। आगमन पर अधिवक्ताओं का आभार जताया।उन्होंने अधिवक्ता हितों के लिए ये प्रमुख मांगें रखीं:अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराना।परिवारों को आयुष्मान योजना में शामिल करना।नवागंतुकों को सम्मान पेंशन।प्रत्येक न्यायालय तहसील में चैंबर व्यवस्था व ई-लाइब्रेरी स्थापना।विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित सीट हेतु संविधान होने पर सरकार पर दबाव बनाने का वादा किया। मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, अभिलाष मिश्रा, जालिम सिंह, देवेंद्र सिंह गौतम, नरेश मिश्रा, पवन मिश्रा, पूर्व विधायक आदित्य पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय अवस्थी, समरजीत सिंह, रतन तिवारी आदि उपस्थित।अनुराग पांडे युवा समर्थन पर जोरबार काउंसिल उपाध्यक्ष अनुराग पांडे ने कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर भ्रमण कर युवा अधिवक्ताओं से मुलाकात की। युवा संगठन संयोजक शाश्वत गर्ग के नेतृत्व में समर्थन की अपील हुई। अधिवक्ताओं का मान-सम्मान रक्षा पहली प्राथमिकता बताई। मौके पर मा. लाला अभय सिंह, अभय शुक्ला, शुभम सिंह, सुंदरम शुक्ला, संतु तिवारी, विदित सिंह, विकास कुमार, अनंत चंदेल, शिव मोहन शुक्ला, सिद्धार्थ द्विवेदी आदि सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद।

# प्रदूषण की मार झेल रही लोन नदी



उन्नाव। जिला सहित आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली लोन नदी की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। नदी में बढ़ते प्रदूषण ने न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोन नदी में लगातार गंदा पानी और कचरा गिरने से उसका प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है। बाईपास क्षेत्र से होकर गुजरने वाली लोन नदी की हालत और भी खराब बताई जा रही है, जहां दुर्गंध और गंदगी आम हो चुकी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में पूरी तरह उदासीन नजर आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा संपर्क करने पर अधिकारी या तो फोन नहीं उठाते, और यदि कभी फोन उठ भी जाए तो सवाल पूछते ही मीटिंग में होने का बहाना बनाकर टालमटोल कर देते हैं। नदी की दुर्दशा को लेकर लोगों में भारी रोष है जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यदि समय रहते लोन नदी को प्रदूषण से मुक्त कराने के प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

### फसल की सिचाई लायक नही है लोन नदी का पानी

बीघापुर। नदी का पानी दूषित, काला व बदबूदार होने से नदी के किनारे के गांवों के लोगों के सामने समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। पशु पक्षी भी इसका पानी नहीं पीते हैं। संक्रामक रोग फैलने की संभावना होने से लोग भयभीत हैं। कभी जीवनदायिनी रही लोन नदी का पानी आज पीना तो दूर फसलों को सींचने लायक नहीं बचा है। प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई होने के कारण खेतों की उपजाऊ क्षमता घटने लगी है। कभी जिन खेतों में फसलें लहलहाती थीं आज वह बंजर नजर आने लगे हैं। यही नहीं नदी के विषैले पानी का असर आसपास के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है। गांवों में जाजनपुर अटवट, कटहर, गढ़ाकोला, सलेथू, भाटमऊ, अफसरी ससान अढौली, जाजनपुर, बैजुवामऊ, मेडीलालखेड़ा व परसंडा दैता भैरमपुर रामपुर सिरियापुर समेत अन्य गांवों की करीब एक लाख आबादी प्रदूषित पानी पीने को मजबूर है।

### क्या बोले प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी

जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी शशि बिंदकर से बात की गयी तो उन्होने बताया कि अभी वह मीटिंग में है। बाद में बात करते है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका फोन नही आया।

## निर्माण होने के बाद हटायी जायेगी अस्थायी दीवार



उन्नाव। स्थानीय गांधी नगर तिराहा के सुंदरीकरण के लिए एक गोल भव्य तिराहा का निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर कई तरह की नकारात्मक खबरें भी सोशल मीडिया के मंच पर देखने को मिली। जब मामले की पडताल की गयी तो सत्यता कुछ और निकल कर आयी।

दरअसल यूडीए सचिव ने पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट की। उन्होने बताया कि तिराहे पर हो रहे निर्माण को गोलाकार रुप देने के लिए बाहरी व अंदरुनी परिधि में एक अस्थायी दीवार का निर्माण कराया जा रहा है। बीच का निर्माण होने के बाद बाहरी व अंदरुनी दीवार हटा दी जाएगी। इससे निर्माण को मजबूती मिलेगी और कार्य सरलता से शीघ्र हो जाएगा। पूर्व की खबरों में इस निर्माण में पीली ईटों के शामिल करने व बालू से निर्माण की बात कही गयी।

### क्या बोले यूडीए सचिव

मामले में जब यूडीए सचिव शुभम यादव ने कहा कि मेरे संज्ञान में ऐसी जानकारी आयी थी। लेकिन उन्होने बताया कि बिना मुझसे जानकारी किए लोगो ने ऐसी भ्रामक खबर फैला दी। बल्कि हकीकत यह है कि गोल आकार की वह बाक्सिंग अस्थाई रुप से बनायी गयी है। बीच में निर्माण पूरा होने के बाद अस्थायी दीवार हटा दी जाएगी।

## समरसता भोज का आयोजन जरूरतमंदों को कंबल वितरित

सीतापुर। विकासखंड कसमण्डा के सरैया गांव में सोमवार को सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विसवा विधायक निर्मल वर्मा रहे। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, वहीं पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र व डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया।



विधायक निर्मल वर्मा ने जनसंवाद के दौरान कहा कि समाज को जोड़ने वाले ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। आयोजक दीपक शुक्ला ने कहा कि समरसता भोज के माध्यम से समाज में समानता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना ही आयोजन का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन अरविंद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष बच्चे बाजपेई, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री रवि तिवारी, मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, श्रीगोपाल शुक्ला, आर्यन शुक्ला, कुलदीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विधायक ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

सीतापुर। विकासखंड कसमण्डा के सरैया गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन सोमवार को विसवा विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप शुक्ला द्वारा विधायक को पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य की मजबूत नींव हैं।



सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए भवन से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर आयोजक दीपक शुक्ला ने कहा कि गांव के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सबसे अहम हैं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सोहन लाल, प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष भार्गव, बीडीओ कसमण्डा राकेश श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संजय शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद आकिब, पंचायत सेवक मधुबाला मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय कुश्ती दंगल का शुभारम्भ

सीतापुर। हजरत गुलजार शाह रह० अलैह के ऐतिहासिक मेले के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ कोतवाली बिसवां में तैनात उपनिरीक्षक मंजीत कुमार एवं उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों ने अखाड़े में उतरकर पहलवानों से हाथ मिलवाते हुए कुश्ती प्रतियोगिता की विधिवत शुरूआत कराई। इस अवसर पर मेला सदर मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैय्यद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली अंसारी एवं दंगल आयोजक शौकत पहलवान द्वारा मुख्य अतिथियों का पगड़ी बांधकर तथा बैज अलंकरण कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती दंगल भारत का प्राचीनतम और विशुद्ध देशी खेल है, जो खेल भावना के साथ समाज में भाईचारे, अनुशासन एवं सौहार्द को बढ़ावा देता है। दंगल की पहली कुश्ती सुल्तान वारसी पहलवान (देवा) एवं साका पहलवान (उत्तराखंड) के मध्य हुई, जिसमें सुल्तान वारसी ने जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती बाबा बजरंगी पहलवान (अयोध्या) एवं रंजीत पहलवान (राजस्थान) के बीच हुई, जिसमें बाबा बजरंगी ने शानदार दांव-पेंच से विजय पाई। तीसरी कुश्ती राजा पहलवान (मुजफ्फरनगर) एवं गोलू पहलवान (लखनऊ) के मध्य हुई, जिसमें राजा पहलवान विजयी रहे। इसके अतिरिक्त जियाउल पहलवान सांडा, इंद्रजीत पहलवान (गोंडा), मनोज पहलवान (हरियाणा), बब्लू पहलवान (बरेली) सहित अन्य पहलवानों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक शौकत पहलवान द्वारा विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दंगल कन्वीनर रियाजुद्दीन उर्फ गुड्डू, नफीस अहमद, अनीस हसन आब्दी, बदर हयात खान, नुसरत अली, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, आफताब आलम पप्पू, अन्नू सहित बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे।

## देश आज गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहाः सांसद

सीतापुर। सेवता विधानसभा क्षेत्र को जातीय विद्वेष, धार्मिक उन्माद और उत्पात की राजनीति का केंद्र बनाने वाले तानाशाहों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 24 जनवरी को होने वाला संविधान बचाओ संवादह्न इसी संघर्ष का प्रस्थान बिंदु बनेगा। उक्त विचार मोइया में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने व्यक्त किए। सांसद राठौर ने कहा कि देश आज गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहा है और राहुल गांधी ही आज के गांधी हैं। उनके नेतृत्व में ही देश को इस संकट से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस सड़कों से संसद तक संघर्ष करेगी।जनसभा में डॉ. बृजबिहारी ने कहा कि भाजपा गुजरात के बाद सेवता को भी साम्प्रदायिक उन्माद और हिंसा की राजनीति का केंद्र बनाना चाहती है, लेकिन सेवता के नागरिक ऐसा कभी नहीं होने देंगे। कार्यक्रम के आयोजक राहुल सिंह ने कहा कि सेवता किसी तानाशाह की जागीर नहीं बनेगा और यहां से तानाशाही का अंत तय है। इस अवसर पर रोशनी गुप्ता, भगवंत सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अनूप मिश्र, लोकगायक लल्लन गौतम, सुनीला रावत एवं जिला पंचायत सदस्य सुनीता गौतम ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व सांसद राकेश राठौर का मंगू चैराहा पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने भागू पुरवा, धनावा और कलिमापुर में विशाल जनसभाओं को संबोधित कर संविधान बचाओ संवाद को सफल बनाने का आह्वान किया।

## निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जायेः डीएम

सीतापुर, । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को सीतापुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय की क्षमता को दोगुना किए जाने के उद्देश्य से कराए जा रहे अनावासीय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए तथा इसे तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, जिससे पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रशिक्षण क्षमता में शीघ्र वृद्धि हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सोमवार को परिवहन विभाग द्वारा खैराबाद स्थित टोल प्लाजा पर वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क पर चलने वाले चालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा।शिविर में 200 से अधिक वाहन चालकों व परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत चिकित्सक डॉ. विजय सिंह एवं डॉ. रिचा गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उचित चिकित्सीय परामर्श दिया।

संक्षेप

## नौकरी के नाम पर लोगों से ऐंठे 10 लाख, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये ऐंठने वाले जालसाज के विरूद्ध अतर्रा थाना क्षेत्र निवासी महेश कुमार सहित 16 लोगों ने थाने में तहरीर दी है। कहा कि लखनऊ के नहरिया बागेश्वर निवासी संदीप सिंह ने नगर पालिका में सर्वे अधिकारी बनकर भेंट की। उसने कहा कि नगर पालिका में संविदा की नौकरी में लगवा दूंगा, सभी लोग 10 लाख रुपये एकत्र कर मुझे दो। संदीप सिंह सर्व शिक्षण अधिकारी बनकर नगर पालिका आया था। उसके झांसे में आकर सभी ने मिलकर दस लाख रुपए एकत्र किए और उसे दे दिए। ज्वाइन करने के लिए वह इधर-उधर की बातें लगातार कर आश्वासन देता रहा। बीते 14 अक्टूबर को उसने एक नियुक्ति पत्र भी दिया।

कहा कि शीघ्र ही ज्वाइनिंग मिल जाएगी लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। अब संदीप सिंह ने मोबाइल भी बंद कर लिया है।

पैसा वापस मांगने पर गाली-गलौज व जानमाल की धमकी देता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुंगरिया में रहने वाले आशीष राजपूत पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई महेन्द्र उसके गांव की आलोप पत्नी रतिराम सहरिया से प्रेम करता था। लगभग चार माह पहले आलोप ने अपनी बहन थाना जखौरा के ग्राम जैरवारा में राजो पत्नी स्व.खूबे उसके घर रहने लगी। अपनी बहन राजो की जमीन बटाई को लेकर गेंहू की खेती कर रही थी।

16 जनवरी को रात करीब 11 बजे महेन्द्र व उसका भाई अत्तू उर्फ अवतार पुत्र किशनलाल आलोप से मिलने आया और उसके भाई महेन्द्र को देखकर गालियां देते हुये मुंह पर चप्पल मार दी और बेइज्जत करते हुये उससे कर जाने की बात कही। अगले दिन उसके भाई ने आलोप व रतिराम द्वारा किये गये दुष्प्रेरण से आहत होकर जंगल में जाकर पेड़ से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## धमकी से भयभीत युवक ने की आत्महत्या

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं।

आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रंगदारी मांगने वाला युवक गिरफ्तार

**बांदा।** खदान संचालक से पत्रकार बताकर रंगदारी मांगने वाले युवक को थाना पैलानी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना पैलानी क्षेत्र के खप्टिहा कला गांव निवासी अर्जुन सिंह पुत्र लक्ष्मी सिंह ने बीते दिनों थाना में तहरीर देकर कहा था कि ग्राम खप्टिहा कलां का रहने वाला पवन पुत्र रामप्रकाश अपने को पत्रकार बताकर कहा कि तुम सांड़ी बालू खदान के लिए काम करते हो। इसके बदले 50 हजार रुपये अथवा प्रतिदिन 500 रुपये दो। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे पहले भी युवक रंगदारी वसूलने की भरसक कोशिश कर चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर रंगदारी मांगने वाले युवक पवन पुत्र रामप्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अदालत ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

# चोरी की दो घटनाओं का पुलिस ने किया पर्दाफाश, माल सहित दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, जेवरात, गैस सिलेंडर, बैटरियां और घरेलू बर्तन बरामद किए गए हैं।

स्योहारा थाना पुलिस के अनुसार बीती 17 जनवरी को कस्बा स्योहारा के मोहल्ला मुस्लिम चैधरियान निवासी रुकसार पत्नी फईम अहमद ने थाने पर तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उसके घर से दो बैटरी, गैस सिलेंडर, पीली व सफेद धातु के जेवर, लगभग 20 हजार रुपये नकद तथा पीतल व एल्यूमिनियम के बर्तन चोरी कर ले गए हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए कार्रवाही शुरू की। जबकि ग्राम कुरी बांगर निवासी चांद बाबू पुत्र बुन्दू खां ने भी कोल्हू से इन्वर्टर और बैटरी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। जांच के दौरान थाना स्योहारा पुलिस ने दोनों मामलों में संलिप्त फरमान पुत्र अशरफ और शानू उर्फ शहनाबाज पुत्र अकरम निवासी मोहल्ला मुस्लिम चैधरियान, कस्बा स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक नाक की नथली, बिछुए, जेवरों के सैंपल, गैस सिलेंडर, ट्यूबलर बैटरियां, बड़ी लिवगार्ड बैटरी, घरेलू बर्तन तथा 9500 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पैसों की तंगी और नशे की लत के चलते उन्होंने बंद पड़े मकान को निशाना बनाया और चोरी का सामान छिपा दिया था, जिसे बेचने के लिए ले जाते समय पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक संजय त्यागी, उप निरीक्षक प्रमोद शर्मा व हेड कांस्टेबल ब्रजपाल शामिल रहे।

# मर्णिकर्णिका घाट की ऐतिहासिकता को मिटा रही सरकारः कांग्रेस

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** भारत की महान विभूति और देश की पहली महिला शिक्षिका मां अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा दशकों पहले बनारस में जीर्णोद्धार कराये गये ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को अचानक से ध्वस्त किये जाने का आरोप लगाते हुये प्रदेश भर में कांग्रेस आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को सौंपा है।

- नगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, उठायी जांच की मांग
- जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकरजी द्वारा करवाया गया था

ज्ञापन में नगर कांग्रेस कमेटी ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को बीती 10 जनवरी 2026 को अचानक ध्वस्त करा दिया गया, जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकरजी द्वारा करवाया गया था। यह स्थान माता अहिल्याबाईजी के लिए बहुत महत्व रखता था। यही नहीं यहां पर स्थापित माता अहिल्याबाई होलकरजी की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी ध्वस्तीकरण के पश्चात मणिकर्णिका घाट के मलवे में दबी पड़ी है। यह कार्यवाही उस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को पूरी तरह अनदेखा करते हुए की गयी। कांग्रेसियों ने सरकार के इस शर्मनाक और अप्रतिष्ठित कार्य की कड़े शब्दों में निंदा की। इस सम्बन्ध में खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटिज ट्रस्ट इंदौर द्वारा भी अपना विरोध दर्ज कराया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार द्वारा उक्त विरासत पर की गयी कार्यवाही के विरोध में जिला मुख्यालयों पर महामहिम राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपे जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेसियों ने इस लापरवाही की पूरी जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने, मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होल्करजी की मूर्ति की स्थापना एवं घाटों के सौंदर्गीकरण का कार्य काशी के सम्मानित धमार्चार्यों एवं काशीवासियों के साथ विचार-विमर्श के उपरान्त ही कराये जाने की मांग उठायी गयी।

## जितनी जातियां, उससे ज्यादा वर्गवादः धीरेन्द्र शास्त्री




**बांदा।** शहर के चिल्ला रोड स्थित रामदा होटल में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक श्रीराम ने भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रांत प्रचारक श्रीराम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिंदुओं के संगठित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदुओं से जाति, बिरादरी से ऊपर उठकर समाज में समरसता बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जातियां पहले भी थीं, पर जातिवाद नहीं था। आज जितनी जातियां नहीं है उससे ज्यादा जातिवाद है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जनसंख्या बढ़ाने तथा बच्चों को नौकरी-व्यापार के साथ संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को पवित्र सनातन धर्म, संस्कृति एवं समाज की सदैव रक्षा करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सह-प्रांत प्रचारक मुनिश, विभाग प्रचारक ऋतुराज, विभाग कार्यवाह संजय, सुरेंद्र, श्यामसुंदर, अनुराग, रामनाथ, उमाशंकर व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्याम निगम ने किया।

## पत्नी, बेटी पर हमले के सिपाही का नदी में उतराता मिला शव

**बांदा।** पीआरबी 112 के ड्राइवर के पत्नी व बेटी को घायल कर देने की घटना के बाद नदी में छलांग लागकर आत्महत्या करने की गुत्थी सुलझ गयी है। मरका थाना के पीआरबी 5468 के चालक गौरव यादव ने मकर संक्रांति पर पत्नी शिवानी और पुत्री परी को धारदार हथियार से लहूलुहान कर मरका असोथर पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। लापता शव की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम कई दिनों से तलाश कर रही थी। घटना के 72 घंटे बीत जाने के बाद सोमवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे शव बरामद हुआ। कुटी घाट कंडई नार के पास किसान देशराज निषाद, छविनाथ, मुन्ना केवट निवासी मरका अपने खेत देखने गए थे तभी उनको नदी में शव उतराता हुआ दिखा। तलाश कर रहे एसआई दुर्विजय सिंह, कास्टेबल राहुल कुमार, महेंद्र कुमार सिपाही के के, एसडीआरएफ के जवानों को सूचना मिली तो तत्काल मरका थाना स्टॉफ से एसआई रमेश मौर्या, अजय कुमार पाण्डेय ने पहुंचकर नाविकों के सहारे शव को नदी से बाहर निकलवाया और सूचना फील्ड यूनिट को दी। फील्ड यूनिट ने पहुंचकर कार्यवाही की। थाना प्रभारी मिथलेश कुमार सिंह ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गुलाबी महिला उत्थान समिति की राष्ट्रीय कमांडर सुमन सिंह का आकस्मिक निधन



**महोबा।** गुलाबी महिला उत्थान समिति की राष्ट्रीय कमांडर सुमन सिंह का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से संगठन सहित समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। वे लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और जरूरतमंद महिलाओं के उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही थीं। सुमन सिंह के नेतृत्व में गुलाबी महिला उत्थान समिति ने देशभर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने और उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण संगठन को नई पहचान मिली। उनके आकस्मिक निधन पर समिति के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समाज के विभिन्न वर्गों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कई सामाजिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जाना महिला आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। सुमन सिंह का जीवन संघर्ष, सेवा और प्रेरणा का प्रतीक रहा, जिसे हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

# स्कूलों में लगे 15 वर्ष पुराने वाहनों का पंजीयन करें निरस्त



**बांदा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला परिवहन सुरक्षायान की बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने स्कूली वाहनों की फिटनेस की चेकिंग कराए जाने और 15 वर्ष से पहले के वाहनों का पंजीकरण निरस्त कराए जाने के साथ ही सभी विद्यालयों के चालक एवं परिचालकों का चरित्र सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि विद्यालय प्रबंधन स्कूल में 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं को वाहन लेकर आने पर रोक लगाएं। विद्यालयों के आगे स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश भी डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। विद्यालयों के परिचालकों का नेत्र परीक्षण कराने के लिए शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने स्कूलों की सड़कों की गड्ढों की मरम्मत किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए जिलाधिकारी ने लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में पिछले माह में कमी आई है। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने और शमन शुल्क वसूलने के निर्देश दिए। जानकारी दी गयी कि 112 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई कर लगभग 59 लाख का शमन शुल्क वसूला गया। डीएम ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को महोखर के पास सड़क को ठीक कराए जाने, ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षाधिकारी व स्कूलों के प्रबंधक मौजूद रहे।

# एसआईआर में बीएलओ व सुपरवाइजरों को आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित हुई कार्यशाला



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। इस दौरान विधानसभा ललितपुर व महरौनी के समस्त बीएलओ व सुपरवाईजरों ने प्रतिभाग किया। यहां पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने एसआईआर के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं की मैपिंग में आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में बिंदुवार फार्म भरने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। बताया गया कि जो मतदाता एसआईआर के प्रथम चरण में छूट गए हैं, उनकी मैपिंग के लिए गांव-गांव में अभियान चल रहा है, जिसमें ऐसे पात्र मतदाताओं का फार्म 6 भरवाया जा रहा है। इस सम्बंध में निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी वैद्य मतदाता छूटने न पाये, इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर भ्रान्तियों को दूर किया जाए।

- फार्म 6, 7 व 8 को भरने के सम्बंध में पीपीटी के माध्यम से दी गई बारीक जानकारी

इसके साथ ही नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस प्राप्त कराकर मौके पर ही उनसे सम्बंधित दस्तावेज प्राप्त करें और उनका फार्म भरवाएं, मतदाताओं को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस कार्यवाही से उन्हें किसी भी प्रकार की जानी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसडी मैपिंग के दौरान डुप्लीकेट, शिफ्टिड व मृतक मतदाताओं के सम्बंध में उनके फार्मों पर स्पष्ट कारण लिखा जाए, ताकि मैपिंग व फीडिंग के दौरान कोई समस्या न आए। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर महेन्द्र कुमार ने सभी बीएलओ व सुपरवाईजरों को फार्म 6, 7 व 8 को भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिये जाने, गणना प्रपत्रों में फोटो अपलोड की स्थिति एवं गणना प्रपत्र भरने सम्बंधी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बीएलओ व सुपरवाईजरों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये गए। साथ ही एसआईआर के दौरान दिवंगत बीएलओ के लिए 2 मिनट तक मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार सदर व दोनो विधानसभाओं के बीएलओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

## व्यापारियों का अनशन जारी, विरोधी दल उतरे मैदान में



**बांदा।** कस्बा बबेरू में चैराहे के चैड़ीकरण व सुंदरीकरण के विरोध में व्यापारियों का अनशन 6वें दिन भी जारी रहा। व्यापारियों ने आशियाना बचाने को लेकर तहसील का घेराव कर धरना दिया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष के के महंत के नेतृत्व में तहसील का घेराव करने के बाद उपजिलाधिकारी अविनाश त्यागी को ज्ञापन दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि व्यापारियों के आशियाने बचाने के लिए अंतिम दम तक लड़ाई लड़ी जाएगी। पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुये कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं होगा। सरकार व्यापारियों के हित में सोंचे और बाईपास निकाला जाए, बड़े वाहनों को वहीं से निकाला जाए, चैराहे का गोला कम किया जाए। सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। सरकारें आती जाती रहती हैं। व्यापारियों के उत्पीड़न का बदला लिया जाएगा। अध्यक्ष केके महंत ने कहा चैराहे को ही केंद्र बिंदु मानकर सुंदरीकरण किया है। नोटिस को निरस्त कर पुनः पैमाइश कराई जाए। बात नहीं सुनी गई तो क्रमिक अनशन को आमरण अनशन में बदला जाएगा। इस दौरान नीरज राजवंशी, रामकृपाल, बज्जू, कौशल, अमित कचेर, राजू कचरे, पंकज, अर्चना सिंह पटेल, सावित्री देवी, विकास रस्तोगी व बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## सतौरा में राशन की दुकान निर्माण कराने की मांग

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा की ग्राम पंचायत सतौरा में राशन की स्वीकृत दुकान को संचालित कराये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में डीएम को अवगत कराया कि शासन द्वारा प्रत्येक गांव में राशन की दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत सतौरा में भी राशन की दुकान का निर्माण होना है, जिसमें ग्राम पंचायत सतौरा की आबादी 3 हजार के लगभग है और ग्राम पंचायत सतौरा में सम्मिलित ग्राम कोकटा की आबादी 500 लगभग है। सतौरा में दुकान का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जबकि कोकटा में लेखपाल द्वारा राशन की दुकान की नाप कर दी गयी है। ग्राम पंचायत सतौरा के लोगों ने जब लेखपाल से कहा तो उन्होंने कहा कि वह जहां चाहेंगे, वहां दुकान का निर्माण होगा। ग्रामीणों ने भविष्य की चिन्ता व्यक्त करते हुये लेखपाल के खिलाफ जांच कराये जाने और गांव में राशन की दुकान निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सूरत सिंह, नरेन्द्र सिंह, रबुन्दे, ग्राम प्रधान रामकली, सोनू, मनीराम, राजेन्द्र, कल्लो, नन्दकिशोर, कालूराम लखपति, मलू, दिनेश, नीरज, अवध, सुम्मन, जस्सू, धनसिंह, धीरेन्द्र, महेन्द्र, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, सरमन, प्रकाश के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहेंः एआरटीओ




**ललितपुर।** सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय जखौरा में पंचायत स्तरीय जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में एआरटीओ ने विस्तार से जानकारी दी। बताया कि वाहन चालक सड़क पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे, नशे की हालत में वाहन न चलाये, तेज रफ्तार में वाहन न चलाये, सड़क पर वाहन चलाते समय किसी भी वाहन को ओबर टेक न करें, दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठालकर वाहन न चलाये, वाहन चालकों द्वारा सड़क पर वाहन चलाते समय की गई जरा सी लापरवाही कितनों का सुहाग छीन लेती है और कितनों को अनाथ बना देती है। इसलिये अगर सड़क पर शराब पीकर वाहन चलाउगे तो मुफ्त में दुर्घटना पाउगे इसलिये हम सभी लोगों की जिन्दगी बहुत अनमोल है इसलिये हम सभी लोगों को व सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिये क्योंकि अपने घर पर अपना परिवार अपने लौटने का इन्तजार करता रहता है। इस दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी बाटे गये। इस कार्यक्रम में बीडीओ, एआरटीओ विपिन कुमार चौधरी, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## धरना देने पर पांच नामजद किसान नेता और 30 से अधिक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** पुलिस ने ट्रक चालक की मौत के मामले में बीती 16 जनवरी को बुंदकी चीनी मिल गेट पर धरना देने पर 5 किसान नेताओं को नामजद करते हुए 30 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगीना देहात थाने में दर्ज कराए गए मुकदमें में बुंदकी चीनी मिल के अपर प्रबंधक प्रशासन पलविंदर सिंह ने कहा कि बीती 15 जनवरी को चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र से एक ट्रक गन्ना लेकर आया था। ट्रक का चालक गन्ना उतारने के बाद रात्रि में ट्रक को खड़ा कर ट्रक के केबिन में ही सो गया था। ट्रक चालक सोवेंद्र की 16 जनवरी की सुबह मृत्यु होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस जब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, तभी मृतक के गांव के व अन्य व्यक्ति इकट्ठा हो गए तथा मिल गेट पर 30 से अधिक लोगों द्वारा मिल के ट्रक गेट को बाधित किया गया। मुकदमे में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा, जिला उपाध्यक्ष भाकियू (महात्मा टिकैत) जितेंद्र हुड्डा, जिला अध्यक्ष सुखवेंदर सिंह, जिला महासचिव कुलदीप सिंह मोर को नामजद किया गया है। पुलिस द्वारा पांच नामजद के अलावा 30 से अधिक अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सीओ डॉ0 अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

# नगर में डोर टू डोर गीला व सूखे कूड़े का सही तरह से निस्तारण करेंः एडीएम

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय एवं नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सूर्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक नागरिकों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि चयनित स्थानों पर शिविर लगाकर आमजन को पीएम सूर्य योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान एवं लाभों की विस्तृत जानकारी देना सुनिश्चित करें और अन्य सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दें। उन्होंने निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत निर्माण अधीन पुस्तकालय का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सर्दी के दृष्टिगत सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते हुए गोवंशों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरों को संचालित करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की गोवंशों को उपचार के दौरान दी जाने वाली दवाओं का रजिस्टर बनाए तथा उसको अद्यतन भी रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि निराश्रित स्वानों के लिए अस्थायी/स्थायी आश्रय स्थलों की व्यवस्था करना, बीमार एवं घायल स्वानों के उपचार के लिए त्वरित कार्यवाही करना तथा वहां आहार व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा गीला कूड़ा व सूखा कूड़े का सही प्रकार से निस्तारण करना करें। उन्होंने नगर पालिकाओं एवं ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि कोई भी साप्ताहिक बाजार सार्वजनिक स्थल या रोड पर न लगे जिससे कि वहां आवागम बाधित न हो तथा अपने निकाय क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बाजारों से शत प्रतिशत शुल्क वसूलना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करें। उन्होंने बैठक के सभी बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकाय क्षेत्रों में जो बड़े-बड़े कार्य लंबित हैं, उनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यथाशीघ्र उनको निर्माण कार्य शुरू कराएं। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, परियोजना अधिकारी डूडा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कृष्ण कान्त राहुल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकाय क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

## विचार गोष्ठी व शोक सभा का आयोजन

ललितपुर। गत दिवस नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं शिक्षाविद् भगवत नारायण शर्मा का निधन हो गया। उनके निधन से जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई। श्री शर्मा के सम्मान में एक विचार गोष्ठी एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने भगवत नारायण शर्मा के जीवन और सामाजिक व साहित्यिक योगदान पर विचार व्यक्त किये और अन्त में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा के लिए प्रार्थना की। अपने विचार व्यक्त करते समय वक्ताओं ने उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी एक प्रखर वक्ता थे तथा हिन्दी साहित्य के विद्वान होने के साथ-साथ अन्य भाषाओं व विषयों के जानकार थे। केप्टेन अशोक श्रीवास्तव भूतपूर्व प्रधानाचार्य वर्णी जैन इंटर कालेज के आवास पर उनके संरक्षण में आयोजित उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता शाइर असर ललितपुरी ने की व मुख्य अतिथि विनोद शर्मा, संगठन मंत्री, हिन्दी साहित्य भारती आध्यात्मिक प्रकोष्ठ उ0प्र0 रहे। कार्यक्रम के संयोजक जहीर ललितपुरी ने गोष्ठी का संचालन किया। उक्त अवसर पर कु0 महिमा पाराशर, अंश सक्सेना, निखिल पंथ, सत्यम सेन, कौस्तुभ श्रीवास्तव आदि आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# संघीय व्यवस्था पर चोट

पश्चिम बंगाल में ईडी के साथ जो कुछ हुआ वह देश के संविधान को तो चुनौती है ही लेकिन साथ ही संघ-राज्य संबंधों के बीच भी एक बड़ी चुनौती है। सर्वोच्च अदालत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आईना दिखा दिया और उन्हें संविधान तथा संघीयवाद के मायने भी समझा दिए। कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान जिस तरह मुख्यमंत्री ने दखल दिया और कुछ सबूत, दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उठा कर चल दीं, सर्वोच्च अदालत ने उसे गंभीर मामला माना है और सुनवाई की बात कही है। ऐसे हस्तक्षेप को दुर्भाग्यपूर्ण भी करार दिया गया है। ममता बनर्जी की पैरोकारी कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी सरीखे प्रख्यात वकील कर रहे हैं। दोनों राज्यसभा सांसद भी हैं। ईडी की छापेमारी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश पर दोनों वकीलों के जो भी तर्क रहे, उनसे सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ सहमत और संतुष्ट नहीं थी। सर्वोच्च अदालत ने मुख्यमंत्री, राज्य के पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस आयुक्त को नोटिस भेज कर जो जवाब मांगे हैं, वे जवाब मुश्किल हैं और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को बेनकाब कर सकते हैं। ममता चुनाव से पहले ऐसे पर्दाफाश के पक्ष में कदापि नहीं होंगी। फिर भी दो सप्ताह की अवधि में नोटिसों के जवाब तो देने ही पड़ेंगे। वैसे पश्चिम बंगाल में यह मामला राष्ट्रपति शासन चस्पा करने का बनता है, क्योंकि कई स्तरों पर संवैधानिक ब्रेकडाउन हुआ है। यह मामला कोलकाता उच्च न्यायालय में भी था, लेकिन जिस तरह एक अनपेक्षित भीड़ ने अदालत-कक्ष में हंगामा किया था, उसके मद्देनजर न्यायाधीश मामले की सुनवाई ही नहीं कर सके। क्या यह संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति नहीं थी कि उच्च न्यायालय में न्यायाधीश को भीड़ की अराजकता, शोर के कारण अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही स्थगित करनी पड़ी? क्या यह संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग नहीं है कि ईडी एक निजी कंपनी के आवास, दफ्तर पर छापे मारे और राज्य की मुख्यमंत्री वहां धमक कर, दखल देकर, साक्ष्यों को छीन कर ले जाये? बेशक वह मुख्यमंत्री का अमर्यादित, अभूतपूर्व और असंवैधानिक व्यवहार था। पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस आयुक्त समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी मुख्यमंत्री के साथ हस्तक्षेप में योगदान दिया। क्या जेड प्लस सुरक्षा वाले व्यक्ति की सुरक्षा में ये शीर्ष अधिकारी भी साथ-साथ चलते हैं? अदालत में ये दलीलें खोखली साबित हुईं, क्योंकि सुरक्षा में कमांडो और सामान्य पुलिस बल ही नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। सर्वोच्च अदालत ने ईडी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी मुख्यमंत्री का एकाधिकारवादी रवैया माना और तत्काल प्रभाव से प्राथमिकी पर रोक लगा दी। यह पूरा घटनाक्रम और परिदृश्य साबित करता है कि बंगाल में कानून-व्यवस्था गायब है और संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा है। यह केंद्र बनाम राज्य के टकराव का मामला भी बनता है, क्योंकि केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई और जांच में राज्य सरकार रोड़े अटकाती रही है। बल्कि केंद्रीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों पर शारीरिक हमले तक कराए जाते रहे हैं। अफसरों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। जांच पूर्वाग्रही है अथवा केंद्र सरकार का दुरुपयोग है, ये शाश्वत आरोप हैं। इनके आधार पर किसी भी छापेमारी या जांच में मुख्यमंत्री या पुलिस दखल नहीं दे सकते। ईडी और सीबीआई तब भी थीं, जब केंद्र में भाजपा-एनडीए सरकार नहीं थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में भी ऐसी स्थानीय एजेंसियां हैं। क्या संपूर्ण व्यवस्था ही दुराग्रही होकर काम करती है? आपत्ति और आरोपों के मद्देनजर कोई भी अदालत में चुनौती दे सकता है। दरअसल केंद्र सरकार बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा कर ममता बनर्जी की राजनीतिक शहादत सुनिश्चित करने के पक्ष में नहीं रही है। ऐसी कार्रवाई से ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस को चुनावों में फायदा मिल सकता है। बहरहाल अब तो मामला सर्वोच्च अदालत में है। बहरहाल यह गंभीर मामला इसलिए भी है कि बंगाल में केन्द्रीय एजेंसियों का जांच करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या बंगाल भारत का हिस्सा नहीं है?



मतता बनर्जी ने ईडी के काम में बाधा डालकर संविधान और देश की संघीय व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य किया।

विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

# भारत की शानदार कूटनीति का प्रतिबिंब

नरेन्द्र शर्मा



आगामी 26 जनवरी 2026 को भारत द्वारा अपने 77वें गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन को मुख्य अतिथि बनाना केवल एक औपचारिक राजनयिक घटना भर नहीं है। यह एक रणनीतिक संदेश है और वह भी तब जब वैश्विक व्यापार, सप्लाई-चेन और सुरक्षा समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। भारत सरकार के अनुसार दोनों नेता 25-27 जनवरी 2026 की स्टेट विज़िट पर आएंगे और 27 जनवरी 2026 को 16 वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। यह एक ऐतिहासिक संकेत इसलिए भी है क्योंकि यूरोपीय परिषद और यूरोपीय आयोग–ईयू की 'दो शीर्ष कुर्सियाँ'–एक साथ भारत की परेड में शामिल होंगी, जिसे ईयू ने भी द्विपक्षीय रिश्तों के मजबूत होने का प्रतीक बताया है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत अमेरिका की नाराजगी / व्यापारिक नुकसान की भरपाई यूरोप से करना चाहता है? हमारा इस तरह 'यूरोप को तरजीह' देने का अमेरिका व दुनिया के लिए क्या संदेश है?
वास्तव में यह संदेश 'अमेरिका-विरोध' का नहीं बल्कि डाइवर्सिफिकेशन का है। भारत की विदेश नीति का मूल मंत्र कई वर्षों से रहा है–स्ट्रेटजिक ऑटोनोमी यानी किसी एक ध्रुव पर निर्भर न होना। ईयू नेताओं को गणतंत्र दिवस पर बुलाना, मूलतः यही बताता है कि भारत मल्टी-अलाइनमेंट की नीति पर चल रहा है- अमेरिका के साथ रक्षा/ टेक/ इंडो-पैसिफिक सहयोग। रूस के साथ ऊर्जा/ऐतिहासिक रक्षा संबंध। खाड़ी देशों के साथ ऊर्जा/निवेश और ईयू के साथ व्यापार + तकनीक + मानक-निर्धारण। यह चयन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अब प्रतिस्पर्धा केवल हथियारों की नहीं रही, अब मुकाबला है–टैरिफ, सप्लाई-चेन, सेमीकंडक्टर, एआई नियम, डेटा गवर्नेंस, ग्रीन-टेक और कार्बन टैक्स जैसी चीजों का। ईयू इन सबमें नियम और मानक तय करने वाली महाशक्ति है। 'व्यापार समझौता' इस सबकी असली बैक ग्राउंड है। मुक्त व्यापार समझौता तथा व्यापक व्यापार और निवेश समझौता की रफ्तार वास्तव में इस पूरे घटनाक्रम का सबसे ठोस व्यापारिक पहलू है। इसके पीछे वास्तव में व्यापक व्यापार और निवेश समझौता को आगे बढ़ाने की कोशिश है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के व्यापार सचिव ने कहा है कि ईयू के साथ व्यापार समझौता 'करीब' है और यह भारत के लिए अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बन सकता है। इसी बीच यह भी रिपोर्ट हुआ कि 16-वां भारत-ईयू शिखर सम्मेलन 27 जनवरी 2026 को होगा–और उसी समय ईयू के शीर्ष नेता दिल्ली में होंगे। तो गणतंत्र दिवस का निमंत्रण केवल 'सांस्कृतिक सम्मान' नहीं, यह आर्थिक कूटनीति की हाई-प्रोफाइल पैकेजिंग है। जिसमें परेड का प्रतीकात्मक मंच + शिखर सम्मेलन की ठोस डील शामिल है।

भारत का स्पष्ट संदेश है कि वह 2026 के अनिश्चित वैश्विक माहौल में ईयू को रणनीतिक-आर्थिक साझेदार के रूप में ऊँची प्राथमिकता दे रहा है। यह कदम अमेरिका से रिश्ते तोड़े बिना व्यापार जोखिम घटाने, बाजार विविधता बढ़ाने और सप्लाई-चेन/टेक में भारत की भूमिका मजबूत करने की कोशिश है।

16वां भारत–ईयू शिखर सम्मेलन

सवाल है क्या यह अमेरिका की नाराजगी की भरपाई है? निश्चित रूप से यह सवाल बहुत 'समय-संवेदनशील' है। क्योंकि दुनिया में अब 'टैरिफ युग' में लौट रही है और बड़े देश अपने हितों के लिए दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक भारत-ईयू डील की तेजी को अमेरिका के साथ टैरिफ/ट्रेड टेंशन और बाजारों के डाइवर्सिफिकेशन की जरूरत से जोड़ा गया। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत अमेरिका से दूरी बना रहा है। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी एक मार्केट के भरोसे नहीं बैठना चाहता। अगर अमेरिकी बाजार /ट्रेड में अनिश्चितता बढ़ती है, तो ईयू–जो खुद दुनिया का सबसे बड़ा/सबसे समृद्ध बाजार समूह है–एक वैकल्पिक इंजन बन सकता है। ऐसे हम इसे भरपाई से ज्यादा रिस्क इंश्योरेंस कह सकते हैं। इसीलिये अमेरिका और शेष विश्व के लिए भारत की इस मुख्य अतिथि एक विशेष डिप्लोमेसी संदेश और सिर्फ अमेरिका के लिए ही नहीं, इस फैसले का अमेरिका, चीन, रूस, खाड़ी–सभी के लिए अलग-अलग संदेश निकलता है। जहाँ तक अमेरिका के लिए संदेश की बात है तो भारत साफ कह रहा है–हम आपके साझेदार हैं, लेकिन एक्सक्लूसिव कैंप में नहीं। अगर व्यापार /टैरिफ पर दबाव आएगा, तो भारत के पास विकल्प हैं। यह सॉफ्ट बैलेंसिंग है–बिना खुले विरोध के। ठीक इसी तरह इसमें चीन के लिए भी संदेश है। ईयू आज चीन से जोखिम मुक्त की बात करता है–यानी सप्लाई-चेन में चीन पर निर्भरता को घटाना। ऐसे में भारत का ईयू के साथ उठना-बैठना चीन को यह बताता है कि ईयू-भारत धुरी सप्लाई-चेन में चीन का विकल्प बनने की कोशिश कर सकता है। इस सबके साथ इस चीफ गेस्ट डिप्लोमेसी में ग्लोबल साउथ के लिए संदेश है, भारत इसके जरिये यह दिखाता है कि वह विकासशील देशों की आवाज बने रहते हुए भी विकसित दुनिया के साथ सौदे कर सकता है–यानी कूटनीति और मोलभाव की ताकत दोनों। लेकिन इस सबमें सिर्फ भारत के लिए ही फायदा नहीं है यूरोप के लिए भी इसमें विनिंग शॉट है, क्योंकि यूरोप को भारत से इसमें 4 बड़े फायदे दिखते हैं–और यही इस फैसले की दूसरी परत है। वास्तव में यूरोप को इसमें भारत का ग्रोथ मार्केट दीखता है यानी विशाल उभरता बाजार। इसलिए ईयू भारत के साथ लंबे समय से मुक्त व्यापार समझौता चाहता है। इसके अलावा इसमें सप्लाई-चेन का विविधीकरण भी है। कोविड के बाद और भू-राजनीतिक तनाव के बीच यूरोप को वैकल्पिक सप्लाई-चेन चाहिए। भारत, चीन +1 रणनीति का सबसे बड़ा दावेदार है। यूरोप के लिए तीसरा महत्वपूर्ण पहलू है-ईयू-इंडिया ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल [टीटीसी] जो इस सहयोग का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है, जिसमें भरोसेमंद तकनीकी, सुरक्षा चुनौतियां जैसी चीजें शामिल हैं। साथ ही इसमें इंडो-पैसिफिक और सुरक्षा का विशेष पहलू है। दरअसल ईयू अब इंडो-पैसिफिक में अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। भारत उसके लिए स्वाभाविक साझीदार है। इसलिए ईयू के लिए यह निमंत्रण एक तरह से राजनयिक वैधता भी है–भारत की सबसे प्रतीकात्मक परेड में जगह मिलना, यानी संबंधों को उच्चतम प्राथमिकता मिलना। साथ ही भारत के लिए ईयू भी 3 क्षेत्रों में गेम चेंजर हो सकता है-

1-एक्सपोर्ट मार्केट बढ़ेगा–टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट, इंजीनियरिंग गुड्स आदि

2-सीधा विदेशी निवेश /टेक ट्रांसफर–मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन-टेक में

इस सबके साथ एक जोखिम भी हैं, ईयू आसान पार्टनर नहीं है, ईयू के साथ व्यापार बढ़ाने में कुछ कठिन मुद्दे भी हैं मसलन सीबीएएम (कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म) जैसे उपाय, जो भारतीय निर्यात पर प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा डेटा, प्राइवेसी, डिजिटल टैक्स जैसे रेग्युलेटरी मतभेद भी है। कृषि, वाइन/ डेयरी, आईपीआर जैसे संवेदन शील सेक्टर भी हैं साथ ही मानवाधिकार/ पर्यावरण मानकों पर ईयू का सख्त रुख हमसे भिन्न है यानी यूरोप दोस्त जरूर है, पर व्यापार में वह हार्ड निगोशियेटर है। इस सबके बावजूद यह भारत की टॉप-टियर इकोनॉमिक डिप्लोमेसी है। एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वॉन डेर लेयेन को 77वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनाना भारत का स्पष्ट संदेश है कि वह 2026 के अनिश्चित वैश्विक माहौल में ईयू को रणनीतिक-आर्थिक साझेदार के रूप में ऊँची प्राथमिकता दे रहा है। यह कदम अमेरिका से रिश्ते तोड़े बिना व्यापार जोखिम घटाने, बाजार विविधता बढ़ाने और सप्लाई-चेन/टेक में भारत की भूमिका मजबूत करने की कोशिश है।

## सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में अपने वरिष्ठ साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए श्री नितिन नबीन के नाम का प्रस्ताव चुनाव पदाधिकारियों को प्रस्तुत किया। अमित शाह.



तप, त्याग, ध्यान और दान के पावन महापर्व मौनीअमावस्या की आप सभी को हार्दिक शुभ-कामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देशवासियों का कल्याण करें हर-हर गंगे। प्रियंका गांधी.



जी राम जी अधिनियम से अब 125 दिन के काम की गारंटी, समय पर मजदूरी और गांव का समग्र विकास श्रमिकों का अधिकार बन रहा है, वहीं मनरेगा भ्रष्टाचार में डूबी थी। केशव प्र. मौर्य.



# जीवन में चुनौतियां

चुनौतियां मनुष्य को मजबूत बनाती हैं। इसालिए इससे घबराना नहीं चाहिए। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करते हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का कारण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है। **–आचार्य श्रीराम शर्मा.**

अंतर्दृष्टि

# झूठ बोलने की कला

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला-भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें, क्योंकि झूठ बोलने में जो प्रगति है और जो गर्व का अहसास है वह सच में कहां?



पूरन सरमा

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ेंगी शहरों की ठंडी छतें....



पर्यावरण

संजय श्रीवास्तव

चूंकि देश के ज्यादातर राज्यों में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और हम न चाहें तो भी यह अगले दो से तीन दशकों तक बढ़ता रहेगा। इसलिए लगातार बढ़ती गर्मी के साथ न सिर्फ जीना सीखना होगा बल्कि इसका मुकाबला करने के लिए भी उपाय करने होंगे। ठंडी छत ऐसा ही एक उपाय है जिसे एक उम्मीद के रूप में तेलंगाना की सरकार लेकर आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिलेगी ही, उनके बिजली के बिल में भी राहत दिखेगी। हाल के दशकों में जिस तरह लगातार धीरे धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ा है, उसकी कई वजहों में से एक 80 के दशक के बाद देश में हुआ बेतहासा शहरीकरण भी है।

पिछले तीन दशकों में भारत के सभी शहरों में औसतन 1.5 से 2.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढ़ गया है, जिसका कारण छोटे से लेकर बड़े शहरों तक में उगा सीमेंट और स्टील से बना कंक्रीट का जंगल है। जिस बंग्लुरु में पहले मई-जून में जाकर पंखा चलाने की जरूरत पड़ती थी, अब उस बंग्लुरु में फरवरी-मार्च में एसी चलाना पड़ता है। दिल्ली, अमृतसर, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद का हाल इससे बुरा है। मौसम विभाग के आंकलन के मुताबिक पिछले तीन दशकों में पुराने हैदराबाद शहर का सालाना तापमान 1.5 से 2 डिग्री तक बढ़ गया है। सिर्फ हैदराबाद का ही नहीं बल्कि दक्षिण के पठारी राज्यों में लगातार हर गुजरते साल के साथ गर्मी बढ़ रही है। पश्चिमी भारत में इसका क्लासिक उदाहरण पुणे ह। पुणे में भी पहले अप्रैल तक पंखा नहीं चलता था, लेकिन अब यहां भी फरवरी-मार्च में पंखा चलने लगा है। इस गर्मी से निपटने के लिए हम समय समय पर कई तरह के उपाय करते रहे हैं, जैसे एयर कंडीशनर का इस्तेमाल आदि। लेकिन ज्यादातर ये उपाय तात्कालिक रूप से तो गर्मी कम कर देते हैं, लेकिन समग्रता में और दीर्घकालिक स्तर पर ये गर्मी ही बढ़ाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हाल के दशकों में लगातार आर्किटेक्ट भी घर को मौसम के अनुकूल डिजाइन करने पर जोर देते रहे हैं, लेकिन पहली बार तेलंगाना की राज्य सरकार ने गर्मी की इस समस्या से निपटने के लिए एक समग्र नीति और डिजाइन लेकर सामने आयी है, जिसे ठंडी छतों की नीति या 'कूल रूफ' पॉलिसी के नाम से जानते हैं। हालांकि दुनिया में गर्मी से निपटने के लिए पहले से यह तकनीक कई देश और विशेषकर कई शहर अपनाते रहे हैं। लेकिन हिंदुस्तान में किसी राज्य सरकार के रूप में पहली बार 3 अप्रैल 2023 को तेलंगाना सरकार ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ती बेतहासा गर्मी से निपटने के लिए एक किफायती और जलवायु अनुकूलन समाधन कूल रूफ नीति लेकर आयी है। राज्य की राजधानी हैदराबाद में जल्द ही चरणबद्ध तरीके से सरकारी, कॉमर्शियल और आवासीय इमारतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। इस प्रक्रिया में उन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जायेगा, जो कुदरती तरीके से धूप का असर कम करती हैं। अगर यह योजना सफल होती है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि सौ फीसदी सफल होगी, तो यह मई-जून की गर्मियों से निपटने के लिए शहरीकरण का एक अनिवार्य हिस्सा बन जायेगी। हैदराबाद से शुरू होने जा रही इस पॉलिसी को पूरे देश में अपनाया और आजमाया जायेगा। इस योजना के चलते इमारत के तापमान को कम करने की कोशिश की जाएगी।

अगर किसी बिल्डिंग का तापमान कम होगा यानी वो ठंडी रहेगी तो एयर कंडीशनर चलाने की कम जरूरत पड़ेगी, जिससे अच्छी खासी मात्रा में ऊर्जा की बचत होगी। यह अपने आपमें इस योजना का एक बड़ा लाभ होगा। तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा साल 2023 से 2028 के बीच हैदराबाद में करीब 300 वर्ग किलोमीटर छतों को ठंडी छतों में बदला जायेगा। साल 2023-24 में 5 वर्ग किलोमीटर की छतों को ठंडी छतों में बदलने का लक्ष्य है। तेलंगाना के आईटी और नगरपालिका प्रशासन मंत्री केटी रामाराव कहते हैं, ठंडी छतें बढ़ती गर्मी से लड़ने और थर्मल कंफर्ट में सुधार करने के लिए काम करेंगी। इस नीति के जरिये राज्य सरकार को अपने शहरों में अर्बन हीट आइलैंड कम करने में मदद मिलेगी। दरअसल अर्बन हीट आइलैंड का मतलब उस स्थिति से है, जब किसी शहर के कुछ खास इलाके शहर के बाकी हिस्सों के मुकाबले ज्यादा गर्म हो जाते हैं। शहर के भीतर मौजूद ऐसे इलाकों को हीट आइलैंड कहते हैं। दरअसल हर शहर में कुछ इलाके ऐसे होते हैं, जो ज्यादा गर्म होते हैं।

## आपकी बात

### युवाओं को मौका दें पार्टियां

पार्टियें बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे। यह अच्छी बात है कि भाजपा एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा कर रही है, जो न सिर्फ समय की जरूरत है बल्कि बहुप्रतीक्षित भी है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मौका देने, जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अगर ईमानदारी से काम किया जाये तो राजनीति में जो युवा आगे आयेंगे वे दरअसल 'अपने कर्म और विचार में ताजा हवा के झोंका की तरह होंगे।' ऐसी खबरें मीडिया में चल रही हैं कि भाजपा युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 150 नये चेहरों को मौका देगी। यह भी किएक व्यक्ति को दो-तीन बार से ज्यादा मौका नहीं दिया जायेगा। दो-तीन बार टिकट देने के बाद उनकी सेवाएं पार्टी संगठन में ली जायेंगी और उस स्थान पर नये लोगों का मौका दिया जायेगा। इसी तरह राज्यसभा में किसी व्यक्ति को अधिकतम दो बार मौका दिया जायेगा। यह विचार नया है और इसे पार्टी को आगे बढ़ाना चाहिए।

**जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### प्रदूषण की रोकथाम जरूरी

धरती को बचाने के लिए अब हमे ठेस पहल करनी होगी। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। हमे अपने प्रयासों को और तेज गति से आगे बढ़ाना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिंग के भयानक संकट से दुनिया बच जाये।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

# फाल्गुनी मेला की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया लोधेश्वर महादेवा का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** 5 फरवरी से 16 फरवरी 2026 आगामी महादेवा शिवरात्रि फाल्गुनी मेला मे श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किये जाने को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया।

- श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम
- स्नान व्यवस्था, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों को दुरस्त रखने के दिये निर्देश
- अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ नोटिस जारी

जिलाधिकारी ने बोहनिया तालाब मे स्नान व्यवस्था, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहनता निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं दर्शन पथ मे प्रयुक्त बल्लियाँ मजबूत, टिकाऊ एवं मानक के अनुरूप होंने, मंदिर परिसर में पड़ी निर्माण सामग्री एवं मलबे को तत्काल हटवाने, पूरे क्षेत्र में नियमित सफाई हेतु डेडिकेटेड सफाई कर्मियों की तैनाती, मंदिर परिसर एवं सभी संवेदनशील स्थलों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, निगरानी हेतु एकीकृत नियंत्रण कक्ष, सभी विद्युत पोलों को सुरक्षा की दृष्टि से ढकने, मेला क्षेत्र एवं संपर्क मार्गों पर निर्बाध एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने, सभी संभावित भीड़ वाले स्थलों पर प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित, पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, सभी खाद्य एवं पेय पदार्थ विक्रेताओं की नियमित जांच, खाद्य



पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, मिलावटी अथवा अमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर सख्त कार्यवाही, मेला क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतया प्रतिबंध सुनिश्चित किये जाने, सभी संभावित मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, पार्किंग स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण एवं आवश्यक साइन बोर्ड की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने को लेकर सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने महादेवा पुलिस चैकी मे समीक्षा बैठक कर मेला प्रारंभ होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से क्रियान्वित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों अधिशासी अभियंता, नलकूप, खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी के विरुद्ध जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, नगर पंचायत, लोक निर्माण विभाग, वभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

संक्षेप

## अनुराग बने राष्ट्रवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष

मिल्कीपुर-अयोध्या। राष्ट्रवादी नौजवान सभा के सचिव राना सिंह ने मिल्कीपुर के गोयड़ी गांव निवासी अनुराग सिंह को अयोध्या जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त संस्था के संस्थापक पूर्व सांसद धनंजय सिंह है।

इस नियुक्ति पर राष्ट्रवादी नौजवान सभा के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। सचिव ने आशा जताई है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुराग सिंह संस्था के नियमों उद्देश्यों के अधीन जिम्मेदारी पूर्वक अपने पद का निर्वहन करेंगे। राष्ट्रवादी नौजवान सभा एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है, इसका गठन युवाओं को जागरूक एवं संगठित कर समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण और नशामुक्ति अभियान तथा जन कल्याण से जोड़ना है।

अनुराग सिंह ने बताया कि संगठन में वह काफी दिनों से जुड़े हैं, उन्हें संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह बखूबी निभाएंगे, और संगठन के मूल उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

## पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार यादव की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय पर हुई गोष्ठी



**बाराबंकी।** आज की नई पीढ़ी को पूर्वजों के कार्यों विचारों से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। जिससे आज के युवा कार्यकर्ता पदाधिकारी ऐसे विचारशील महापुरुषों के कार्यों विचारों नीतियों से भली भांति अवगत हो सके। जिन्होंने देश समाज को मजबूत करने के साथ हम सब का भविष्य सुनहरा बनाने के लिए कितनी कुबार्नी दी थी। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समाजवादी पुरोधा, पूर्व मंत्री स्वः प्रदीप कुमार यादव की 22वीं पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये व्यक्त किये। गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि बाबूजी जैसे मिलनसार व्यक्तित्व से हम सबको सीख लेते हुए समाज के हर वर्ग की सेवा सत्कार के लिए निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। गोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि प्रदीप यादव सादगी पसंद नेता थे। जो हक अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते थे। विचार गोष्ठी में अरविंद यादव, रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 कुलदीप सिंह, हुमायूं नईम खान, तुषार यादव, वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, कामता प्रसाद यादव, अजय वर्मा बबलू, प्रदुमन यादव आदि मौजूद रहे।

## सनराइजर्स, मलौली किंग्स व मलौली पैंथर टीमों ने पहना जीत का ताज



**बाराबंकी।** ग्राम मलौली में चल रही एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता मे पहला मैच मलौली किंग्स इलेवन व मलौली पैंथर के मध्य खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुये मलौली किंग्स इलेवन ने निर्धारित 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर 115 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलौली सनराइजर्स टीम ने आठ ओवर में 115 रन बनाकर मैच को टाई किया। इसके उपरान्त सुपर ओवर में सनराइजर्स ने जीत दर्ज की। दूसरा टूनार्मेन्ट मलौली किंग्स इलेवन व मलौली पैंथर के बीच खेला गया। जिसमे मलौली पैंथर ने बल्लेबाजी कर 8 ओवरों में 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स इलेवन ने सात ओवर में ही जीत दर्ज की। तीसरा टूनार्मेन्ट मलौली इंडियंस व मलौली पैंथर के मध्य खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी कर मलौली इंडियंस टीम ने 8 ओवरों में 120 रनो लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलौली पैंथर टीम ने 7 ओवर में जीत दर्ज कर टूनार्मेंट में जीत दर्ज की।

## बहराइच ब्लास्टर्स ने जीता ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला



**बहराइच।** स्वर्गीय कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज टूनामेंट का फाइनल मुकाबला बहराइच ब्लास्टर्स एवं बहराइच योद्धा के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ अभिलाषा वर्मा, जॉय रायतानी, राधिड हुसैन चांद, प्रेम नाथ तिवारी, डीसीए सेक्रेटी इशरत महमूद खान, राणा अनिल सिंह, मौजूद रहे। बहराइच ब्लास्टर्स के कप्तान जयप्रकाश गुप्ता ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

ब्लास्टर्स की शुरूआत खराब रही और दो विकेट जल्दी गिर गये लेकिन इसके बाद आये कप्तान जयप्रकाश के 63 एवं विजय ववंडर के 40 रनों की बदोलत निर्धारित 22 ओवरों में आल आउट होकर 155 रनों का स्कोर खड़ा किया। बहराइच योद्धा की तरफ से रेहान ने शानदार 5 विकेट एवं अंशुमान पाण्डे ने 02 विकेट अपने नाम किए।

156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए योद्धा के बल्लेबाज फाइनल का दबाव नहीं झेल पाये और निश्चित अंतराल पर अपना विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम 21वें ओवर में 120 रनों पर आल आउट हो गई। योद्धा की तरफ से अभिषेक यादव ने 27 एवं रेहान ने 25 रनों का योगदान दिया।

## मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण का कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध

**अयोध्या।** भाजपा सरकार द्वारा 10 जनवरी 2026 को वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त किए जाने की घटना को लेकर अयोध्या जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत पर हमला बताते हुए कचहरी गेट पर प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा

- कचहरी गेट पर प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

मणिकर्णिका घाट का ध्वस्तीकरण केवल एक संरचना को तोड़ना नहीं है, बल्कि यह काशी की आत्मा और माता अहिल्याबाई होलकर जी की ऐतिहासिक विरासत का अपमान है। 1791 में जिनके द्वारा इस घाट का जीर्णोद्धार कराया गया, आज उनकी पवित्र मूर्तियाँ मलबे में दबी हैं। यह भाजपा सरकार की घोर असंवेदनशीलता को दशार्ता है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के विरुद्ध हर स्तर पर संघर्ष करेगी। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण रानू ने कहा भाजपा सरकार विकास के नाम पर इतिहास और आस्था को रौंद रही है। मणिकर्णिका घाट जैसे पवित्र स्थल को बिना जनभावना और धमार्चार्यों से संवाद किए ध्वस्त करना अक्षम्य अपराध है। हम मांग करते हैं कि घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होलकर जी की मूर्ति की पुनः स्थापना तथा सौंदरी करण का कार्य जनभावनाओं के अनुरूप किया जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह नेकहा यह घटना साबित करती है कि भाजपा सरकार को न तो इतिहास का सम्मान है और न ही सांस्कृतिक चेतना की समझ। काशी की पहचान सदियों पुरानी परंपराओं से है, जिन्हें मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा मणिकर्णिका घाट का



ध्वस्तीकरण और माता अहिल्याबाई होलकर जी की मूर्तियों का मलबे में दब जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना पूरे देश की ऐतिहासिक चेतना को आहत करती है।

कांग्रेस पार्टी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और विरासत की रक्षा की मांग करती है।

भाजपा सरकार को इसका जवाब जनता को देना होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, राजकुमार पांडे, एससी एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामसागर रावत, अशोक कनौजिया, सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, महिला अध्यक्ष नाजिश फातिमा, उमेश उपाध्याय, रुद्र प्रताप सिंह रिशु, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयप्रकाश पाल राजू, एनएसयूआई अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता, विजय श्रीवास्तव, कल्लू शर्मा, सतीश सिंह, मो चांद, गुलाम रसूल आदि उपस्थित रहे।

## एआरटीओ ने सीज किए तीन ओवरलोड ट्रक



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे 1 से 31 जनवरी 2026 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रवर्तन टीम ने क्षमता से अधिक माल ढोने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की है। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग के साथ फिटनेस प्रमाणपत्र, बकाया टैक्स, बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट, क्षमता से अधिक सामान ढोने समेत अन्य नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की गई। आज सोमवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने लखनऊ-अयोध्या, बाराबंकी-लखनऊ मार्गो पर चेकिंग के दौरान आर0जे नम्बर की 3 ट्रको पर 50-50 टन ओवरलोड़ मिलने पर थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे दर्जनो वाहनो के चालान किये। तथा चालको को लाइसेन्स व परमिट निरस्तीकरण सहित अन्य कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने को लेकर चेतावनी दी।

## रूपईडीहा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न



रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत कस्बा रुपईडीहा में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का बहुप्रतीक्षित चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ आपको बताते चले चुनाव करवाने सम्मानित गणमान्य व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा निष्पक्ष करवा गया चुनाव करवाने में मोहम्मद शकील अहमद सिद्दीकी, व्यापार संघ पूर्व महामंत्री संजय बंसल, मनीराम शर्मा, शेर सिंह कसौधन आचार्य दयाशंकर शुक्ल, संतोष शुक्ल, दिवाकर पाठक, इरशाद हुसैन, महबूब अहमद, जफर इमाम रिजवी, राजा इमाम रिजवी, योगदान रहा और उसी दिन शाम को नतीजे घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्य पदों के लिए हुए इस चुनाव में 26 उम्मीदवार मैदान में थे। शांतिपूर्ण मतदान के बाद हुई मतगणना में सभी पदों के परिणाम स्पष्ट हो गए। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। शैलेश जयसवाल (कार) को 465 मत मिले और उन्होंने जीत दर्ज की। योगेंद्र शर्मा (ताला) को 332 मत मिले। महामंत्री पद पर भी दो प्रत्याशियों में सीधी भिड़ंत रही। संतोष अग्रवाल (पतंग) ने 499 मत पाकर विजय हासिल की। शाहिद हाशमी (मोटरसाइकिल) को 289 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला काफी दिलचस्प रहा। सोनू कौशल (घड़ी) ने 464 मत पाते हुए जीत दर्ज की। गुलाम वारिस (एरोप्लेन) को 330 मत मिले। सदस्य पद के 11 सीटों के लिए कुल 22 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें से निम्नलिखित प्रत्याशी विजयी रहे। ऋषभ कौशल (कैंची) 569, शिवम गुप्ता (तीर) 567, आदर्श जायसवाल (बोतल) 529, बसंत चक्रवर्ती (केला) 476, राजू अग्रवाल (शिलाई मशीन) 450, श्याम पंसारी (अंगूर) 432, खेसाल फारूकी (कंघा) 404, विजय जायसवाल (गमला) 396 मत मिले।

## उत्तर प्रदेश को जूनियर नेशनल कबड्डी में सिल्वर

**अयोध्या।** आंध्र प्रदेश में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि में अयोध्या जनपद के उसरु निवासी हर्ष तिवारी की भूमिका बेहद अहम रही, जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से कुल 28 टीमों ने भाग लिया। चार दिनों तक चले कड़े मुकाबलों में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार तालमेल और दमदार रणनीति के साथ मुकाबले जीते। क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को हराया, जबकि सेमीफाइनल में गोवा को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश का सामना स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) की टीम से हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बाद साई विजेता बनी और उत्तर प्रदेश उपविजेता रहा। उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर, संघ के पदाधिकारियों और कबड्डी प्रेमियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश द्वारा नेशनल गेम्स में गोल्ड, सीनियर नेशनल में ब्रॉन्ज और अब जूनियर नेशनल में सिल्वर मेडल जीतना यह साबित करता है कि प्रदेश में कबड्डी तेजी से प्रगति कर रही है और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रही है। अयोध्या के उसरु निवासी हर्ष



तिवारी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल के बल पर उत्तर प्रदेश की टीम में स्थान बनाया। पूरे टूनार्मेंट के दौरान उनके आक्रामक और संतुलित खेल की जमकर सराहना हुई। खेल प्रेमियों का मानना है कि आने वाले समय में हर्ष तिवारी प्रदेश और देश के लिए और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

अध्यक्ष विकास सिंह ने आगामी 24 से 27 फरवरी तक गुजरात में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल कबड्डी मेन्स चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम को शुभकामनाएं भी दीं। उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अयोध्या निवासी विकास सिंह की सक्रिय पहल और निरंतर प्रयासों से प्रदेश में कबड्डी को नई मजबूती मिली है। प्रशिक्षण शिविरों, प्रतियोगिताओं और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के कारण अब बड़ी संख्या में युवा कबड्डी की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

## 2 फरवरी से शुरू होगा विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिलाये जाने हेतु आवेदन

**बाराबंकी।** निजी विद्यालयो मे अलामित समूह एंव दुर्बल वर्ग के बच्चो को पूर्व प्राथमिक कक्षा 1 मे निःशुल्क प्रवेश दिलाये जाने हेतु 3 चरणो मे आवेदन किये जा सकेगे। प्रथम चरण 2 फरवरी से 16 फरवरी निर्धारित किया गया है। जिसकी लाटरी 18 फरवरी को निकाली जायेगी। द्वितीय चरण का आवेदन 21 फरवरी से 7 मार्च के मध्य होगा। जिसकी लाटरी 9 मार्च को निकाली जायेगी। अंतिम व तृतीय चरण 12 मार्च से 25 मार्च के मध्य आवेदन किया जा सकेगा। जिसकी लाटरी 27 मार्च को निकाली जायेगी। सभी आंवटियो के आवेदन व विद्यालय के आवंटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा लाटरी के 2 दिन बाद किया जायेगा। महानिदेशक स्कूल मोनिका रानी द्वारा जारी किये गये आदेश के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी को सूचना दी गई है।

## सरायरासी में नौ दिवसीय रामकथा का होगा आयोजन



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं रामकथा के मर्मज्ञ स्वामी गोविन्द देव गिरी जी महाराज 19 मार्च से सरायरासी में श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान कराएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित के संयोजन में आयोजित 9 दिवसीय रामकथा का समापन 27 मार्च को होगा। वहीं 28 मार्च को पूणार्हुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामकथा आयोजन में आसपास के कई जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोजन को सफल बनाने के लिए संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। साथ ही अतिथियों के स्वागत, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि रामकथा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत स्वरूप है। स्वामी देवेन्द्र गिरी जी महाराज के द्वारा रामकथा श्रवण का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। आयोजन में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## हिंदू सम्मेलन के लिए कैसरगंज में हुआ भूमि पूजन

जिला संवाददाता

**बहराइच।** कैसरगंज के एस आर मैरिज हॉल में आगामी 29 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में राम सतीश जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक वीरेश सिंह, डॉ अरविंद सिंह, विजय सिंह, पवन सिंह, बंशीधर, भगवान दास, हिमांशु सिंह, बड़कऊ सिंह, उमेश सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

इसी क्रम में खण्ड तेजवापुर, बहराइच के संत पथिक विद्यालय के प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने कहा कि सनातन संस्कृति कभी जाति आधारित नहीं थी, अपितु कर्म आधारित थी। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज को संगठित करने की सामर्थ्य रखते हैं, वे घरों में बैठे हैं, इसी निष्क्रियता के कारण धर्मांतरण व जातिवादी राक्षस समाज को निगलने के लिए मुँह बाए खड़ा है। कार्यक्रम में



मनीष अग्रवाल, ,सह खंड कार्यवाह प्रशांत, जिला जॉइनआरएसएस प्रमुख उत्तम सिंह, मोहन अवस्थी कपिल शुक्ला समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रही। पयागपुर नगर के भूपगंज बाजार स्थित सेंट जेवियर अकेडमी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र जी एवं आर्य समाज के विद्वान सूर्य देवगिरी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय जी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन के महत्व के बारे में लोगों को बताया उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन आदि के आदर्शों को अगर अपने जीवन में लागू किया जाए तो इससे सनातन से जुड़ा जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक सुभाष त्रिपाठी ,निशंक त्रिपाठी ,समय प्रसाद मिश्रा, कमलेश ,हरेंद्र, निवेश अखिलेद्र ,अशोक ,पवन सुधांशु ,राजेश हेमंत ,मंसाराम ,विजय , जसवंत सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। चित्तौरा खंड के मसीहाबाद मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन महाराजा सुहेलदेव की पावन स्थल पर नदी के तट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा यशवेंद्र विक्रम सिंह व कार्यक्रम का संचालन जिला सेवा प्रमुख रमेश ने किया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर हुई। मुख्य अतिथि डॉ दीनानाथ मिश्र ,विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक वासुदेव जी रहे। संयोजन राष्ट्रपति एवं राज्य पुरस्कार से सम्मानित श्याम कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में उपस्थित डॉक्टर श्वेता ने सनातन धर्म में नारियों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ दीनानाथ मिश्र विमल जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व को दिए गए ज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक वासुदेव जी ने पंच परिवर्तन के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदू समाज जात-पात को त्याग कर हिंदू हिंदू भाई-भाई के नारे को चरितार्थ करें। अध्यक्षीय वक्तव्य में यशवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि भारत का वास्तविक इतिहास हमें नहीं पढ़ाया गया। मोहम्मद गौरी को 17 बार परास्त होने का इतिहास छुपाया गया और युद्ध में हार के बाद भी तथाकथित व्यक्तियों द्वारा उसका महिमामंडन किया गया। इस अवसर पर श्रीमंगल दास अंकित शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु रहे।

## मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर कांग्रेसियो ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** देवी अहिल्याबाई होलकर की ऐतिहासिक धरोहर और मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त किये जाने की निंदा करते हुये कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित 4 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि इस लापरवाही की पूरी जाँच कराये जाने, दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही, मणिकर्णिका घाट का पुनः निर्माण, माता अहिल्याबाई होलकर जी की मूर्ति स्थापना, घाटों सौंदर्यीकरण कार्य काशी के सम्मानित धमार्चार्य एवं काशीवासियों के साथ विचार विमर्श के उपरान्त ही कराये जाने की मांग प्रमुखता से उठाई है। ज्ञापन सौपने के दौरान के0सी0 श्रीवास्तव, मोइनुद्दीन अंसारी, अजीत वर्मा, वीरेन्द्र यादव, राम हरख रावत, मोहम्मद इजहार, सना चैधरी, रमेश कश्यप, सैय्यद अरशद, विजयपाल गौतम, रमन द्विवेदी, सुरेश पाठक आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**बहराइच 19 जनवरी।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक तथा आकांक्षी जनपद बहराइच को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर कार्यान्वित करने के उद्देश्य से अमजनमानस में जनजागरूकता लाये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास भवन परिसर से बाल श्रम उन्मूलन अभियान जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

संक्षेप

## न्यू लोक सेवा हॉस्पिटल जनता को समर्पित

परशदेपुर रायबरेली। नसीराबाद कस्बा क्षेत्र के मऊ रोड पर न्यू लोक सेवा हॉस्पिटल जनता को समर्पित किया गया। अस्पताल का उद्घाटन पंडित शैलेंद्र उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर सर्वधर्म सम्मेलन, वार्षिक बैठक एवं खिचड़ी भोज का आयोजन अस्पताल स्टाफ की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे । अस्पताल के संचालक डॉ. मनोज यादव ने बताया कि अस्पताल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों के लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है,ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण परेशानियों का सामना न करना पड़े। डॉ. मनोज यादव ने जानकारी दी कि अस्पताल में सभी प्रकार की ओपीडी सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही ईसीजी, पैथोलॉजी जांच, नेबुलाइजेशन, सामान्य डिलीवरी एवं ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी की सुविधा भी मौजूद है। इसके अलावा बवासीर, भगंदर, पित्त की थैली की पथरी सहित कई प्रकार के ऑपरेशन अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किए जाते हैं। इस अवसर पर अस्पताल में सेवाएं देने वाले चिकित्सक डॉ.तनवीर हुसैन, डॉ.अरशद अहमद, डॉ.अनिल गंगवार, डा.मनोज कुमार, डॉ.नीरज उपाध्याय, महिला चिकित्सक ज्योति यादव, डॉ. एस एन द्विवेदी, डॉ.चैधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## मानहानि केस में राहुल गांधी 20 फरवरी को कोर्ट में तलब

सुलतानपुर (वीओएल)। मानहानि केस में आरोपित कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके वकील ने हाजिर होने के लिए कोर्ट में मौका अर्जी दी। परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 20 फरवरी के लिए राहुल गांधी को तलब किया है। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बेंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए हत्यारा कहने का आरोप है। इसके विरोध में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया है।

## नहर में मिली अज्ञात लाश....

अमेठी ।संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला जामो थाना क्षेत्र के बंधवा के पास स्थित शारदा सहायक खंड-49 नहर का है। स्थानीय लोगों ने नहर के बांध में शव फंसा हुआ देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर कब्जे में लिया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पोते ने ली दादी की जान



**रायबरेली।** चचेरे पोते ने रिश्तों को कलंकित करते हुए चचेरी दादी की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काटकर नृशंस हत्या कर दी, इतना ही नहीं रक्त रंजित कुल्हाड़ी लेकर ग्रामीणों को ललकराते हुए मृतका के मासूम पोते और उसकी बहू प्रिया को जान से मारने के लिए दौड़ा किन्तु वह बेटे को गोदी में लेकर चीखते चिल्लाते हुए किसी तरह जान बचाकर भाग निकली। मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कृष्णपाल खेड़ा मजरे रानीखेड़ा का है जहां सोमवार को प्रातः 10 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई।एक युवक ने चचेरी दादी की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काटकर नृशंस हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया और ग्रामीण दहशत में आ गए। जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू गौतम (25) पुत्र राजकुमार का घर मृतका तारावती (55) पत्नी रामप्रताप गौतम के घर के ठीक सामने है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम आरोपी शराब के नशे में धुत होकर तारावती के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मृतका के बेटे दिलीप कुमार का आरोप है कि इस दौरान उनकी मां और बेटियों को भी गंदी-गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी दे रहा था। भयभीत होकर परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सोमवार को दिनदहाड़े आरोपी ने कुल्हाड़ी से तारावती पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मोहल्ले के ही रहने वाले धर्मराज ने जान जोखिम में डालकर कुल्हाड़ी न छीनी होती तो आरोपी कई लोगों को मौत के घाट उतार देता। घटना की सूचना मिलते ही शिवगढ़ और बछरावां थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी सोनू को कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। मामले में पुलिस ने मृतका के बेटे दिलीप की तहरीर पर आरोपी सोनू व उनके भाई नीरज, धीरज, पिता राजकुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंचार्ज थाना प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### हत्यारे सोनू से परेशान थे ग्रामीण

ग्रामीणों का आरोप है कि हत्यारा सोनू आए दिन शराब के नशे में ग्रामीणों को गन्दी-गन्दी गालियां देने के साथ ही धमकाता रहता था। इससे पूर्व भी एक बार सोनू मृतका के ऊपर जानलेवा हमला कर चुका था। किन्तु गांव के ही सम्भ्रान्त नागरिकों ने मामला पारिवारिक समझकर आपसी सुलह समझौता कर दिया था। आरोप है कि सोनू कई बार तो गलत नियति से लोगों के घरों में घुस चुका है।

### गम्भीरता दिखाती पुलिस तो बच सकती थी महिला की जान

मृतका के बेटे दिलीप कुमार का आरोप है कि रविवार की शाम हत्यारा सोनू उनके घर आया और उसकी मां और बेटियों को भी गंदी-गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी दे रहा था। भयभीत होकर डायल 112 पर सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा सोमवार को दिनदहाड़े आरोपी ने कुल्हाड़ी से उसकी मां तारावती पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मां की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस निर्मम हत्या ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गम्भीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### फॉरेंसिक टीम ने संकलित किए सबूत

घटना स्थलपर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस : डीएम

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाली मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी भवनों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों एवं मूर्तियों को प्रकाशित किया जाए। 26 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे समस्त शासकीय भवनों पर झंडारोहण तथा अभिवादन हो और इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ संविधान में उल्लिखित संकल्पों के स्मरण की व्यवस्था की जाए। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रध्वज प्रातः 10:00 बजे फहराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार प्रभात फेरी का आयोजन तथा सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जायें।

## हनुमान मंदिर चोरी का खुलासा, चांदी का मुकुट व खड़ाऊं बरामद, शातिर चोर गिरफ्तार



जगदीशपुर-अमेठी। कोतवाली जगदीशपुर क्षेत्र अंतर्गत बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर से हुई चोरी की घटना का स्थानीय पुलिस ने खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट व एक जोड़ी खड़ाऊं बरामद करने के साथ ही अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर में शातिर चोर द्वारा मंदिर में स्थापित भगवान हनुमान की मूर्ति से चांदी का मुकुट व खड़ाऊं चोरी कर ली गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त था। घटना के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर धीरेंद्र कुमार यादव सहित पुलिस टीम गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर अभिषेक यादव उर्फ मोनू, पुत्र सोनू उर्फ आनंद कुमार, निवासी ग्राम नेम दुबे का पुरवा, मजरा माहेमऊ, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने रात्रि के समय बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट व खड़ाऊं चोरी की थी, जिसे उसने अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में छिपाकर रखा था। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल से चोरी किया गया मुकुट व खड़ाऊं बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की तत्परता से मंदिर चोरी का खुलासा होने पर क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



अमेठी। जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडौली ग्राम सभा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। लगभग 32 वर्षीय युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर स्थित तालाब के किनारे पड़ा मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे तत्काल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आशीष मिश्रा पुत्र कामता प्रसाद मिश्रा, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी मंडौली ग्राम सभा, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच के साथ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। युवक की मौत के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## मटर लदी डीसीएम पलटी, चार घंटे तक गाड़ी में फंसा रहा ड्राइवर



बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर भोर में मटर से लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिसके चलते राजमार्ग पर लगभग एक घंटे जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची बछरांवा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डीसीएम को सड़क से हटवाया तब जाम खुल सका। वही डीसीएम में ड्राइवर 4 घंटे तक फंसा रहा। कड़ी मसक्कत के बाद जेसीबी से डीसीएम के के केबिन को खींच कर ड्राइवर को बाहर निकाला जा सका घटना में ड्राइवर बाल बाल बच गया। सनद हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर भोर में अघौरा गांव के पास लालगंज की ओर से मटर लाकर लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सड़क पर जाम लग गया लगभग एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर बछरावां पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मसक्कत के बाद डीसीएम को सड़क से हटाया गया तब जाकर जाम खुल पाया। वहीं डीसीएम के केबिन में ड्राइवर रिंकू पुत्र बंशीलाल उम्र 40 वर्ष निवासी महमूदाबाद जनपद सीतापुर बुरी तरह फंस गया था जो लगभग 4 घंटे तक उसी में फंसा रहा जेसीबी की मदद से कड़ी मशक्कत करने के बाद ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकाला जा सका। फिलहाल घटना में ड्राइवर को मामूली चोटे ही आई हैं जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में इलाज कराया गया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क से गाड़ी को हटवा कर जाम खुलवाया एवं ड्राइवर को गाड़ी से बाहर निकाल कर इलाज कराया गया है आगे तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## राहुल गांधी करेंगे रायबरेली प्रीमियर लीग का भव्य उद् घाटन

### रायबरेली क्रिकेट महाकुंभ : राष्ट्रीय क्रिकेटर रूद्र प्रताप सिंह भी रहेंगे मौजूद




रायबरेली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी शहर के आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले रायबरेली प्रीमियर लीग (आरपीएल) क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ करेंगे। यह टूनामेंट शहर के आईटीआई के पास स्थित ग्राउंड में विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी और यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी के संयुक्त बैनर तले आयोजित हो रहा है, जो अपने छठे संस्करण (आरपीएल-6) में प्रवेश कर रहा है।

इस भव्य खेल महोत्सव में राहुल गांधी के साथ अमेठी सांसद के.एल. शर्मा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर आर.पी. सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। खास बात यह है कि उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी और आर.पी. सिंह क्रीज पर कुछ गेंदें खेलते भी नजर आएंगे, जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक रोमांचक पल होगा।

यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी के राजन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के लगभग चार दर्जन जिलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहां पहुंचेंगे। पहले खिलाड़ियों का ट्रायल होगा, उसके बाद ऑक्शन के माध्यम से 10 टीमों का गठन किया जाएगा। ये टीमें 20 जनवरी से फरवरी के पहले सप्ताह तक टी20 फॉर्मेट में आपस में भिड़ेंगी।

कई बड़े नाम वाले खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं, जिससे युवा क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी। यह आयोजन न केवल स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं में क्रिकेट के प्रति उत्साह जगाने का भी माध्यम बनेगा। रायबरेली में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह टूनामेंट हमारे युवाओं के लिए एक बड़ा मंच है। प्रदेश भर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहां अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राहुल गांधी का उद्घाटन करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और एक शानदार खेल महाकुंभ की उम्मीद कर रहे हैं। क्रिकेट प्रेमी और स्थानीय निवासी इस ऐतिहासिक मौके का इंतजार कर रहे हैं।

## अब कौन करेगा बुजुर्ग पिता व बीमार भाई की देखभाल,दीपक की मौत से गहराया पूरे परिवार पर संकट



अमेठी। रविवार को परिवहन निगम की बस से यात्रा करते हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले गौरीगंज के अन्नीबैजल गांव निवासी दीपक सिंह पूरे परिवार का एकमात्र सहारा थे। होमियोपैथी क्लिनिक चलाकर बुजुर्ग माता पिता व बीमार भाई के साथ ही घर के बच्चों का पालन पोषण करते थे। उनकी मौत से पूरे परिवार पर संकट के बादल छा गए हैं। एक दुर्घटना ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। प्रयागराज से पूरी की पढ़ाई मृतक दीपक ने अपनी शिक्षा प्रयागराज विश्वविद्यालय से पूरी की थी। डायमंड जुबली छात्रावास में रहते हुए विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में परास्नातक की डिग्री हासिल की। कुछ दिनों तक प्रवक्ता के रूप में अध्यापन भी किया था। बाद में होमियोपैथी में डिप्लोमा लेकर गौरीगंज में होमियोपैथी क्लिनिक चलाने लगे। बेटे को क्रिकेटर तो बिटिया को आईएएस बनाने का सपना मृतक अपने बेटे आर्यवर्धन को क्रिकेटर बनाना चाह रहे थे। क्रिकेट कोचिंग में दाखिला भी कराया था। 11 वर्ष की उम्र में वह अच्छा खिलाड़ी बन गया था। वहीं बिटिया आर्याश्री स्नातक कक्षा में अध्ययनरत है। सिविल सर्विस की ऑनलाइन कोचिंग भी ले रही है। इसके साथ ही छोटे भाई के बच्चों की पढ़ाई लिखाई का जिम्मा मृतक के ही ऊपर था। अब इन बच्चों के भविष्य को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। सरल स्वभाव ने सबको गमगीन किया दीपक सिंह सरल व्यक्तित्व के धनी थे। राजनीतिक परिवार से जुड़े होने के चलते सभी से अच्छे से मिलते जुलते थे। सड़क दुर्घटना में उनके निधन की खबर मिलने के बाद समाज के हर तबके के लोग दुखी नजर आ रहे हैं। दूसरे दिन भी उनके पैतृक गांव में सांत्वना देने वालों का ताता लगा रहा।

## नपा महराजगंज का सघन निरीक्षण, परखी हकीकत

महराजगंज रायबरेली। नगर पंचायत क्षेत्र में दूषित पेयजल की शिकायतों को लेकर बीते कई दिनों से नागरिकों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ था। घर-घर से आ रही शिकायतों और जनदबाव को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम प्रशासन) सिद्धार्थ कुमार ने स्वयं नगर पंचायत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एडीएम के निरीक्षण को प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने नगर पंचायत की पूरी जल आपूर्ति व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने जल टंकियों, पाइपलाइन, पंपिंग स्टेशन और सप्लाई नेटवर्क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। जल निगम की टीम द्वारा किए गए परीक्षण के आधार पर अधिकारियों ने बताया कि पेयजल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाई गई है और फिलहाल किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

एडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला किसी भी हालत में लापरवाही का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही अभी व्यवस्था सामान्य पाई गई हो, लेकिन भविष्य में किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए विभागों को पूरी तरह सतर्क रहना होगा। जल की नियमित जांच, सप्लाई की सतत निगरानी और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, जल निगम की तकनीकी टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल के नमूनों की समय-समय पर जांच की जा रही है और किसी भी संदिग्ध स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रभात साहू सी एच सी अधीक्षक गणनायक पांडे , सभासद धर्मेन्द्र वर्मा ,नूरल हसन, विनीत वैश्य, सभासद प्रतिनिधि अलीम समाजसेवी शब्बीर, विजय धीमान पूर्व सभासद, आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व डाककर्मी पर जानलेवा हमला

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दियरा डाकखाने जा रहे एक सेवानिवृत्त डाक सहायक पर घात लगाकर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सीएचसी मोतिगरपुर और फिर मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। घटना के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली लम्भुआ क्षेत्र के बनकटवा (जमखुरी) निवासी सेवानिवृत्त डाक सहायक सिरबिंद नारायण मिश्र (70 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामराज मिश्र सोमवार सुबह करीब 11 बजे साइकिल से दियरा डाकखाने के लिए निकले थे। जैसे ही वह दियरा इंटर कॉलेज के आगे बगल बंधू मिश्र के पूरे गांव के मोड़ के पास पहुंचे, तभी गांव के ही सिकंदर सिंह, दिव्यांशु सिंह, कृष्णा सिंह तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने, जो पहले से घात लगाए बैठे थे, धारदार हथियार और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हल्ला-गुहार सुनकर जब तक राहगीर मौके पर पहुंचते, तब तक हमलावर असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलावस्था में पीड़ित को तत्काल सीएचसी मोतिगरपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(1), 118(1), 115(2), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## समाजसेवियों, खिलाड़ियों और पत्रकारों का हुआ सम्मान

सुलतानपुर (वीओएल)। मां शेरावाली न्याय धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, शांतिनगर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में कूरेभार क्षेत्र के बरौला गांव में भव्य न्याय धाम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा, रक्तदान, पत्रकारिता, खेलकूद और धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित कर सामाजिक एकता और सेवा भावना का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कूरेभार नवनीत सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खाकी वाले गुरु जी के नाम से प्रसिद्ध इंस्पेक्टर रणजीत सिंह यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे लोगों की सराहना की। महोत्सव के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र



विनम्र, ऋषभदेव शुक्ला, अनिल सिंह, रामकृष्ण पांडेय, अनमोल अग्रहरि, कथा वाचक शनि मिश्र, यशदीप ठठेर सहित अन्य लोगों को मानव रत्न सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सभी ने समाज के प्रति अपने दायित्वों को और अधिक मजबूती से निभाने का संकल्प लिया। संस्था की अध्यक्षा सीता देवी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष सामाजिक, धार्मिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा भावना का प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने समाजसेवी सौरभ मिश्र विनम्र के सामाजिक कार्यों की विशेष सराहना की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में चंदन शर्मा हत्याकांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सौरभ मिश्र द्वारा उठाई गई आवाज के चलते प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी थी। महोत्सव का समापन सामाजिक सौहार्द और सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज

**लालगंज रायबरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालगंज द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम न्याय पंचायत खजूर गांव के पूरे गुरु एवं रेन बसेरा गेगासों में अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में संपन्नहुआ। मंडल अध्यक्ष राज नारायण यादव ने बैठक की अध्यक्षता की। जिला सचिव कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा नरेगा को समाप्त करने का कुत्सित षड्यंत्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। उसके खिलाफ जनता के बीच जाकर के आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जन विरोधी सरकार विकास करने के बजाए महापुरुषों के नाम बदल रही है। इसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में जिला सचिव कामता प्रसाद गौड़, न्याय पंचायत अध्यक्ष शिव प्रताप, सुशील कुमार अग्निहोत्री, शिवकिशोर बाजपेई, राम प्रकाश निषाद, ब्रज किशोर सिंह (धुन्नर), अब्दुल हकीम, शिवप्रसाद यादव (बापू), डॉ राकेश पटेल, शिव प्रकाश, सत्रोहन यादव ,नीलू ,बाबा दीन सहित काफी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने सहभागिता किया।

## काशी नरेश बालिका इंटर कॉलेज मड़ई में नुमाए टूर्नामेंट का शुभारंभ

### ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला ने फीता काटकर किया उद्घाटन



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर क्षेत्र के काशी नरेश बालिका इंटर कॉलेज, मड़ई परिसर में आयोजित नुमाए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल चंद्रशेखर शुक्ला रहे। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्लेबाजी कर मैच का उद्घाटन किया, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मड़ई और सदरपुर टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मड़ई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सदरपुर को पराजित कर जीत दर्ज की। खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल पर मैदान में मौजूद क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर तालियां बजाईं। आयोजन समिति से जुड़े शुभम सिंह और बलराम जोरिया ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता टीम को 5000 नकद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 3000 नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को मंच देना है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेश जोरिया, नरसिंह नारायण सिंह, सुनील कसौधन, अंजनी यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी और क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला ने युवाओं को खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है।

संक्षेप

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चन्द्र रावत, निदेशक वेटरन्स हैल्प लाइन मथुरा कैंट कर्नल तेज सिंह, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, सैनिक बन्धु के सदस्य, पूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा गत माह में प्राप्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता की गई एवं अनिस्तारित प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सैनिक बंधु समिति सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता और समर्थन के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि ये हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए कि पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करे।

# एक करोड़ की साइबर ठगी के पांच आरोपी गिरफ्तार



मथुरा। 10 प्रतिशत कमीशन के लालच में बैंक से खाते खुलवाकर ठगी के रुपये मंगवाने वाले पांच शातिरों को हाईवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चार लाख छह हजार रुपये नकद, सात मोबाइल, छह डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं। शातिरों के खातों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल से 16 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें करीब एक करोड़ रुपये की साइबर ठगी की गई है।

सोमवार दोपहर सीओ रिफाइनरी अनिल कुमार कपरवाल ने बताया कि हाईवे थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह को रविवार शाम साढ़े छह बजे भरतपुर रोड पर लक्ष्मी गार्डन के सामने कुछ संदिग्धों की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी करके पांच शातिरों को दबोच लिया।

इन्होंने अपने नाम राया थाने के शिवपुरी कालोनी गणेश बाग निवासी सचिन कुमार, गांव होल्ला निवासी सतेंद्र, अलीगढ़ के थाना इग्लास के गांव लालपुर निवासी संजय, गांव बिहोई निवासी हसीब और गांव तेहरा निवासी सुखवीर सिंह बताए। इनके पास से चार लाख छह हजार रुपये नकद, सात मोबाइल, छह डेबिट कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में बताया कि सचिन विभिन्न बैंकों में खाते खोलने को कही थी। उसने बताया था कि जितने ज्यादा बैंकों में खाते खुलवाकर पासबुक, सिम निकलवाकर देंगे। बैंक खातों में जो भी ठगी के रुपये आएंगे, उसका 10 प्रतिशत कमीशन एटीएम से रुपये निकालने के बाद नकद दिया जाएगा। बैंक खाते में ठगी के रुपये आने से पहले सचिन वाट्सएप के माध्यम से बता देता था। इसके बाद वह नजदीकी एटीएम से रुपये निकाल लेते थे। इसके बाद एक दिन निश्चित करके सभी एकत्रित होकर रुपयों का बंटवारा करते थे। बचे हुए रुपये सचिन अपने खाते में एटीएम से नकद जमा कर लेता था। सचिन ने बताया था कि कभी नही पकड़े जाएंगे। क्योंकि खातों का प्रयोग दक्षिण व पश्चिम भारत के राज्यों में किया जाएगा। युवकों ने बताया कि उनकी एक चेन बनी हुई है। इसमें प्रत्येक सदस्य अगले तीन सदस्यों को बैंक खाता खुलवाना होता था। इस हिसाब से भी कमीशन बढ़ता था। इसी आधार पर पूरा गिरोह सक्रिय है। हाईवे थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शातिरों के खातों में अब तक अलग-अलग माध्यम से करीब एक करोड़ रुपये की ठगी के आ चुके हैं।

## ज्वैलर्स से करोड़ों की ठगी का पर्दाफाश, दो शातिर ठग दबोचे



मथुरा। कोतवाली पुलिस ने ज्वैलर्स से यूपीआई के माध्यम से की गई धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और एक फर्जी आधार कार्ड बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान लविश (20) पुत्र दयाशंकर और मनी सिंह (22) पुत्र स्व. रामू सिंह के रूप में हुई है, जो वर्तमान में लुधियाना, पंजाब के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर रविवार को माल गोदाम रोड के पास से इन अभियुक्तों को पकड़ा गया। इनके खिलाफ थाना कोतवाली में मु.अ.सं. 10/2026 धारा 318(4) बीएनएस सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। फर्जी आधार कार्ड की बरामदगी के बाद अभियोग में धारा 111(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने बताया कि 5 जनवरी 2025 को वादी और अन्य ज्वैलर्स ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात व्यक्तियों ने गूगल-पे, फोन-पे और पेटीएम जैसे यूपीआई माध्यमों से भुगतान कर विभिन्न दुकानों से सोने-चांदी के आभूषण खरीदे। इस धोखाधड़ी के कारण दुकानदारों के खाते सीज हो गए थे।

आरोपियों ने गेहना ज्वैलर्स, एस.डी. ज्वैलर्स, गोयल ज्वैलर्स, टिस्या ज्वैलरी और बीके ज्वैलर्स से लाखों रुपये मूल्य के सिक्के और आभूषण खरीदे थे। जांच में सामने आया कि अभियुक्त एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। वे पहले मोबाइल फोन चोरी करते थे, फिर सिम निकालकर दूसरे फोन में डालकर ओटीपी के माध्यम से यूपीआई ऐप्स सक्रिय कर लेते थे। इसके बाद, वे फर्जी आधार कार्ड का उपयोग कर बाजार में खरीदारी करते थे। पुलिस ने मामले में आगे की जांच तेज कर दी है और इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## नगर में बेखौफ धूल उड़ाते फर्राटे भर रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्रॉली प्रशासन मौन

टूंडला। सरकार द्वारा खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बाद भी नगर एवं देहात क्षेत्र में मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। पूर्व में अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने रोक लगाई थी लेकिन अब खनन माफिया सरकार के आदेश दिशा निर्देशों को धत्ता बताते हुए बेखौफ धड़ल्ले से मिट्टी खनन कर रहे हैं। अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन ओवरलोड मिट्टी भरकर सड़कों पर तेजी से दौड़ रहे हैं। जिधर देखो उधर मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ही नजर आ रहे है। वहीं इन ओवरलोड मिट्टी भरे ट्रैक्टरों को नगर के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में नाबालिग चालक तेज रफ्तार बेखौफ दौड़ा रहे हैं। जिसपर प्रशासन सिर्फ चुपचाप मौन बना बैठा है। इन तेज गति से दौड़ते मिट्टी भरे ट्रैक्टरो से पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है, वहीं कई लोगों की इनसे दुर्घटना में जान भी जा चुकी है। टूंडला तहसील के ग्रामीण इलाकों में खेतों से जेसीबी और लोडर मशीनों के जरिए बिना किसी रोक-टोक के मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जिसमे कुछ की परमिशन है कुछ परमिशन आड़ में बेखौफ अधिक अवैध मिट्टी खनन कर बाजार में मिट्टी को महंगे दाम पर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। इस कार्य में कृषि के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर ट्रॉलियों का नियम-विरुद्ध इस्तेमाल हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए है। नगर के लोगों का कहना है कि पूरे दिन तेज गति से सड़कों पर दौड़ते मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों से पूरा बाजार धूल मय हो जाता है, जिससे दुकानदारों राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खनन माफिया नियम कानून की बेखौफ धज्जियां उड़ाते हुए मिट्टी खनन को अंजाम दे रहे हैं। नगर के लोगों ने प्रशाशन से नगर में बेखौफ धूल उड़ाते फरार्टे भर रहे ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

## विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम पर आयोजित किया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस, सीडीओ



फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस के भव्य एवं गरिमामयी आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में शासन के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम पर किया जाएगा, विकास भवन परिसर और मुख्य आयोजन स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी, इसमें एक जनपद एक उत्पाद के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे, कार्यक्रम को केवल सरकारी आयोजन न रखते हुए इसमें जन सामान्य स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी देने पर जोर दिया जाएगा, इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पर्यटन अधिकारी उपस्थित रहें।

## बेटियां है देश का मानः प्रतिभा उपाध्याय




टूंडला। कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर चयनित गांव देवखेड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकार संरक्षण कार्य क्रम आयोजित किया। शिविर में सभी स्वयंसेविको ने शिविर स्थल की सफाई के बाद रैली का आयोजन किया। सभी स्वयंसेवक हाथों में तख्तिया लेकर जन जन का यही नारा है, बेटी बचाना कर्तव्य हमारा है, बेटी पढ़ेगी तभी तो आगे बढ़ेगी, बेटी को अधिकार दो, बेटे जैसा प्यार दो आदि नारा लगाते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिभा उपाध्याय प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सेवा भारती कल्पना राजौरिया नोडल अधिकारी मिशन शक्ति एवं निदेशक महिला शक्ति जेंट्स ग्रुप फिरोजाबाद ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। स्वयं सेविकाओं ने आए हुए अतिथियों का वेज एवं पट्टा डालकर स्वागत किया। प्रतिभा उपाध्याय ने बालिकाओ के अधिकारो के बारे में पूर्ण जानकारी दी। स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ पर और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथम के लिए शपथ दिलाई। कल्पना राजोरिया ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि लोक अदालत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उसके लाभ और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, लोक अदालत आम जनता के लिए सुलभ और त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक-महत्वपूर्ण साधन है, इसमें विभिन्न प्रकार की वादों जैसे बिजली बिल,पानी का बिल बैंक ऋण पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस उन्हें बिना फीस के निस्तारण किया जाता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास



मथुरा। विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट माननीय जज संतोष कुमार त्रिपाठी की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में अभियुक्त को आजीवन कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि है मथुरा जिले के थाना फरह में अभियुक्त अजय उर्फ मरुआ के विरुद्ध अपराध संख्या 257/2023 376,504,506, भा.दंड.सं.ब 3/4 पोक्सो एक्ट में 17,8,2023 यह अभियोग पंजीकृत किया गया था है। थाना फरह क्षेत्र की एक किशोरी के साथ यह घटना घटित हुई थी। किशोरी की मां ने अपनी तहरीर में कहा कि मेरी 14 वर्षीय बेटी की तबीयत खराब थी उसने जब उसे दिखाया गया तो उनके पैरों से जमीन खिसक गई बेटी गर्भवती थी जब बेटी से पूछा तो वह डरी हुई थी फिर उसने बताया कि उसने बताया कि गांव का ही अजय उर्फ मरुआ पिछले कई महीने से उसके साथ गलत काम कर रहा है जब पिता के मां-बाप अजय उर्फ मरुआ के पास गए तो उसने कहा कि दो चार हजार ले लो और बेटी के पेट की सफाई करा दो जब उन्होंने और कुछ और कहना चाहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी धमकाया भाग जाओ यहां से , इस मामले में थाना फरह में तहरीर दीगई थी, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया। इसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इधर, किशोरी ने अपने बयानों में इस उपरोक्त बातों की पुष्टी की, सोमवार को विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट के जज संतोष कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त अजय उर्फ मरुआ को सत्र वाद संख्या-1582/2023 में अन्तर्गत धारा 376 भारतीय दंड संहिता समकक्ष धारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा -6 के अपराध में भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु आजीवन कारावास इसका अभिप्राय प्राकृत जीवन काल के लिए है के दंड से दंडित किया गया है तथा मुवकिल पचास हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है अर्थ दंड जमा न करने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारागार भुगतेगा। दोषी मरुआ को धारा 506 में 2 वर्ष के सक्षम कारावास और मुवलिग को रु 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा-4 में आजीवन कारावास (उसके शेष प्राकृत जीवन काल तक) तथा पचास हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड न देने पर अभियुक्त अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतेगा। दंड की आदी धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी।

## गांजा बरामद, 2 अभियुक्त गिरफ्तार



टूंडला। फिरोजाबाद थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तगण को 09 किलो 847 ग्राम अवैध गांजे सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में सोमवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तगण रफीक खान उर्फ भीम पुत्र शौकत खान निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास इलायचीपुर थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद एवं सलीम पुत्र जानू निवासी जे जे कालोनी नई दिल्ली को प्रेमपुर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 09.847 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना नगला सिंघी पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा उ0नि0 प्रबल प्रताप सिंह सोलंकी उ0नि0 जसवन्त है0का0 समय सिंह रणजीत सिंह का0 चतुर्भुज बघेलराकेश कुमार चा0का0 गौरव शामिल रहे।

# दंपति को मिट्टी से लदे डंपर ने रौंदा, मौत

जिला संवाददाता

- बीच हाईवे पर ऑटो खड़े होने के चलते नहीं निकल पाई थी स्कूटी जिसके चलते हुए हादसा
- एटा चौराहा पर बने अवैध ऑटो स्टैंड के चलते हुई घटना,

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद एटा चौराहा पर वाहनों के अवैध स्टैंड अतिक्रमण के चलते मिट्टी से भरे डंपर ने स्कूटी सवार एके कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य व उनकी पत्नी को रौंद दिया। जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दंपति की मौत से चौराहा पर अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने आनन फानन में शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। घटना से पूर्व प्रधानाचार्च के परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। वही घटना के बाद आसपास के लोगों में एटा चौराहा पर बीच हाईवे पर खड़े ऑटो और पुलिस के खिलाफ आक्रोश देखा गया, रघुवीर सिंह यादव 70 निवासी प्रोफेसर कॉलोनी 2005 एके कॉलेज में सेवा निवृत होकर अपनी पत्नी, बेटे के साथ रहते थे। सोमवार को पूर्व प्रधानाचार्य अपनी पत्नी कमला यादव 65 के साथ स्कूटी से एटा चौराहा से होते हुए कही जा रहे थे। की तभी एटा चौराहा पर बीच हाईवे पर कई सारे ऑटो खड़े हो गए इस दौरान स्कूटी पर सवार दंपति को निकालने की जगह नहीं मिली इसी दौरान पीछे से आ रहा एक मिट्टी से भरे डंपर ने दोनों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से एटा चौराहा पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के दौरान एटा चौराहा पर मौजूद पुलिस ने दंपति के शव को तत्काल कब्जे में लेकर फिरोजाबाद भेज दिया। हादसे के बाद एटा चौराहा पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर ही डंफर के चालक सहित कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। डंफर गांव संजेती के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। वहीं पुलिस को शिक्षक दंपति से मिले मोबाइल नंबर के आधार पर दोनों की शिनाख्त कराई। शिक्षक दंपति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक शिक्षक के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।

### 2005 में सेवानिवृत्त हुए थे मृतक

मृतक रघुवीर सिंह यादव स्टेशन रोड स्थित ए के कॉलेज में 2005 में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हुए थे। जबकि उनकी पत्नी एक निजी विद्यालय में प्रधानाचार्य पद से सेवा निवृत होकर दंपति प्रोफेसर कॉलोनी में रहते थे। शिक्षक दंपति का एक संतान राहुल दिल्ली में एक एनजीओ चलाते हैं।

## प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मथुरा। समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल ने पार्टी के प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ऋतु गोयल ने जागेश्वर यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद हाईवे थाने में मामला दर्ज किया गया है। ऋतु गोयल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जागेश्वर यादव ने उन्हें टिकट दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पैसे देने से इनकार करने पर उन्हें और उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। महानगर अध्यक्ष के अनुसार, आरोपी ने उनके बच्चों के अपहरण की भी धमकी दी शिकायत में यह भी आरोप है कि जागेश्वर यादव ने ऋतु गोयल के साथ अश्लील हरकतें कीं और लगातार पैसे के लिए दबाव बनाया। इन आरोपों के आधार पर, हाईवे थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है ।

## देवकीनंदन महाराज ने सनातन प्रीमियर लीग का पोस्टर किया लांच




मथुरा। आईपीएल में बांग्लादेशी क्रिकेटर के विरोध के बाद देवकीनंदन महाराज ने ह्यसनातन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2026ह्ण (एसपीएल) की घोषणा कर दी है । प्रियाकान्तजु मंदिर पर ह्यएसपीएलह्ण का लोगो, पोस्टर जारी किया गया। प्रसिद्ध धर्मगुरूओं के सानिध्य में 8 राज्यों से सनातनी युवाओं की टीमें इस क्रिकेट लीग में भाग लेंगी। इंदौर में होने वाले तीन दिवसीय एसपीएल आयोजन में विजेता को 31 लाख रुपए तथा उपविजेता को 15 लाख रुपए का पुरूष्कार दिया जायेगा। मैच से एकत्रित राषि को जरूरतमंद परिवारों की मदद की जायेगी ।

छटीकरा मार्ग स्थित ठा0 श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर पर आयोजित एक समारोह से पूर्व देवकीनंदन महाराज एवं प्रसिद्ध रेसलर खली ने सनातन क्रिकेट लीग का पोस्टर जारी किया। उन्होने कहा कि सनातनी प्रतिभाओं को खोजकर खेल के माध्यम से भी आगे बढ़ाया जायेगा। रेसलर खली ने कहा कि सनानती युवाओं को लेकर यह एक अच्छी पहल साबित होगी, हम भी इसमें शामिल होंगे। इससे पूर्व दिल्ली में ह्यसनातन क्रिकेट क्लबह्ण द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में चिन्मयानंदन बापू, पूर्व क्रिकेटर मदनलाल शर्मा, क्लब फाउन्डर विजय शर्मा की मौजदूगी में देवकीनंदन महाराज ने 13 से 15 मार्च की बीच इंदौर में ह्यसनातन क्रिकेट लीगह्ण किये जाने की घोषणा की थी। ह्यसनातन क्रिकेट क्लबह्ण के फाउन्डर विजय शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि देवकीनंदन महाराज के संरक्षण में तीन दिवसीय राष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट में पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान रहे मदनलाल शर्मा क्रिकेट नियमानुसार लीग को सम्पन्न करायेंगे। कहा कि पूरे देश से होनहार खिलाड़ियों को इस सनातन लीग में जोड़ा जायेगा। शिवकथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा, चिन्मयानंद बापू, इंद्रेश उपाध्याय सहित अन्य बड़े धमार्चार्य, संत आदि अपनी टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। विजय शर्मा ने बताया कि भारत सनातन प्रीमियर लीग की विजेता टीम को 31 लाख रुपये वहीं, उपविजेता टीम को 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, मैन ऑफ द सीरीज बनने वाले खिलाड़ी को कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि हर मैच के मैन ऑफ द मैच को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। स्पांसर्स से मिलने वाली राशि से जरूरतमंदों, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय बेटियों की षिक्षा एवं विवाह में सहयोग दिया जाएगा।

## एटा चौराहा और मैनपुरी चौराहा पर अवैध ऑटो स्टैंड के चलती लोगों में आक्रोश

शिकोहाबाद। एटा चौराहे पर हुई घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखा गया लोगों ने बताया कि मैनपुरी चौराहा और एटा चौराहा पर बीच हाईवे पर सैकड़ो की तादाद में ऑटो और बसें खड़ी हो जाती है जिसके चलते हाईवे पार करने वाले बाइक सवार या पैदल सवार लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही मैनपुरी चौराहा और एटा चौराहा पर यातायात पुलिस और थाना पुलिस के जवान भी तैनात रहते हैं। अगर एटा चौराहा पर हाईवे पर ऑटो नहीं खड़े होते तो शायद दंपति की जान नहीं जाती।

# रेलवे ग्राउंड में हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

जिला संवाददाता




टूंडला। रेलवे ग्राउंड में आयोजित स्वर्गीय हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं टूंडला चेयर मेन चौधरी भंवर सिंह ने हरि शंकर दीक्षित जी के चित्र पर माला माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर उनको श्रद्धांजलि दी, जिला अध्यक्ष चेयरमैन ने सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया उसके उपरांत पिच पर बाल खेलकर मैच का शुभारंभ किया।

पहला मैच धौलपुर और फिरोजाबाद के मध्य खेला गया जिसमें टॉस धौलपुर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जिसमें पहले खेलते हुए 16 ओवरों मैं सभी विकेट खोकर 70 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक कमल मीना 17 रिंकू बघेल 13 व वीरू ने 11 रन बनाए धौलपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अर्शलान ने 4 हसन ने 3 व लकी ने 2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी फिरोजाबाद की टीम ने 10.2 ओवरों मैं 3 विकेट खोकर 71 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया और 7 विकेट से मैच को जीत लिया धौलपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विजय ने 2 और कैलाश ने 1 विकेट लिया इस मैच मैं लकी कटारा मैन ऑफ द मैच रहे, दूसरा मैच नौशाद अकादमी और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें टॉस नौशाद एकेडमी के कप्तान ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 191 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक विपुल ने 36 हर्ष ने 32 शिवम ने 25 रन बनाए राजस्थान की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सिया राम मीना ने 3 और अशोक व लकी ने 2-2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी राजस्थान की टीम 11.1ओवरों में 65 रन बनाकर आउट हो गई और नौशाद अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए लोकेश ने 3 अमन मोहित व सादान कुरेशी ने 1-1 विकेट लिए इस तरह नौशाद अकादमी ने इस मैच को 126 रन से जीत लिया मैन आफ द मैच हर्ष को दिया गया। मैच मैं एंपेयरिंग प्रेम सागर और आखिल जावेद ने और कमेंट्री अरविंद ने की, मैच के दौरान आयोजक डी के दीक्षित अजय राज दीक्षित भाजपा टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा तेजवीर सिंह सोनू कश्यप जावेद अली संजय मेवाती अंकुर गौरव दीपा सैनी करूआ डिप्टी सी टी एम अमित आनंद रहे।

## एसआईआर को लेकर एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



फिरोजाबाद। शिकोहाबाद मैनपुरी रोड गांव भरौल के पास बने श्रीमती महादेवी विद्यालय में सोमवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया और अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में धर्मवीर भारती उप जिलाधिकारी सिरसागंज मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक सचिव डॉ सुनील यादव ने बुके देखकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को फॉर्म 6 भर कर वोट बनवाने के बारे में एवं वोट के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वोट अमूल्य होता है जितनी कीमत देश के राष्ट्रपति जी के वोट की होती है, देश के प्रधानमंत्री जी के वोट की होती है, जिला के जिलाधिकारी के वोट की होती है उतनी ही कीमत गांव के किसान की होती है, एक छात्र के वोट की होती है। इसलिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए उन सभी छात्र/छात्राओं को वोट बनवाना जरूरी है। जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष हो गई है। इस दौरान संगोष्ठी की प्रभारी सोनी यादव ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डीपी सिंह, निदेशक डॉ भानु शेखर, विभाग अध्यक्ष डॉ शोएब उस्मानी, डॉ गौतम राजपूत, औरंगजेब खान, बृजेश यादव, ब्रह्मेश्वर मनी तोमर, अंजना कुशवाहा, ज्योति शर्मा, वरुण यादव, असद राजा, धर्मेंद्र यादव, मुकेश कुमार एवं अजब सिंह राजपाल का विशेष सहयोग रहा। संगोष्ठी में कॉलेज के छात्राओं ने स्लोगन के साथ हर्षोल्लाह से मतदाता जागरूकता अभियान मनाया।

संक्षेप

## थम्स अप ने अपनी नयी पहचान पेश की

नयी दिल्ली। थम्स अप के लोगो की दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान है। आज इस ब्रांड ने अपनी एक नई पहचान और लोगो पेश किया है, जो एक रणनीतिक बदलाव का संकेत देता है। यह नया लुक आज के आधुनिक भारत की महत्वाकांक्षा, आत्मविश्वास और हर पल का पूरा आनंद लेने के जुनून को दशार्ता है। थम्प्स अप की इन-हाउस डिजाइन टीम ने डिजाइन एजेंसी सुपरअल्ट्रारेयर के साथ मिलकर इस ब्रांड को एक नया लुक दिया है। पिछले दो दशकों में यह थम्प्स अप की पहचान में हुआ पहला बड़ा बदलाव है। अपनी पुरानी विरासत को मजबूती देते हुए और भविष्य को ध्यान में रखते हुए, यह नया लुक कोला की दुनिया को और अधिक गतिशील और प्रभावशाली बनाता है। इसके मशहूर लोगो को इसकी शुरूआत से अब तक केवल तीन बार बदला गया है, और हर बदलाव ने उस समय के युवाओं की संस्कृति और उनके बदलते जोश को दर्शाया है।

## आईडीबीआई बैंक ने वित्तीय नतीजे किये घोषित

नयी दिल्ली। आज आईडीबीआई बैंक ने वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में बैंक ने 1,935 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक ने 1,917 करोड़ रुपये का संचालन लाभ दर्ज किया। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एन.आई.एम) 3.52% रहा। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए जमा लागत 4.62% थी, जो वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में दर्ज 4.62% के बराबर है। सी.आर.ए.आर में साल-दर-साल 265 बीपीएस की बढ़ोत्तरी हुई और यह 24.63% रहा। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के लिए एसेट्स पर रिटर्न 1.83% है, जो वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.99% था। इक्विटी पर रिटर्न 14.49% दर्ज हुआ। 31 दिसंबर, 2025 तक बैंक ने 0.18% का शुद्ध एनपीए अनुपात दर्ज किया। 31 दिसंबर, 2025 को बैंक का सकल एनपीए अनुपात 2.57% था, जो 31 दिसंबर, 2024 में दर्ज 3.57% से 100 बीपीएस कम है। 31 दिसंबर, 2025 तक बैंक ने 99.33% का प्रोविजन कवरेज अनुपात दर्ज किया, जो 31 दिसंबर, 2024 को 99.47% था। साल-दर-साल 12% की वृद्धि के साथ 5,46,643 करोड़ रुपये का कुल व्यवसाय किया कुल जमा 9% की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 3,07,858 करोड़ रुपये रही। शुद्ध एडवांस 2,38,786 रुपये था, जो साल-दर-साल 15% अधिक था।

## लग्जरवुड शोरूम का शुभारंभ

लखनऊ। इपॉक्सी फर्निचर के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट और प्रीमियम पहचान बना चुके ब्रांड लग्जरवुड के पहले शोरूम का भव्य शुभारंभ आज राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में संपन्न हुआ। इस नए शोरूम में इपॉक्सी तकनीक से निर्मित प्रीमियम, आधुनिक एवं कस्टम-मेड फर्निचर की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है। शोरूम में इपॉक्सी डाइनिंग टेबल, सेंटर टेबल, ऑफिस फर्निचर, विशेष रूप से तैयार किया गया वुडन फर्निचर तथा आधुनिक इंटीरियर के अनुरूप एक्सक्लूसिव डिजाइन्स प्रदर्शित किए गए हैं। प्राकृतिक लकड़ी की खूबसूरती और इपॉक्सी आर्ट का अनूठा संगम लग्जरवुड को एक अलग पहचान प्रदान करता है।

## रूबिक्स ग्रुप ने प्रो रेसलिंग लीग की वापसी का ऐलान किया

नोएडा। रूबिक्स ग्रुप ने एक बार फिर कम्युनिटी-बेस्ड पार्टनरशिप और वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के लिए मानक ऊँचा किया है। भारत की प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित प्रोफेशनल रेसलिंग लीग प्रो रेसलिंग लीग की वापसी को समर्थन देकर, रूबिक्स ग्रुप (रूबिक्स रियल्टी) के स्वामित्व वाली यूपी डोमिनेटर्स भारतीय कुश्ती के लिए वैश्विक मंच पर एक निर्णायक रीसेट साबित होने जा रही इस लीग में अग्रणी भूमिका निभाएगी रूबिक्स ग्रुप की यह भागीदारी उनके होम्स दैट बिल्ड चैंपियंस विजन का प्रतीक है, जो जमीनी स्तर की प्रतिभा और कम्युनिटी वेलनेस को एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ती है प्रो रेसलिंग लीग के वापसी सीजन का पहला अध्याय 3 जनवरी, 2026 को हुए प्लेयर ऑक्शन से शुरू हुआ। रूबिक्स ग्रुप की ऑक्शन रणनीति का फोकस स्टार पावर को होनहार प्रतिभा और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ संतुलित करना था।

# सेंसेक्स में 324 अंकों की गिरावट

मुंबई। वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा।



कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है। गैस उत्पादन में गिरावट और खुदरा कारोबार की कमजोरी ने अन्य क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन को संतुलित कर दिया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में भी 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई। बैंक का दिसंबर तिमाही का एकीकृत लाभ 2.68 प्रतिशत घटकर 12,537.98 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। सतर्क रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार ने सीमित दायरे में कारोबार किया। शुल्क से जुड़ी चिंताओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने वैश्विक निवेशकों को सौदे से दूर ही रखा है। विदेशी निवेशकों की तरफ से बिकवाली जारी रहने और रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बनाने का काम किया। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,074 कंपनियों में गिरावट दर्ज की गई जबकि 1,227 शेयरों में तेजी का रुख रहा और 182 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.28 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड 1.94 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ऊर्जा खंड में 1.50 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 1.32 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजार कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# चांदी पहुंची तीन लाख के पार सोना भी नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। चांदी की कीमत सोमवार को 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई जबकि सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के चलते चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ जो तीन लाख रुपये से ऊपर का पहला बंद भाव है। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम



(सभी करों सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपये अधिक है। विशेषज्ञों ने कहा कि कीमती धातुओं की मांग में निरंतर वृद्धि और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे सोना और चांदी दोनों के दामों में लगातार तेजी दर्ज की जा रही है।

# सरकार ने पांच लाख टन गेहूं के आटे के निर्यात की अनुमति दी

नयी दिल्ली। सरकार ने पांच लाख टन गेहूं के आटे और उससे संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। निर्यात पर लगे प्रतिबंध में यह आंशिक ढील तीन साल से अधिक के अंतराल के बाद दी गई है। केंद्र सरकार ने साल 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत इस जिंस का एक प्रमुख उत्पादक देश है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 16 जनवरी की अपनी अधिसूचना में कहा, गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों का निर्यात प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, मौजूदा नीतिगत शर्तों के अतिरिक्त, पांच लाख टन तक गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी गई है। डीजीएफटी ने कहा कि जो आवेदक इस उत्पाद का निर्यात करना चाहते हैं, उन्हें महानिदेशालय से अनुमति लेनी होगी और इसके लिए आवेदन करना होगा। अधिसूचना के मुताबिक पहले चरण के तहत आवेदन 21 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक दिए जा सकते हैं। इसमें कहा गया कि इसके बाद जब तक निर्यात की निर्धारित मात्रा उपलब्ध रहेगी, तब तक हर महीने के अंतिम दस दिनों के दौरान आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। निर्यात का यह अधिकार जारी होने की तारीख से छह महीने के लिए वैध होगा।

# भारत की 7.3 प्रतिशत रहेगी जीडीपी वृद्धि

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जिससे मजबूत आर्थिक विस्तार से औसत घरेलू आय को समर्थन मिलेगा और बीमा मांग मजबूत होगी। भारत के बीमा क्षेत्र पर जारी अपनी रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि उद्योग को प्रीमियम में निरंतर वृद्धि का लाभ मिलने की संभावना है जो मजबूत आर्थिक विस्तार, बढ़ते डिजिटलीकरण, कर बदलावों और प्रमुख सरकारी स्वामित्व वाले बीमा क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों से प्रेरित होगी।

इससे उद्योग की वर्तमान में कमजोर लाभप्रदता में सुधार आने की उम्मीद है। मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की




अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। इससे औसत आय में वृद्धि होगी और बीमा की मांग को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर 11,176 अमेरिकी डॉलर रही जबकि कुल जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी। मूडीज के अनुसार, भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में कुल बीमा प्रीमियम आय 17 प्रतिशत बढ़कर 10.9 लाख करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में 14 प्रतिशत और जीवन बीमा के नए कारोबार के प्रीमियम में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में तेज रही जब कुल प्रीमियम सात प्रतिशत बढ़कर 11.9 लाख करोड़ रुपये रहा। प्रीमियम आय में वृद्धि भारतीय उपभोक्ताओं में जोखिम के प्रति बढ़ती जागरूकता और देश की अर्थव्यवस्था के लगातार हो रहे डिजिटलीकरण को भी दर्शाती है। डिजिटलीकरण से बीमा उत्पादों का वितरण और बिक्री आसान होती है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि 3.3 प्रतिशत हो सकती है

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सोमवार को कहा कि अप्रत्याशित रूप से मजबूत वैश्विक अर्थव्यवस्था इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के असर से बाहर निकल सकती है।

आईएमएफ ने एक रिपोर्ट में कहा कि ऐसा कुछ हद तक उत्तरी अमेरिका और एशिया में कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश बढ़ाने के चलते संभव होगा। इस बहुपक्षीय निकाय को उम्मीद है कि इस साल वैश्विक वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रहेगी। यह आंकड़ा 2025 के समान ही है, लेकिन पिछले अक्टूबर में जारी 2026 के लिए 3.1 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। मुद्राकोष के विश्व आर्थिक परिदृश्य पर रिपोर्ट के साथ जारी एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा, अमेरिका के नेतृत्व वाले महत्वपूर्ण व्यापारिक व्यवधानों और बढ़ी हुई अनिश्चितता के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय मजबूती दिखाना जारी रखे हुए है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 2001 के बाद से तकनीकी निवेश की सबसे तेज रफ्तार का लाभ मिल रहा है। इसके इस साल 2.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुद्रा कोष के अक्टूबर के पूर्वानुमान और 2025 की अनुमानित वृद्धि दर (दोनों 2.1 प्रतिशत) से अधिक है।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 90.92 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 90.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91 के स्तर को पार कर गया था। वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विदेशी मुद्रा निकासी में तेजी से घरेलू मुद्रा दबाव में रही।



एक महीने में यह दूसरा मौका है जब रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91 के स्तर के पार गया है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली दबाव से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने की उनकी योजना का विरोध करने पर यूरोपीय देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके बाद निवेशक भी चिंतित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.68 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 91.01 के स्तर से नीचे चला गया था। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 90.92 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे कम है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.78 पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी और कमजोर घरेलू बाजारों से रुपये में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तथा ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से रुपये में गिरावट का रुख रहने का अनुमान है। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 90.60 रुपये से 91.30 रुपये के बीच रहेगा। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.97 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 324.17 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 83,246.18 अंक पर जबकि निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.53 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,346.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# बिजली संशोधन विधेयक आगामी बजट सत्र में किया जा सकता है पेश

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि बिजली संशोधन विधेयक संसद के आगामी बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है।

इस विधेयक का उद्देश्य विद्युत क्षेत्र में सुधार लाना और ऋण में डूबी बिजली वितरण कंपनियों की लाभप्रदता सुनिश्चित करना है। मंत्री ने यह बात राष्ट्रीय राजधानी में आईआईटी दिल्ली-सीईआरसी-ग्रिड इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के अवसर पर कही। विद्युत मंत्रालय ने रविवार को बताया था कि कई वर्षों तक घाटे में रहने के बाद विद्युत वितरण कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में संयुक्त रूप से 2,701 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। मंत्रालय ने कहा



कि हालांकि करीब 50 वितरण कंपनियां अब भी घाटे में हैं। सभी वितरण कंपनियों को लाभप्रद बनाने की रणनीतियों पर लाल ने कहा कि अगले बजट सत्र में हम विद्युत अधिनियम में संशोधन करने जा रहे हैं ताकि वितरण कंपनियों को घाटा न हो और उन्हें समय पर भुगतान प्राप्त हो सके। विद्युत अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा करने के लिए राज्य प्रतिनिधियों के साथ एक परामर्श बैठक भी आयोजित की जा रही है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार, विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य संघीय संतुलन बनाए रखना, सहकारी संचालन को बढ़ावा देना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना और क्षेत्र की दक्षता में सुधार करना भी है। बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों में कहा गया कि ये संशोधन न केवल वित्तीय अनुशासन के माध्यम से विद्युत वितरण क्षेत्र को मजबूत करेंगे बल्कि विद्युत क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा भी प्रदान करेंगे। सरकार द्वारा अधिनियम में संशोधन लाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी कई वर्गों द्वारा आलोचना की गई है।

## पेज एक का शेष

### इंजीनियर की

के तुरंत बाद आया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता के परिवार समेत स्थानीय लोगों ने नोएडा प्राधिकरण और रियलएस्टेट डेवलपर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी वजह से युवराज की मौत हुई है। उन्होंने घटना के विरोध में पदयात्रा भी निकाली।

राज्य सरकार के एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में 20 फुट से अधिक गहरे पानी से भरे एक गड्ढे में एक कार के गिरने से 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की हुई मौत के मामले का संज्ञान लिया है और उनके निर्देश पर मामले की तफ्तीश के लिये तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। बयान के अनुसार मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में गठित इस तीन सदस्यीय एसआईटी में मेरठ के मंडलायुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता भी शामिल हैं। यह समिति पांच दिन में जांच कर अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी। गुरुग्राम की एक कम्पनी में नौकरी करने वाले 27 वर्षीय साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता शुक्रवार की रात एक हादसे में मौत हो गयी थी। पुलिस के मुताबिक उसकी कार ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 एटीएस ले-ग्रैंडियोज के पास अनियंत्रित हो गई और नाले की दीवार तोड़कर एक निर्माणाधीन मॉल के परिसर में पानी से भरे गड्ढे में गिर गयी। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी।

युवराज के परिजन का आरोप है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण युवराज की मौत हुई है। उनका कहना है कि तीव्र मोड़ होने के बावजूद बैरीकेडिंग नहीं किये जाने, रिफ्लेक्टर्स नहीं लगाये जाने और भूखंड के आसपास कोई सेफ्टी वॉल नहीं बनाये जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। बहरहाल, पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बच्चों से जुड़ाव

आई नन्ही बच्ची, मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर समेत अनेक अवसरों पर बच्चों से सीएम योगी के संवाद के अलग-अलग दृश्य देखने को मिलते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से और क्या चाहिए पूछना और जवाब सुनकर ठहाका लगाना, मन को गुदगुदाने वाला एक मासूम पल था। यह सीएम का बच्चों से जुड़ाव दिखाता है। यूं तो योगी आदित्यनाथ की पहचान सख्त, अनुशासनप्रिय और निर्णायक प्रशासक की रही है। अपराधियों के खिलाफ उनके कड़े तेवर, बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती तो हर कोई जानता है। लेकिन, इससे अलग बच्चों से संवाद, उनके भविष्य को लेकर संवेदनशील पहल और समस्याओं पर त्वरित निर्णय से तस्वीर का दूसरा पहलू भी दिखाई देता है, यहां मुख्यमंत्री एक दयालु संवेदनशील संरक्षक तथा बालप्रेम की भावनाओं से ओतप्रोत व्यक्ति के रूप में सामने आते हैं। गोरखपुर का वायरल वीडियो या जनता दर्शन में सोमवार को दो साल की अनन्या से संवाद महज कुछ मामले नहीं हैं, योगी आदित्यनाथ के बच्चों के प्रति स्नेह और संवेदनशीलता के कई उदाहरण सामने आए हैं। बीते 31 दिसंबर को मेजर की बेटी अंजना भट्ट ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के भीतर यानी साल के पहले ही दिन मामला हल कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के 24 घंटे के भीतर न सिर्फ उनका मकान कब्जा मुक्त कराकर उन्हें लौटाया गया, बल्कि आरोपियों पर एफआईआर व तत्काल गिरफ्तारी भी हुई। सीएम की संवेदनशीलता व भावनात्मकता को प्रकट करता यह मामला संदेश देता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुशासन, कानून व्यवस्था, बच्चों और कमजोर वर्गों से संबंधित मामलों में तनिक भी देरी नहीं करते। कानपुर की मूक-बधिर युवती खुशी गुप्ता की कहानी भी किसी से छिपी नहीं है। मुख्यमंत्री से मिलने की उसकी जिद, अकेले पैदल लखनऊ पहुंच जाने की जानकारी जब सीएम योगी आदित्यनाथ को मिली तो उन्होंने उसे बुलाया। उसके बनाए चित्रों को स्वीकार किया और उसके शिक्षित व सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया।

### बेघर सीमा

निकाले जाने की शिकायत की। आग्रह किया कि उन्हें घर में रहने की जगह दिलाई जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। लखनऊ निवासी सीमा अपनी दो बच्चियों को लेकर सोमवार को 'जनता दर्शन' में पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ससुर का निधन हो गया है। पति व ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया। दो छोटी बच्चियों को लेकर वह भटक रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन्हें वापस ससुराल में भिजवाने तथा वहां रहने देने के लिए गुहार लगाई। महिला ने बच्चों के लालन-पालन के लिए आर्थिक सहायता की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आयुक्त को मामले में तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अपने माता-पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस दौरान मां सीमा के साथ दो साल की नन्ही अनन्या भी आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे भी चॉकलेट दी और दुलार किया। चॉकलेट पाकर बच्ची खिलखिला उठी। जब मुख्यमंत्री ने उससे चॉकलेट मांगी तो उसने बड़ी मासूमियत से चॉकलेट वापस सीएम की तरफ बढ़ा दी। यह देखकर मुख्यमंत्री का बालप्रेम उमड़ पड़ा। इस दौरान नन्ही बच्ची की भाव भंगिमा और मुख्यमंत्री का संवाद देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव-विभोर हो गया। 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस, बिजली विभाग के साथ ही आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर उनका प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रकरण की जांच कराकर फरियादियों की समस्याओं को हल कराएं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने आए फरियादियों से अस्पताल से एस्टिमेट मंगाने को कहा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार हर सुख दुःख में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। सरकार आपकी हर उचित समस्या का निदान कराएगी।

### नितिन नवीन

लिए आवश्यक संख्या से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की अधिसूचना जारी कर 16 जनवरी को मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई थी। नामांकन पत्रों के 37 सेट में से 36 राज्यों से थे, जिनमें से प्रत्येक सेट में 20 नेताओं के हस्ताक्षर थे। नामांकन पत्रों का अन्य सेट भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री और 37 सांसद शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड समेत कई राज्यों के नेताओं ने भी नितिन नवीन के समर्थन में नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं के समर्थन से नितिन नवीन का भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा चुना जाता है। इस चुनाव प्रक्रिया की निगरानी पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी करते हैं। भाजपा के संविधान के अनुसार, किसी राज्य के निर्वाचक मंडल के कोई भी 20 सदस्य संयुक्त रूप से ऐसे व्यक्ति का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित कर सकते हैं, जो चार कार्यकालों तक सक्रिय सदस्य रहा हो और जिसकी सदस्यता अवधि कम से कम 15 वर्ष हो। हालांकि, ऐसा संयुक्त प्रस्ताव कम से कम पांच ऐसे राज्यों से आना चाहिए, जहां राष्ट्रीय परिषद के लिए चुनाव पूरे हो चुके हों।

### विधायिका पर

हैं, हमारी विचारधारा अलग-अलग है लेकिन जब हम चुनकर आते हैं तो जनता की अपेक्षा होती है कि हम उनकी आकांक्षाओं और उनकी चुनौतियों तथा कठिनाइयों को सदन में रखें। उन्होंने विधायी सदनों में पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्ष भूमिका की जरूरत पर जोर देते हुए कहा हम विधानसभाओं की श्रेष्ठ परंपराओं को लागू करें। विधानसभा के पीठासीन अधिकारी के रूप में हमारी भूमिका न्याय संगत हो, निष्पक्ष हो, सभी को अपने विचार रखने का अधिकार मिले, सबको अपनी भावनाएं, अपने क्षेत्र की चुनौतियों और कठिनाइयों के बारे में बोलने का समय मिले, यह भी हम पीठासीन अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से हम इस संकल्प के साथ निकलें कि हमारी भूमिका न्यायपूर्ण हो, निष्पक्ष हो, निर्बाध हो। हम किसी भी राजनीतिक दल से चुनकर आएं लेकिन जब पीठासीन अधिकारी के पद पर बैठें तो हमें न्यायपूर्ण होते दिखना भी चाहिए और न्यायपूर्ण तरीके से काम करना भी चाहिए क्योंकि देश हमें देखता है, राज्य की जनता हमें देखती है। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्तापक्ष और विपक्ष की अहमियत का जिक्र करते हुए कहा, विधानसभा में जहां सकारात्मक चर्चा होती है, वहां असहमति भी होती है। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत हैं। जब सारे विचार और दृष्टिकोण आएंगे, सबका मत आएगा तभी हम लोकतांत्रिक मूल्यों को ठीक से स्थापित कर पाएंगे और इसीलिए पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन में भी हम लोग दो दिन तक चर्चा और संवाद करेंगे ताकि इन संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास और भरोसा बढ़े।

### आईसीसी ने

कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है। बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है।

### भारत और

अलंकृत चांदी के डिब्बे में कश्मीर की पश्मीना शॉल भेंट की, जो भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा का प्रतीक है। मोदी ने अल नाह्यान की मां को भी चांदी के डिब्बे में एक पश्मीना शॉल भेंट की। अधिकारियों ने बताया, अल नाह्यान की मां को चांदी के डिब्बे में कश्मीरी केसर भी भेंट किया गया। कश्मीर घाटी में उगाया जाने वाला केसर अपने गहरे लाल रंग और सुगंध के लिए प्रसिद्ध है।

### अलाव जलवाने

मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक जाड़ा पड़ेगा, राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने का हमारा अभियान चलता रहेगा। जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, अपनी इस कोशिश को हम बरकरार रखेंगे। इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




# न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत पर गर्व : मिचेल



इंदौर। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा कि भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दबाव में शांति के साथ फैसले लेने और एक दूसरे पर विश्वास करने के कारण मिली।

न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में 41 रन से जीत दर्ज करके भारतीय धरती पर पहली द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीती। भारत ने शतकवीर विराट कोहली और हर्षित राणा की अहम साझेदारी के दम पर 338 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने की उम्मीद जगाई, लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया। मिचेल ने स्वीकार किया कि तब उनकी टीम दबाव में थी लेकिन उन्होंने अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की जिन्होंने संयम बनाए रखा। तीसरे मैच में 137 रन बनाने वाले मिचेल ने कहा, उन्होंने बहुत अच्छी साझेदारी निभाई और तब इस मैदान की प्रकृति, विकेट और छोटे आकार के कारण हम पर काफी दबाव था। मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने शांति से काम लिया और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। उन्होंने कहा यह शानदार मैच था जो रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था। मुझे लगता है कि दोनों टीमों को अपने प्रदर्शन पर बहुत गर्व होना चाहिए।

मिचेल ने इसके साथ ही कहा कि श्रृंखला की मिली यह जीत उनके लिए काफी मायने रखती है। उन्होंने कहा न्यूजीलैंड की कई टीमें अतीत में भारत का दौरा कर चुकी हैं और हर बार जब आप यहां आते हैं तो कुछ न कुछ सीखते और आगे बढ़ते हैं। लेकिन इस टीम के साथ हमने यहां जो हासिल किया है, उस पर टीम के सभी सदस्यों को बहुत गर्व है।

# युवा खिलाड़ियों को कोहली से सीख लेने की जरूरत : गावस्कर



नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए।

भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए। गावस्कर ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है। कहा भी जाता है कि अच्छी शुरुआत का मतलब आधा काम हो गया। उन्होंने बताया, भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था। भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था। गावस्कर ने कहा जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था, और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है। भारत को ठीक इसी स्थिति का सामना करना पड़ा। इस पूर्व बल्लेबाज ने आखिर तक प्रयास करने के लिए कोहली की प्रशंसा की और दूसरों से उनकी मानसिकता और निरंतरता का अनुकरण करने को कहा। उन्होंने कहा उनकी विशेषता यह है कि वे किसी छवि से बंधे नहीं हैं। कई बल्लेबाज और गेंदबाज यह सोचते हैं कि लोग उनके बारे में कैसा सोचते हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें अपनी क्षमता पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। गावस्कर ने कहा वह (कोहली) अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और वह काम है रन बनाना। कभी-कभी इसका मतलब होता है संभलकर खेलना और फिर खुलकर खेलना।

कभी-कभी इसका मतलब जल्दी आक्रामक अंदाज अपनाना या फिर परिस्थितियों के अनुसार स्ट्राइक रोटेट करना होता है। कोहली इस बारे में नहीं सोचते कि उनसे किस तरह से खेलने की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा उनका स्वभाव ही सबसे अहम है। वह यह नहीं सोचते कि मुझसे छक्का मारने की उम्मीद की जाती है। वह परिस्थिति के अनुसार खेलते हैं। वह कभी हार नहीं मानते। उन्होंने आखिर तक प्रयास किया। युवाओं को उनसे यही सबक लेना चाहिए कि वे किसी तरह की छवि में बंधकर नहीं रहें और परिस्थिति के अनुसार खेलें। ऐसा करने पर आप अधिक सफल और निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बन जाओगे।

## संक्षेप

### पहली कबड्डी चैंपियंस लीग 25 से

नयी दिल्ली। पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से सात फरवरी तक हरियाणा के राय स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारूप में किया जाएगा जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी।

### कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

मेलबर्न। तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन फिर भी उन्होंने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था। इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।

### प्रज्ञाननंदा की एक व हार गुकेश ने फिर ड्रॉ खेला

विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)। गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा। एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली। वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में खेल रहे चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमुस के साथ ड्रॉ खेला और इस तरह उन्होंने भी संभावित दो अंकों में से एक अंक हासिल कर लिया है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को हराया

## गुजरात के खिलाफ बेंगलुरु एक जीत से आगे, टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर

एजेंसी

वडोदरा। विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का 12वां मैच आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। लीग के बचे हुए सभी 11 मैच अब वडोदरा में ही खेले जाएंगे। इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने होंगी। पिछले मुकाबले में आरसीबी ने जीजी को 32 रन से हराया था। फउइ ने अब तक अपने सभी चार मैच जीते हैं और 8 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, गुजरात जायंट्स ने 4 में से 2 मैच जीते हैं और टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है।



जीजी के खिलाफ आरसीबी एक जीत से आगे आरसीबी और जीजी के बीच अब तक विमेंस प्रीमियर लीग में कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते हैं, जबकि गुजरात जायंट्स को 3 मुकाबलों में जीत मिली है। मंधाना टीम की टॉप स्कोरर डब्ल्यूपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए स्मृति मंधाना शानदार फॉर्म में नजर आ रही हैं। उन्होंने 4 मैचों में 166 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 96 रन का रहा है। मंधाना टीम की टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने पिछले मैच में डीसी के खिलाफ 96 रन बनाए थे। वहीं गेंदबाजी में लॉरेन बेल ने टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उन्होंने 4 मैचों में 8 विकेट चटकाए हैं। डिवाइन का ऑलराउंड प्रदर्शन डब्ल्यूपीएल 2026 में आरसीबी के लिए सोफी डिवाइन ऑलराउंड प्रदर्शन कर रही हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 4 मैचों में 149 रन बनाए हैं। वहीं, गेंदबाजी में भी डिवाइन ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 4 मैचों में 8 विकेट लिए हैं। डिवाइन टीम की टॉप स्कोरर और टॉप विकेट टेकर हैं। वडोदरा में पहला विमेंस टी-20 मैच वडोदरा में पहली बार विमेंस टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। इस पिच पर गेंद बल्ले पर आसानी से आती है और रन बनाना आसान होता है। ऐसे में उम्मीद है कि हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले। गेंदबाजों को इस पिच पर ज्यादा मदद नहीं मिलती है लेकिन गेंद पुरानी होने के बाद स्पिनर्स को कुछ फायदा मिल सकता है। मौसम साफ रहेगा 19 जनवरी को वडोदरा (कोटांबी स्टेडियम) में मौसम साफ और धूप भरा रहने का अनुमान है। इस दिन तापमान अधिकतम 28 डिग्री सेल्शियस और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्शियस रहेगा। रात को तापमान थोड़ा कम रहेगा और हल्की ठंड महसूस हो सकती है। बारिश या बादलों की संभावना बहुत कम है। गुजरात जाइंट्स ने शीर्ष पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। गुजरात टीम में दो बदलाव करते हुए अनुष्का शर्मा को शामिल किया गया है जबकि हैप्पी कुमारी पहला मैच खेलेंगी। आरसीबी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई केपटाउन को सात विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया। सनराइजर्स की इस जीत से एमआई केपटाउन की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद पर भी पानी फिर गया। उसे आगे बढ़ने के लिए बोनस अंक के साथ जीत की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। एमआई केपटाउन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए। उसकी तरफ से रीज़ा हेंड्रिक्स ने नाबाद 70 रन (44 गेंदें, आठ चौके, एक छक्का) और जॉर्ज लिंडे ने 17 गेंदों में 30 रन (चार छक्के) का योगदान दिया लेकिन यह बोनस अंक के साथ जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। सनराइजर्स की तरफ से क्रिस ग्रीन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। सनराइजर्स ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की।

# प्रमोद भगत, सुकांत कदम को बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दो-दो स्वर्ण





नयी दिल्ली। भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरूष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19 . 21, 21 . 15, 21 . 13 से जीता। एसएल 4 पुरूष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27 . 25, 21 . 18 से मात दी।

दोनों ने पुरूष युगल में उमेश और सूर्यकांत को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं दूसरी ओर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पिछले सप्ताह नयी दिल्ली में इंडिया ओपन में लक्ष्य सेन पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गए थे। भारत का कोई भी खिलाड़ी किसी भी वर्ग में अंतिम आठ से आगे नहीं बढ़ पाया था। चीनी ताइपे के लिन चुन यी और कोरिया की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। अब सारा ध्यान जकार्ता पर केंद्रित हो गया है, जहां भारतीय खिलाड़ियों को कड़ा ड्रॉ मिला है और उन्हें अपने से अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी होगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि था।

### सेनेगल ने मोरक्को को हराकर अफ्रीका कप जीता

रबात (मोरक्को)। सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे। फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की। यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया।

## शानदार खेल के दम पर संयम बने चैंपियन, शिवांगी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

चतुर्थ सुनीता वर्मा मेमोरियल ओपन शतरंज टूर्नामेंट

लखनऊ। लखनऊ के 16 साल के खिलाड़ी संयम श्रीवास्तव ने चतुर्थ सुनीता वर्मा मेमोरियल ओपन शतरंज टूनामेंट में बोर्ड पर बेहतरीन खेल दिखाते हुए सर्वाधिक 6.5 अंक के साथ विजेता ट्रॉफी जीत ली। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूनामेंट के अंतिम राउंड में सीएमएस गोमती नगर कैंपस-1 के संयम के खिलाफ राज्य कर कार्यालय के पवन बाथम ने ड्रा खेला और 5.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में मोहम्मद इरफान ने जीत दर्ज की जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए रेटेड खिलाड़ियों के खिलाफ तीन जीत के साथ उच्च रेटिंग वाले केके खरे के साथ ड्रॉ खेला। जूनियर वर्ग में कानपुर के ईशान वाल 6 अंकों के साथ विजेता रहे जबकि सेंट फ्रांसिस से आराध्या अग्रवाल को 5.5 अंकों के साथ दूसरा स्थान मिला। वहीं जूनियर वर्ग में स्टार खिलाड़ी दक्ष मलिक बने जिन्होंने शारीरिक बाध्यताओं के बावजूद खेलना चुना और 5 अंक हासिल करते हुए सभी के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। महिला वर्ग में करामत हुसैन गर्ल्स कॉलेज की शिवांगी ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। अंडर-12 आयु वर्ग में एसआर ग्लोबल के कुंवर प्रणव सिंह और डीपीएस एल्डिको के अद्विक शुक्ला संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। इसके अलावा डीपीएस जानकीपुरम की सुचित्रा टंडन और डीपीएस एल्डिको के वेदांत मिश्रा ने 4.5-4.5 अंक हासिल करते हुए क्रमशः अनरेटेड और अंडर-16 रेटेड वर्गों में पहला स्थान हासिल किया।

### मानिनी, ऐश्वर्य राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अव्वल

नयी दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और मानिनी कौशिक सोमवार को राइफल पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) के पहले दिन 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में शीर्ष रहे। मानिनी महिला वर्ग में 50 मीटर राइफल प्रोन टी। में 625 स्कोर लेकर शीर्ष रही। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन दूसरे और केरल की विदर्सा के विनोद तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में स्पर्धा इतनी कड़ी थी कि पांचवें से आठवें स्थान के निशानेबाजों में महज 0 . 7 अंक का अंतर था। झारखंड की सुप्रिया कुमारी (621.7) चौथे स्थान और सेना निशानेबाजी ईकाई की प्रिया (620 . 7) पांचवें स्थान पर थी जबकि पंजाब की सिफत कौर सामरा (620 . 4) आठवें स्थान पर रही। पुरूषों के 50 मीटर राइफल प्रोन ट्रायल। में ऐश्वर्य 629.6 अंक के साथ शीर्ष पर रहे।

# मुंबई इंडियंस व दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी करने पर

एजेंसी



वडोदरा। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं।

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी। गुजरात जायंट्स पर सात विकेट से मिली जीत ने मुंबई इंडियंस के अभियान को कुछ गति प्रदान की, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ लगातार दो हार से उसकी टीम बैकफुट पर चली गई। मुंबई हालांकि अभी पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी चिंता पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। हेली मैथ्यूज के चोटिल होने और शीर्ष क्रम में अमेलिया केर और जी कमलिनी के साथ किए गए असफल प्रयोगों के कारण मुंबई इंडियंस का टूर्नामेंट में पावरप्ले में रन रेट सबसे कम (6.50) रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नहीं चल पाने के कारण कप्तान हरमनप्रीत और नैट साइवर-ब्रंट पर बोझ बढ़ गया।

जब भी इन दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तब मुंबई इंडियंस को संघर्ष करना पड़ा। मुंबई इंडियंस में इस बीच अपनी अंतिम एकादश में लगातार बदलाव किए जिससे टीम के अंदर अस्थिरता की भावना बढ़ गई। उसकी फील्डिंग भी निराशाजनक रही है। पांच मैचों में 10 कैच छोड़ने से उसे महत्वपूर्ण मौकों पर नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर पिछले सत्र की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में तीन हार के साथ तालिका में सबसे नीचे है। उसने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की। उसे एकमात्र जीत यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मिली, लेकिन पिछले मैच में 166 रन पर आउट होने के बाद आरसीबी से आठ विकेट से मिली हार ने उसकी प्रगति पर फिर से विराम लगा दिया। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के मध्य क्रम में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण दिल्ली को नुकसान हुआ है। लौरा वोल्वार्ट भी पिछले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगी। टूर्नामेंट का लीग चरण अब महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच गया है।

# अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा : गिल

एजेंसी



इंदौर। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। गिल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। राही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा। भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। इस मैच में विराट कोहली के शतक ने कुछ समय के लिए मैच का रुख पलटने की उम्मीद जगाई थी। गिल बार-बार न्यूजीलैंड के दृष्टिकोण के साथ तुलना का मुद्दा उठाते रहे। उन्होंने कहा, जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है। रविंद्र जडेजा पिछले कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन गिल ने कहा कि हार के लिए सभी खिलाड़ी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा जड्डू भाई बल्ले सो अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन बात सिर्फ उनकी नहीं थी। मुझे नहीं लगता कि हमारे किसी भी बल्लेबाज ने अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में कामयाबी हासिल की। ऐसी पिचों पर अगर आप अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाते तो आपको हमेशा मैच में पिछड़ना पड़ता है। गिल ने यह भी स्वीकार किया कि जडेजा का विकेट लेने का प्रभाव अब पहले जैसा नहीं रहा है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ साल में जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की है, वह हमेशा हमारे लिए पर मुख्य विकल्प थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह उतने विकेट नहीं ले सके जितने वह लेना चाहते थे, लेकिन इस तरह की श्रृंखला में ऐसा होता रहता है। आप इससे सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं। भारत की फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही और गिल ने स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण क्षणों में मौकों का फायदा नहीं उठाने के कारण उनकी टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, हमने मैच के अहम मौकों पर कुछ कैच छोड़ दिए। ऐसी विकेटों पर गेंदबाज मौके बनाने की कोशिश करते हैं और जब कैच छूट जाते हैं तो स्थिति मुश्किल हो जाती है। कोई भी जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता, लेकिन यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें वाकई सुधार करना होगा। रोहित शर्मा इस श्रृंखला में केवल 61 रन ही बना पाए लेकिन गिल ने इस सीनियर बल्लेबाज का पूरा समर्थन किया। भारतीय कप्तान ने कहा, वह बहुत अच्छी फॉर्म में हैं।

# नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा

## कांग्रेस वीबी-जी राम जी के बारे में झूठ फैला रही: शिवराज चौहान

नयी दिल्ली। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी पर विकसित भारत-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा।



यहां संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने मनरेगा की जगह लेने वाले नये अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष यह झूठ फैला रहा है कि इस योजना के तहत रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में 10 जनवरी को 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की। विपक्षी दल विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग कर रहा है। चौहान ने कहा कि मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से कहना चाहता हूं कि वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाकर वे कांग्रेस को मजबूत नहीं बल्कि कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपने विचार, विचारधारा और आदर्श को त्याग दिया है राष्ट्र सर्वोपरि, देश के विकास के विचार के साथ वीबी-जी राम जी गांवों के विकास के लिए है। चौहान ने कहा, हमने मनरेगा को बेहतर बनाने की कोशिश की। इसका सबूत यह है कि हमने लगभग नौ लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि संप्रग सरकार ने लगभग दो लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। चौहान ने दावा किया कि मनरेगा के तहत सृजित लगभग 10 करोड़ संपत्तियों में से लगभग 8.5 करोड़ संपत्तियां नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाई गईं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कहना झूठ है कि काम के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 100 दिन काम के बजाए, अब 125 दिन काम दे रहे हैं सिर्फ काम करने का अधिकार ही नहीं, हमने 15 दिनों के भीतर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया है आपने कागज़ पर अधिकार दिया, हमने ज़मीनी स्तर पर इसे और मज़बूत किया है। वे यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि रोजगार सिर्फ कुछ पंचायतों में ही दिया जाएगा।

मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह योजना सभी पंचायतों में लागू की जाएगी। विपक्षी दलों और कार्यकर्ताओं द्वारा आलोचना किए जा रहे 60:40 केंद्र-राज्य निधि अनुपात पर चौहान ने कहा, राज्यों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। केंद्र पहले से ही अधिक धन दे रहा है। राज्य जो निवेश करेंगे वह गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए।,51,282 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है, जिसमें से 95,600 करोड़ रुपये से अधिक केंद्र सरकार द्वारा दिए जाएंगे। विपक्षी दलों द्वारा योजना के मांग-आधारित स्वरूप को कमजोर किए जाने संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए चौहान ने स्पष्ट किया कि मॉडल मांग आधारित ही रहेगा।

# चीन की आबादी में लगातार चौथे वर्ष कमी आई एक संतान नीति को जिम्मेदार ठहराया जा रहा

बैंकॉक। चीन की जनसंख्या लगातार चौथे वर्ष घटी है क्योंकि 2025 में जन्म दर एक दशक पहले की तुलना में लगभग एक करोड़ कम हो गई। इस प्रवृत्ति के लिए व्यापक रूप से एक-संतान नीति के दीर्घकालिक प्रभावों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।




राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 2025 में केवल 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जबकि 2024 में यह संख्या 95.4 लाख थी यानी 2025 में 17 प्रतिशत की गिरावट आई। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह 1949 में आबादी का रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से सबसे कम जन्म दर है और 2023 में दर्ज न्यूनतम जन्म दर के पिछले रिकॉर्ड से भी निचले स्तर पर है। 2023 में ही चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया था। चीन की मौजूदा प्रजनन दर के आधार पर, संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग ने 2024 में अनुमान लगाया था कि वर्ष 2100 तक चीन की जनसंख्या में 63.3 करोड़ की कमी आएगी। सोमवार को जारी एनबीएस के आंकड़ों के अनुसार, चीन की कुल जनसंख्या 2025 में 33.9 लाख घटकर 1.4049 अरब हो गई, जो एक वर्ष पहले 1.4083 अरब थी। इसके अलावा, चीन वर्तमान में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी की समस्या से जूझ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2024 के अंत तक चीन में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या 31 करोड़ तक पहुंच गई थी। 2035 तक, इस आयु वर्ग के लोगों की संख्या 40 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। पिछले वर्ष की जनसंख्या में अब तक की सबसे तेज वार्षिक गिरावट दर्ज की गई, जो 1959 से 1961 तक चीन में पड़े भीषण अकाल के दौरान हुई गिरावट को छोड़कर सबसे अधिक है। इस बीच, पिछले वर्ष लगभग 1.13 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई जो पिछले पांच दशकों में सबसे अधिक है। चीन के गंभीर जनसांख्यिकीय संकट का कारण सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा दशकों से अपनाई गई एक-संतान नीति को माना जा रहा है। जनसांख्यिकीय संकट के अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका के बीच, चीन ने 2016 में एक-संतान नीति को समाप्त कर दिया और सभी दंपतियों को दो बच्चे पैदा करने की अनुमति दी थी।

## संक्षेप

### भिखारी के लाखों रुपये देख दंग रहे अधिकारी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में प्रशासन ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के दौरान कुष्ठ रोग से जूझ रहे 50 वर्षीय भिखारी को बचाया है और शुरुआती तौर पर पता चला है कि वह तीन मकान, एक कार और तीन ऑटो रिक्शा समेत लाखों रुपये की संपत्ति का मालिक है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने इंदौर में भीख लेने के साथ ही भीख देने और भिखारियों से कोई सामान खरीदने तक पर कानूनी रोक लगा रखी है और उसका दावा है कि शहर भिक्षुकमुक्त है। महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि आम लोगों की सूचना पर सर्राफा क्षेत्र से एक कुष्ठ रोगी को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए बचाया गया है। मिश्रा, भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के नोडल अधिकारी हैं। उन्होंने बताया, हमें पता चला है कि इस व्यक्ति के पास तीन पक्के मकान हैं। इनमें तीन मंजिलों वाला एक भवन शामिल है। इसके अलावा, उसके पास तीन ऑटो रिक्शा हैं जिन्हें उसने किराये पर दे रखा है। मिश्रा के मुताबिक, इस व्यक्ति के पास एक कार भी है जिसमें बैठकर वह भीख मांगने जाता है और इसके लिए उसने चालक रखा हुआ है। कुष्ठ रोग से जूझ रहा यह व्यक्ति पहियों के सहारे घिसटने वाली गाड़ी पर बैठकर भीख मांगता है।

# स्पेन में दो रेलगाड़ियों की टक्कर में 39 लोगों की मौत

आदमुज (स्पेन)। स्पेनिश पुलिस ने सोमवार को बताया कि देश के दक्षिणी हिस्से में गत रात एक उच्च गति वाली ट्रेन की टक्कर में कम से कम 39 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

अधिकारियों के अनुसार, शवों को निकालने का अभियान अब भी जारी है तथा मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। रेल संचालक एडिफ के अनुसार, यह हादसा रविवार शाम करीब 7:45 बजे हुआ, जब मलागा से राजधानी मैड्रिड जा रही लगभग 300 यात्रियों को ले जा रही ट्रेन का पिछला हिस्सा पटरी से उतर गया। इसके बाद वह मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएल्वा जा रही सामने से आ रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गयी। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने कहा कि दूसरी ट्रेन का अगला हिस्सा, जिसमें करीब 200 यात्री सवार थे, टक्कर से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। इस टक्कर के कारण ट्रेन की पहली दो बोगियां पटरी से उतर गईं और करीब चार मीटर गहरी ढलान से नीचे जा गिरीं। पुएंते ने कहा कि मृतकों की सबसे अधिक संख्या इन्हीं बोगियों में होने की आशंका है। अंडालूसिया क्षेत्र के अध्यक्ष जुआनमा मोरेनो ने सोमवार सुबह बताया कि आपातकालीन सेवाएं अब भी उस जगह पर तलाशी अभियान चला रही हैं।

# ईरानः हैकर्स ने उपग्रह प्रसारण को निशाना बनाया

दुबई। हैकर्स ने ईरान के सरकारी टेलीविजन के उपग्रह प्रसारण को बाधित कर देश के निर्वासित युवराज का समर्थन करने और सुरक्षा बलों से ‛लोगों पर हथियार न तानने’ का आह्वान करने वाला फुटेज प्रसारित किया।



ऑनलाइन उपलब्ध फुटेज में सोमवार सुबह यह जानकारी सामने आई। रविवार रात ईरान के कई सैटेलाइट चैनलों पर एक वीडियो संदेश प्रसारित हुआ। वीडियो में निर्वासित युवराज रज़ा पहलवी के दो क्लिप दिखाए गए। इसके बाद एक क्लिप में ऐसे लोगों और सुरक्षा बलों के दृश्य शामिल थे जो ईरानी पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे थे। वीडियो में बिना कोई सबूत पेश किए यह दावा किया गया कि कुछ लोगों ने अपने हथियार रख दिए हैं और जनता के प्रति निष्ठा की शपथ ली है। इसमें एक संदेश में लिखा था, यह सेना और सुरक्षा बलों के लिए संदेश है। जनता पर हथियार न तानें। ईरान की आज़ादी के लिए राष्ट्र के साथ जुड़ें। वहीं देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड की करीबी मानी जाने वाली अर्धसरकारी समाचार एजेंसी फार्स ने राज्य प्रसारक के एक बयान का हवाला देते हुए स्वीकार किया कि देश के कुछ क्षेत्रों में अज्ञात स्रोत के कारण सिग्नल क्षण भर के लिए बाधित हो गया था। हालांकि उसने यह नहीं बताया कि क्या प्रसारित किया गया था। पहलवी के कार्यालय ने हैकिंग के बारे में एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का जवाब नहीं दिया। पहलवी ने अपने संदेश में कहा, सेना के लिए मेरा एक विशेष संदेश है। आप ईरान की राष्ट्रीय सेना हैं, इस्लामी गणराज्य की सेना नहीं। आपको अपनी जान की रक्षा करने का कर्तव्य है। आपके पास ज्यादा समय नहीं बचा है।

# साल 2025 में अल्पसंख्यकों से जुड़ी ज्यादातर घटनाएं गैर-सांप्रदायिक थीं : बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश में 2025 के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों से जुड़ी ज्यादातर घटनाएं ‛आपराधिक प्रकृति’ की थीं और सांप्रदायिक उद्देश्यों से प्रेरित नहीं थीं। अंतरिम सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बयान से कुछ दिन पहले, नौ जनवरी को भारत ने ढाका पर दबाव डाला कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों से तेजी से और दृढ़ता से निपटे। भारत ने घटनाओं को बाहरी कारणों से जोड़ने के प्रयासों को चिंताजनक बताया था। पिछले कुछ हफ्तों में बांग्लादेश में कई हिंदुओं की हत्या की पृष्ठभूमि में भारत ने यह प्रतिक्रिया दी थी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के कार्यालय द्वारा जारी बयान में आधिकारिक पुलिस रिकॉर्ड की एक साल की समीक्षा का हवाला देते हुए कहा गया है कि जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच समूचे बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़ी कुल 645 घटनाएं दर्ज की गईं। लेकिन आंकड़े एक स्पष्ट और साक्ष्य-आधारित तस्वीर पेश करते हैं।

# काम के अधिकार को रेवड़ी बना देगी मोदी सरकार

## खरगे व राहुल का ग्रामीणों के नाम पत्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह लाए गए विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम का विरोध करते हुए दावा किया है कि देश की ग्रामीण आबादी के लिए काम अब रेवड़ी बन जाएगा, जिसे सरकार चाहेगी, उसे काम मिलेगा तथा अब यह लोगों का अधिकार नहीं रह जाएगा।

ग्रामीण लोगों को लिखे पत्र में कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं ने आरोप लगाया है कि उनके काम करने का अधिकार चोरी किया जा रहा है तथा इस नए कानून के माध्यम से राज्यों पर वित्तीय बोझ डाला जा रहा है। खरगे और राहुल गांधी द्वारा



लिखा गया पत्र कांग्रेस के उस देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्रामै का हिस्सा है, जिसमें पहले के कानून की बहाली की मांग की गई है। यह अभियान 10 जनवरी को शुरू किया गया था और 25 फरवरी तक जारी रहेगा। कांग्रेस ने अपने सभी राज्य इकाई प्रमुखों से इस पत्र का सभी स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करने के बाद इसे ग्रामीण लोगों के बीच वितरित करवाने के लिए कहा है। पत्र में कहा गया है कि 20 साल पहले मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) बनाकर काम करने के संवैधानिक अधिकार को जीवंत कर दिया था। दोनों नेताओं के मुताबिक, मनरेगा ने 180 करोड़ से अधिक दिनों का काम सृजित किया है।

# कांगड़ा की झील में मिली पक्षियों की दो नयी प्रजातियां

धर्मशाला। कांगड़ा जिला स्थित पोंग डैम झील में पक्षियों की कम से कम दो नई प्रजातियों का पता चला है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, वन्यजीव विभाग द्वारा उक्त पक्षियों की अभी तक पहचान नहीं की गई है। सूचना मिलते ही वन्यजीव विभाग की एक टीम ने पक्षियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। धर्मशाला वन्यजीव मंडल के वन संरक्षक सरोज भाई पटेल ने बताया कि हर साल सर्दियों के मौसम में, पक्षी विदेशों से पोंग डैम झील आते हैं। उन्होंने कहा, जब भी यहां पक्षियों की कोई नई प्रजाति पाई जाती है, तो उसे विभाग के आधिकारिक अभिलेखों में दर्ज किया जाता है।

## भाजपा का विपक्षी दल पर न्यायपालिका को निशाना बनाने का आरोप

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने जमानत के संदर्भ में पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधान न्यायाधीश के पद पर रहते हुए उन्हें सही चीज करने से किसने रोका था। कांग्रेस प्रवक्ता और पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि उमर खालिद की जमानत याचिका 2023 में दायर की गई थी, लेकिन जब चंद्रचूड़ प्रधान न्यायाधीश थे तब इस पर 10 से अधिक बार सुनवाई स्थगित की गई थी। उनका कहना था, यदि त्वरित सुनवाई संभव नहीं है तो जमानत नियम होना चाहिए, अपवाद नहीं। एक साहित्य महोत्सव में शानदार शब्दउ लेकिन किसने उन्हें सही चीज करने से रोका? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधान न्यायाधीश के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, 2023 में उच्चतम न्यायालय में (उमर खालिद की) जमानत याचिका दायर की गई थी, जिसे 10 से अधिक बार स्थगित किया गया था। उन्होंने इस जमानत याचिका को बेला त्रिवेदी की पीठ को भेजा था, यह जानते हुए कि इसका क्या हश्र होगा। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक निकायों पर हमला कर रही है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, वोटबैंक के नाम पर शरजील-उमर बचाओ गैंग काम पर। कांग्रेस अब उच्चतम न्यायालय के विवेक पर सवाल उठाती है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ पर हमला करती है। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी पर हमला करती है। उनकी ईमानदारी पर सवाल उठा रही है। चंद्रचूड़ ने रविवार को जयपुर साहित्यिक महोत्सव में कहा था कि दोषसिद्धि से पहले जमानत प्राप्त करना एक नागरिक का अधिकार है।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com